✷ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

अपना प्रदेश, अपनी बात

✷ पटना संस्करण

✷ रजि. नंबर : 52290/90 ✷ वर्ष : 36 ✷ अंक : 197 ✷ पृष्ठ : 12 ✷ औरंगाबाद, रविवार, 14 दिसम्बर 2025 ✷ मूल्य : 3.00 रुपये ✷ औरंगाबाद एवं बोकारो से प्रकाशित ✷ www.navbihartime.com



बिहार पुलिस अकादमी, राजगीर में प्रशिक्षु पुलिस अवर निरीक्षक के दीक्षांत परेड समारोह में भाग लेते मुख्यमंत्री नीतीश कुमार

## संक्षिप्त समाचार

### रेलवे में 22 हजार पदों के लिए जल्द निकाली जाएंगी रिक्तियां

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** रेलवे की प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी करने वाले लाखों युवाओं के लिए नौकरी पाने का सुनहरा मौका है। रेल मंत्रालय ने काफी दिनों के बाद लेवल एक की रिक्तियां बड़ी संख्या में निकालने की मंजूरी प्रदान कर दी है। रेल मंत्रालय ने 11 अलग-अलग श्रेणियों में कुल 22 हजार लेवल-1 पदों पर नई नियुक्तियों की अनुमति प्रदान की है। रेलवे बोर्ड ने इसकी अधिकारिक अधिसूचना भी जारी कर दी है। भर्ती में पूर्व मध्य रेलवे में 993 पद, दक्षिण पूर्व रेलवे में 1,199 पद आवंटित किए गए हैं। आरआरबी महेन्द्रू के चेयरमैन संजय कुमार ने बताया कि पद सृजित कर लिए गए हैं। इसी वर्ष की वैकेंसी है तो उम्मीद है कि दिसंबर के अंत या जनवरी के पहले सप्ताह में आवेदन की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी।

### पटना को बनाया जाएगा मॉडल राजस्व जिला

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग ने पटना को मॉडल राजस्व जिला बनाने का निर्णय लिया है। उपमुख्यमंत्री सह राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने पटना समाहरणालय के सभागार में पटना जिले की समीक्षा की। बैठक में विभाग के प्रधान सचिव सीके अनिल, सचिव जय सिंह सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे। समीक्षा बैठक में उपमुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में 94 प्रतिशत लघु-सीमांत किसान, 76 प्रतिशत आबादी कृषि पर निर्भर और 68 प्रतिशत अपराध जमीन विवाद से जुड़े हैं। ऐसे में भूमि संबंधी समस्याओं का समयबद्ध निपटारा सुशासन की इस सरकार के लिए अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि भूमि सुधार जनकल्याण संवाद में बड़ी संख्या में लोग विभागीय खामियों से परेशान होकर पहुंचे, अब यह नहीं चलेगा।

### खाद दुकानदार की घातक हथियार से हत्या

**आरा(भोजपुर)।** भोजपुर जिले के तियर थाना अंतर्गत जादोपुर गांव में शुक्रवार की देर रात एक खाद दुकानदार की घातक हथियार से सिर पर वार कर हत्या कर दिए जाने से इलाके में सनसनी फैल गई। शनिवार की सुबह गांव स्थित एक अर्द्धनिर्मित मकान से शव बरामद होने के बाद पूरे क्षेत्र में दहशत का माहौल है। मृतक की पहचान परमात्मा सिंह के रूप में की गई है, जो पेशे से खाद दुकानदार थे।

### पुल के नीचे बोरे में मिले दो अज्ञात शव

**सीवान(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के जी.बी. नगर थाना अंतर्गत सिसवा चंवर में अपराधियों ने दो लोगों की बेरहमी से हत्या कर पुलिस को खुली चुनौती दी है। बदमाशों ने दोनों व्यक्तियों की गला रेतकर हत्या करने के बाद शवों को बोरे में भरकर पुल के नीचे पानी में फेंक दिया। इस खौफनाक वारदात से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई है और दहशत का माहौल कायम हो गया है। फिलहाल दोनों शवों की शिनाख्त नहीं हो सकी है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि जांच पूरी होने के बाद ही पूरे मामले का खुलासा किया जाएगा।

### बिहार पुलिस को मिले 1218 नए सब इंस्पेक्टर, तीन ट्रांसजेंडरों ने रचा इतिहास

# प्रशिक्षित व संवेदनशील पुलिस बल समय की आवश्यकता : नीतीश

**राजीव कु. वर्मा/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** राजगीर स्थित बिहार पुलिस अकादमी में 2023 बैच के 1218 प्रशिक्षु सब-इंस्पेक्टरों का भव्य दीक्षांत समारोह आयोजित किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने परेड की सलामी ली और नवनियुक्त दरोगाओं को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री सह गृह मंत्री सम्राट चौधरी, मंत्री विजय चौधरी और मंत्री श्रवण कुमार भी मंच पर मौजूद रहे। मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि बदलते अपराध के दौर में पुलिस की भूमिका और जिम्मेदारी बढ़ गई है, ऐसे में प्रशिक्षित और संवेदनशील पुलिस बल समय की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि समाज में कानून-व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस की महत्वपूर्ण भूमिका है। आप सभी ने अच्छे ढंग से प्रशिक्षण प्राप्त किया है। मुझे भरोसा है कि आप अपने कर्तव्यों का



निर्वहन पूरी निष्ठा, ईमानदारी, संवेदनशीलता और अनुशासन के साथ करेंगे। मुख्यमंत्री ने प्रशिक्षण के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करनेवाले प्रशिक्षु पुलिस अवर निरीक्षकों को पुरस्कृत किया। इस दौरान अंकित कुमार को बेस्ट प्रोवेशनर ओवरअल, रुपेश कुमार को बेस्ट प्रोवेशनर आउटडोर, अंकित कुमार को बेस्ट प्रोवेशनर इंडोर एवं मीना कुमारी को बेस्ट प्रोवेशनर परेड कमांडर के रूप में पुरस्कृत किया गया। दीक्षांत परेड कार्यक्रम के दौरान प्रशिक्षु पुलिस अवर निरीक्षकों को शपथ दिलाई गई। वजरोही वाहकों ने राष्ट्रीय ध्वज और एकेडमी ध्वज को लेकर परेड में प्रदर्शन किया। साथ ही प्रशिक्षु पुलिस अवर निरीक्षकों ने बेहतर परेड का प्रदर्शन कर लोगों का मन जीत लिया। वहां उपस्थित लोगों ने ताली बजाकर उनका उत्साहवर्द्धन किया। इस दीक्षांत समारोह में तीन ट्रांसजेंडर प्रशिक्षु बंटी कुमार, मधु कश्यप और रॉनित झा ने भी भाग लेकर इतिहास रचा। कुल 1218 प्रशिक्षु दरोगाओं में 779 पुरुष, 436 महिलाएं और 3 ट्रांसजेंडर अधिकारी शामिल हैं। इसके अलावा खेल कोटा से चयनित 23 प्रशिक्षु तथा झारखंड कैडर के 4 प्रशिक्षु भी इस बैच का हिस्सा हैं। समारोह में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रशिक्षुओं को विशेष सम्मान दिया गया। अंकित कुमार को सीएम पिस्टल और बैटल से सम्मानित किया गया। रूपेश कुमार को तलवार प्रदान की गई। मीना कुमारी को बेस्ट परेड कमांडर अवॉर्ड से नवाजा गया। पुलिस प्रशिक्षण केंद्र के निदेशक आर. मलर विल्ली ने बताया कि बदलते अपराध के स्वरूप को ध्यान में रखते हुए इस बैच को इंडोर और आउटडोर दोनों तरह का आधुनिक और कठोर प्रशिक्षण दिया गया है, ताकि वे फील्ड में हर चुनौती का सामना कर सकें। दीक्षांत समारोह के साथ ही ये 1218 प्रशिक्षु अब बिहार पुलिस बल में शामिल होकर कानून-व्यवस्था बनाए रखने की जिम्मेदारी संभालेंगे।

## सीएम नीतीश कुमार ने नवगठित तीन विभागों की बांटी जिम्मेदारी

- मंत्री सुनील कुमार उच्च शिक्षा विभाग एवं संजय सिंह 'टाइगर' को मिली रोजगार एवं कौशल विकास विभाग की जिम्मेदारी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार में हाल ही में गठित तीन नए विभागों का बंटवारा कर दिया है। कैबिनेट से पास होने के बाद नवगठित इन तीनों विभागों को तीन अलग-अलग मंत्री संभालेंगे। शनिवार को मंत्रिमंडल सचिवालय की ओर से अधिसूचना जारी कर दी गयी है। खास बात यह है कि तीन में से एक विभाग सीएम नीतीश कुमार ने खुद के पास रखी है। उन्होंने सिविल विमानन विभाग की जिम्मेदारी अपने पास यानी रखी। वहीं शिक्षा विभाग के मंत्री सुनील कुमार को अब नवगठित उच्च शिक्षा विभाग की जिम्मेदारी भी सौंपी गई है। श्रम संसाधन विभाग देख रहे मंत्री संजय सिंह 'टाइगर' को नवगठित रोजगार एवं कौशल विकास विभाग की जिम्मेदारी भी सौंपी गई है। नई अधिसूचना के अनुसार जदयू कोटे से मंत्री बने सुनील कुमार अब शिक्षा, विज्ञान, प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा के अलावा उच्च शिक्षा की कमान भी संभालेंगे। इसी तरह भाजपा कोटे से मंत्री बने संजय सिंह टाइगर श्रम संधाधन एव प्रवासी श्रमिक कल्याण के साथ युवा रोजगार एवं कौशल विकास की जिम्मेदारी संभालेंगे। इसी तरह भाजपा कोटे से मंत्री बने अरुण शंकर प्रसाद पर्यटन और कला एवं संस्कृति विभाग की जिम्मेदारी संभालेंगे। वहीं भाजपा कोटे से मंत्री बने सुरेंद्र मेहता डेयरी, मत्स्य एवं पशु संसाधन विभाग की जिम्मेदारी संभालेंगे। मंत्रिमंडल सचिवालय की ओर से जारी अधिसूचना में बताया गया है कि मंत्रियों के बीच यह पुनर्विभाजन तीन नए विभागों के गठन के बाद किया गया है ताकि प्रशासनिक कामकाज को और अधिक प्रभावी और सुचारु बनाया जा सके। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा था कि अगले 5 वर्षों (2025-30) में एक करोड़ युवाओं को नौकरी एवं रोजगार देने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसी उद्देश्य से राज्य में तीन नए विभाग, युवा, रोजगार एवं कौशल विकास विभाग, उच्च शिक्षा विभाग, नागर विमानन विभाग के गठन का निर्देश दिया गया है।

## माइक्रो फाइनेंस कंपनी के कर्मचारी से 17 लाख रुपये की लूट

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मुजफ्फरपुर।** बिहार में अपराधियों का तांडव लगातार जारी है। इसका उदाहरण मुजफ्फरपुर में देखने को मिला। शनिवार की सुबह बेखौफ अपराधियों ने गन पॉइंट पर 17 लाख रुपये की लूट की बड़ी वारदात को अंजाम दिया। लूट की यह घटना कपरपुरा रेलवे गुमटी के पास न्यू फोर लेन रोड, लालू राबड़ी मोड़ के नजदीक हुई। यहां माइक्रो फाइनेंस कंपनी के एक कर्मचारी से नकदी से भरा बैग लूट लिया गया। वारदात के बाद इलाके में हड़कंप मच गया। पीड़ित कर्मचारी की पहचान विक्रम कुमार के रूप में हुई है। उसने पुलिस को बताया कि वह जमालाबाद और चांदनी चौक क्षेत्र से कलेक्शन के रूप में 17 लाख रुपये नकद लेकर आगे वितरण के लिए जा रहा था। इसी दौरान काले रंग की बाइक पर सवार दो अपराधी वहां पहुंचे। दोनों ने हेलमेट पहन रखा था। घटना की सूचना मिलते ही एसडीपीओ पश्चिमी सुचित्रा कुमारी पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचीं। पुलिस ने पीड़ित से पूछताछ की और आसपास के इलाकों में नाकेबंदी कराई। साथ ही अपराधियों की पहचान के लिए घटनास्थल और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले जा रहे हैं। पुलिस का दावा है कि सीसीटीवी फुटेज और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर जल्द ही अपराधियों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा। फिलहाल पूरे मामले की गहन जांच जारी है।

## लालू यादव की अवैध संपत्ति होगी जब्त : सम्राट चौधरी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार के उपमुख्यमंत्री और गृह विभाग की जिम्मेदारी संभाल रहे सम्राट चौधरी के बयान से सियासी भूचाल आ गया है। एक निजी चैनल के कार्यक्रम में बोलते हुए उन्होंने ऐलान किया है कि राष्ट्रीय जनता दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव की संपत्ति को जब्त किया जाएगा। डिप्टी सीएम के इस बयान से राजद में हड़कंप मचा है। सम्राट चौधरी ने कहा कि मैंने तो चुनाव से पहले भी कहा था कि लालू यादव की संपत्ति को सरकार जब्त करेगी। संपत्ति जब्त करके बिहार के गरीबों के लिए स्कूल खोला जाएगा। साथ ही सम्राट चौधरी ने लालू यादव को पंजीकृत अपराधी करार दिया है। बिहार के उपमुख्यमंत्री और गृह मंत्री सम्राट चौधरी ने कहा है कि बिहार में जो कोई



अवैध तरीके से संपत्ति अर्जित करेगा, उसे सरकार जब्त करेगी। सम्राट चौधरी ने कहा कि लालू प्रसाद यादव ने भी अवैध तरीके से अकूत संपत्ति अर्जित की है। उनकी संपत्ति को जब्त कर जमीन पर स्कूल खोला जाएगा। सरकार इसके लिए तैयारी भी कर रही है। उन्होंने कहा कि अपराधी कोई भी हो, बड़ा से बड़ा आदमी हो या छोटा से छोटा आदमी, उसको जेल में रहना पड़ेगा और संपत्ति भी जनता को देना ही पड़ेगा। बता दें कि लालू यादव अवैध संपत्ति मामले में आरोपों के घेरे में हैं। जांच एजेंसियां उनके खिलाफ जांच भी कर रही है। बिहार में एनडीए की सरकार ने लालू प्रसाद यादव द्वारा अर्जित अवैध संपत्ति को जब्त करने की तैयारी कर ली है। जब्त संपत्ति में शिक्षण संस्थान खोलने की योजना है। जमीन के बदले नौकरी मामले में प्रवर्तन निदेशालय के द्वारा कार्रवाई जारी है। भाजपा के बयान का जनता दल यूनाइटेड ने भी समर्थन किया है। पूर्व मंत्री और जदयू के मुख्य प्रवक्ता नीरज कुमार ने कहा है कि लालू प्रसाद यादव ने अवैध तरीके से संपत्ति अर्जित की है। उनके द्वारा अर्जित की गई संपत्ति को तत्काल प्रवर्तन निदेशालय को अटैच करना चाहिए।

## तीन बार ट्रैफिक नियम तोड़ा तो जब्त होगा लाइसेंस

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** बिहार के लोगों के लिए एक चेतावनी है। अब यहां यातायात नियमों की अनदेखी तो ये गलती अब भारी पड़ने वाली है। अगर आप जानबूझ गलती करने का शौक रखते हैं तो जरा संभल जाएं क्योंकि आपने तीन बार से अधिक ट्रैफिक नियम तोड़ दिए हैं तो आपका नाम परिवहन विभाग की वेबसाइट पर सार्वजनिक कर दिया जाएगा और लाइसेंस भी जब्त कर लिया जाएगा। इतना ही नहीं डाइविंग लाइसेंस तब तक जब्त रहेगा जब तक आप ड्राइविंग की एक माह की अनिवार्य यातायात ट्रेनिंग पूरी नहीं कर लेते। इसके बाद आपको एक प्रमाणपत्र दिया जाएगा। परिवहन विभाग की ओर से इस दिशा पर सख्त फैसला लेते हुए सभी जिलों के डीटीओ कार्यालयों में प्रशिक्षण केंद्र स्थापित करने का निर्णय लिया है।

## 150 से अधिक भगोड़े डॉक्टरों के खिलाफ शुरू हुई कार्रवाई

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** स्वास्थ्य विभाग राज्य में ड्यूटी से भगोड़े डॉक्टरों के खिलाफ कार्रवाई करने की तैयारी कर चुकी है। ड्यूटी से लगातार अनुपस्थित रहने वाले ऐसे 150 से अधिक डॉक्टरों से अपना पक्ष रखने का मौका दिया गया है। ऐसे चिकित्सकों का स्पष्टीकरण नहीं मिलने के बाद उनको सेवा से बर्खास्त करने की कार्रवाई सरकार करेगी। स्वास्थ्य विभाग के अवर सचिव उपेंद्र राम ने ऐसे चिकित्सकों को 15 दिनों के अंदर अपना पक्ष रखने का मौका दिया है। उसके बाद उनके खिलाफ एक पक्षीय कार्रवाई की साफ चेतावनी दी गयी है। बिहार सेवा संहिता 1950 के नियम 74 में प्रावधान है कि कोई भी सरकारी सेवक अपने कर्तव्य से लगातार पांच सालों तक अनुपस्थित रहता है, तो उसकी सेवा समाप्त हो जाती है। स्वास्थ्य विभाग में काम करने वाले चिकित्सकों ने नियम कानून की धज्जियां उड़ाते हुए कोई नौ साल से बिना सूचना दिये ड्यूटी से गायब है, तो किसी ने योगदान करने के बाद बिना किसी सूचना के अभी तक अस्पताल में ड्यूटी के लिए पहुंचा ही नहीं है।

## सिविल सेवा में बिहार के युवाओं का दबदबा कायम, राज्य से निकले 15 आइएएस

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** सिविल सेवा परीक्षा के नतीजों में एक बार फिर बिहार ने शानदार प्रदर्शन किया है। इस बार राज्य से कुल 15 उम्मीदवार आइएएस बने हैं। यह उपलब्धि न सिर्फ इन युवाओं के लिए बल्कि पूरे बिहार के लिए गर्व की बात है। हर साल की तरह इस बार भी बिहार के छात्रों ने यह दिखा दिया कि कड़ी मेहनत और सही दिशा में तैयारी से कोई भी मुकाम हासिल किया जा सकता है। बिहार लंबे समय से सिविल सेवा की तैयारी का बड़ा केंद्र माना जाता रहा है। पटना, गया और मुजफ्फरपुर जैसे शहरों से निकलकर कई छात्र दिल्ली और अन्य बड़े कोचिंग हब तक पहुंचते हैं। इस बार बिहार से बने 15 आइएएस अधिकारियों को भी अलग-अलग राज्यों का कैडर मिलने जा रहा है, जिसे लेकर उम्मीदवारों और उनके परिवारों में खासा उत्साह है। बिहार के जिन 15 उम्मीदवारों को आइएएस के लिए चयनित किया गया है उनमें राज कृष्ण झा, हेमंत, संस्कृति त्रिवेदी, शोभिका पाठक, कुमुद मिश्रा, रित्विक मेहता, ऋत्विक रंजन, अर्नव आनंद गुप्ता, संदीप कुमार, पारस कुमार, सुधा चौहान, लक्ष्मी नारायण वर्मा, सौरभ सुमन, सुशांत कुमार एवं दीपक कुमार शामिल हैं। आइएएस कैडर अलॉटमेंट लिस्ट वह सूची होती है जिसमें यह तय किया जाता है कि उन्हें किस राज्य या केंद्र शासित प्रदेश का कैडर मिलेगा। यह अलॉटमेंट उम्मीदवार की रैंक, उसकी कैडर प्रेफरेंस और सरकार की नीति के आधार पर किया जाता है। यूपीएससी 2024 में सेलेक्ट होने वाले आईएएस ऑफिसर्स के लिए कैडर अलॉटमेंट लिस्ट जारी हो गई है।

## तीन आइएसओ सर्टिफिकेट हासिल करने वाला देश का पहला बोर्ड बना बीएसइबी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार विद्यालय परीक्षा समिति एक साथ तीन आइएसओ सर्टिफिकेट हासिल करने वाला देश का पहला राज्य बोर्ड बन गया है। बिहार बोर्ड की ओर से ये सभी आइएसओ सर्टिफिकेट समिति के अध्यक्ष आनंद किशोर ने प्राप्त किए। बिहार बोर्ड के अध्यक्ष आनंद किशोर ने शनिवार दोपहर इस मामले पर आज प्रेस वार्ता की। उन्होंने तीनों आइएसओ सर्टिफिकेट को दिखाते हुए कहा कि यह ऐतिहासिक और गौरवपूर्ण उपलब्धि है। समिति को एक साथ तीन प्रतिष्ठित आइएसओ सर्टिफिकेट प्रदान किए गए हैं। इसके साथ ही बिहार बोर्ड देश का पहला राज्य बोर्ड बन गया है, जिसे गुणवत्ता, सूचना सुरक्षा और रिकॉर्ड प्रबंधन जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में आइएसओ




प्रमाणन प्राप्त हुआ है। उन्होंने कहा कि बिहार बोर्ड को गुणवत्ता प्रबंधन प्रणाली के लिए आइएसओ 9001:2015, सूचना सुरक्षा प्रबंधन प्रणाली के लिए आइएसओ/आइइसी 27001:2022 और उत्कृष्ट रिकॉर्ड प्रबंधन प्रणाली के लिए आइएसओ 15489-1:2016 सर्टिफिकेट प्रदान किए गए हैं। उन्होंने कहा कि परीक्षा प्रणाली में सुधार, पारदर्शिता और तकनीकी नवाचारों के लिए उनके नेतृत्व में किए गए प्रयासों का यह बड़ा परिणाम माना जा रहा है। बोर्ड अध्यक्ष ने कहा कि तकनीक के व्यापक उपयोग और परीक्षा सुधारों के चलते बिहार बोर्ड वर्ष 2019 से 2025 तक लगातार सात वर्षों से देश में सबसे पहले मैट्रिक और इंटरमीडिएट परीक्षाओं का परिणाम जारी कर रहा है। यह अपने आप में एक कीर्तिमान है। आनंद किशोर ने कहा कि समिति द्वारा परीक्षा प्रणाली और प्रशासनिक कार्यप्रणाली में आमूल-चूल बदलाव किए गए हैं। 1983 से 2025 तक के मैट्रिक और इंटर के सभी रिकॉर्ड्स को डिजिटाइज किया गया है। समिति को पेपरलेस बनाते हुए कंप्यूटरीकरण के जरिए पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित की गई है। रिकॉर्ड रूम का सुदृढ़ीकरण कर ऑफलाइन और ऑनलाइन दोनों माध्यमों से सुरक्षित संधारण किया जा रहा है।



# फूलों की बागवानी से समृद्ध होंगे किसान : राम कृपाल यादव

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** कृषि मंत्री राम कृपाल यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित किसान विकसित राष्ट्र बनाने के संकल्प तथा मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के कृषि विविधिकरण और बागवानी आधारित कृषि को बढ़ावा देने के विजन के अनुरूप बिहार सरकार फूलों की खेती को एक लाभकारी व्यवसाय के रूप में विकसित कर रही है। इसी क्रम में वित्तीय वर्ष 2025-26 के अंतर्गत रबी मौसम में 'फूल (गेंदा) विकास योजना' के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु 08 करोड़ रुपये की स्वीकृति प्रदान की गई है। मंत्री ने कहा कि इस योजना का मुख्य उद्देश्य रबी मौसम में गेंदा फूल की खेती का विस्तार कर राज्य में व्यावसायिक बागवानी को नई दिशा देना है। गेंदा फूल की बाजार में निरंतर एवं व्यापक मांग को देखते हुए यह फसल किसानों के लिए कम लागत में अधिक आमदनी का सशक्त माध्यम बन सकती है। इससे किसानों की आय में स्थायी वृद्धि के साथ-साथ ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिलेगी। उन्होंने बताया कि योजना के तहत किसानों को गेंदा फूल की खेती के लिए पौध अनुदानित दर पर उपलब्ध कराई जाएगी। गेंदा उत्पादन हेतु प्रति हेक्टेयर 80 हजार रुपये की इकाई लागत निर्धारित की गई है जिस पर किसानों को 50 प्रतिशत अनुदान, अर्थात 40 हजार रुपये प्रति हेक्टेयर की सहायता दी जाएगी। यह योजना राज्य के सभी जिलों में लागू होगी जिससे अधिक से अधिक किसान इस लाभकारी खेती से जुड़ सकेंगे। कृषि मंत्री ने कहा कि योजना का लाभ प्राप्त करने हेतु इच्छुक किसानों को डीबीटी पोर्टल पर पंजीकरण कर ऑनलाइन आवेदन करना होगा। लाभुकों का चयन 'पहले आओ, पहले पाओ' के आधार पर किया जाएगा। अनुदान की राशि पुष्पण के उपरांत संबंधित प्रखंड उद्यान पदाधिकारी की अनुशंसा एवं जिला उद्यान पदाधिकारी की स्वीकृति के बाद किसानों के खाते में एकमुश्त भुगतान की जाएगी। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि लाभुकों के चयन में सामाजिक समावेशन का विशेष ध्यान रखा गया है। 30 प्रतिशत महिला कृषकों की भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी जिससे महिला सशक्तिकरण को भी बढ़ावा मिलेगा।

मंत्री ने विश्वास व्यक्त किया कि इस योजना से न केवल फूलों की स्थानीय एवं क्षेत्रीय मांग की पूर्ति होगी, बल्कि किसानों की आय में प्रत्यक्ष और ठोस वृद्धि होगी। उन्होंने कहा कि बिहार सरकार का लक्ष्य है कि राज्य फूल उत्पादन के क्षेत्र में अग्रणी के रूप में उभरे और किसान आर्थिक रूप से सशक्त, आत्मनिर्भर एवं समृद्ध बनें।

## डीआरएम की अध्यक्षता में ऑल इंडिया ओबीसी एवं एससी/एसटी रेलवे कर्मचारी एसोसिएशन के साथ बैठक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**डिहरी ऑन-सोन।** डीआरएम उदय सिंह मीना की अध्यक्षता में डीआरएम कार्यालय के सभाकक्ष में दो अनौपचारिक बैठकें आयोजित की गईं। आज पूर्वाह्न पहली बैठक ऑल इंडिया ओबीसी रेलवे एम्प्लॉइज एसोसिएशन के साथ तथा तत्पश्चात ऑल इंडिया एससी/एसटी रेलवे एम्प्लॉइज एसोसिएशन के साथ संपन्न हुई। दोनों बैठक में एडीआरएम दिलीप कुमार तथा मंडल के सभी शाखाओं के अधिकारी उपस्थित रहे। दोनों एसोसिएशनों की ओर से जोनल एवं मंडल स्तर के पदाधिकारीगण ने भाग लिया। दोनों बैठकों में कर्मचारियों के कल्याण, कार्य स्थल पर सुविधाओं तथा एसोसिएशन से संबंधित विभिन्न बिन्दुओं पर चर्चा की गई। डीआरएम द्वारा रेल कर्मियों के कल्याण और देय सुविधाओं की व्यवस्था हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

दोनों बैठकों में अपने संबोधन में डीआरएम ने रेखांकित किया कि डीडीयू मंडल भारतीय रेल का एक महत्वपूर्ण मंडल है जो निरंतर नई उपलब्धियां हासिल कर रहा है। हाल के समय में छठ एवं पितृपक्ष जैसे भारी यात्री दबाव वाले अवसरों पर भी मंडल ने सुचारु एवं सुरक्षित संचालन सुनिश्चित किया है। कई बार 100% समयपालन, सबसे लंबी रुद्रास्त्र मालगाड़ी के संचालन, बेहतर वैगन एवं ट्रैक मेंटेनेंस तथा डिजिटल पहलों जैसे बायोमेट्रिक लॉग-इन और एम-यूटीएस जैसी सुविधाओं के साथ कर्मचारी कल्याण में भी मंडल ने उल्लेखनीय प्रगति की है। डीआरएम ने यह भी रेखांकित किया कि इन उपलब्धियों को संभव बनाने में कर्मचारी संगठनों का निरंतर सहयोग अत्यंत महत्वपूर्ण रहा है। उन्होंने प्रशासन और एसोसिएशनों के बीच सहयोग को डीडीयू मंडल की प्रगति का आधार बताते हुए कहा कि इसी प्रकार मिलकर कार्य करते हुए मंडल को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया जाएगा। बैठक का संचालन वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी उज्जवल आनंद द्वारा किया गया। इस अवसर पर दोनों एसोसिएशनों के पदाधिकारियों ने रेलवे प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया।

## धान खरीदी में सरकारी लापरवाही से किसानों पर बिचौलिया हो रहे हावी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** बिहार राज्य किसान सभा पटना जिला कौंसिल की बैठक शनिवार को श्री साईं मैरज हौंल बिरंची मसौढी में सम्पन्न हुई जिसकी अध्यक्षता शिव कुमार विद्यार्थी ने किया। बैठक को सम्बोधित करते हुए जिला मंत्री सोनालाल प्रसाद ने कहा कि जिला के आला अफसर भारत माला प्रयोजना की अधिग्रहित भूमि का मुआवजा नहीं दे पा रहे हैं। दूसरी ओर खड़ी फसलों को बुलडोजर चलवाकर रौंद डाल रहे हैं तो दूसरी तरफ धान क्रय केन्द्र पर ताला लटकने से किसानों की कमर तोड़ते हुए लुटेरे व्यापारी 1900 रुपए प्रति क्विंटल दाम पर दो महीने की उधारी पर खरीद रहे हैं। मसौढी प्रखंड एवं धनरूआ प्रखंड के कई ऐसे पंचायत हैं जहां अभी भी धान की खरीद की शुरू नहीं हुई है जिसे किसानों को भारी फजीहत हो रही है। बिचौलिए औने-पौने दाम पर किसानों से धान खरीद रहे हैं। अगर जल्द ही धान की खरीद की दुरुस्त नहीं हुई तो बाध्य होकर हमारे संगठन की ओर से धरना प्रदर्शन का कार्यक्रम किया जाएगा। संगठन की ओर से जिला कृषि पदाधिकारी से मांग करते हैं कि सरकारी तय रेट पर धान का क्रय केंद्र को चालू करते हुए खरीद कराने की गारंटी करें अन्यथा बाध्य होकर आप के कार्यालय का घेराव किया जायेगा। बैठक में निर्णय लिया गया है कि 18-12-2025 जिला पदाधिकारी ज्ञापन सौंप कर उचित कार्रवाई का अनुरोध करेंगे। बैठक में अवधेश कुमार लाल बाबू प्रसाद, रवीन्द्र सिंह, रामदयाल प्रसाद राम प्रकाश चौधरी, पुनीत पासवान, रामजी प्रसाद, चन्द्र देव वर्मा आदि दर्जनों लोग उपस्थित थे।

**'अभिनंदन दीघा कार्यकर्ता सम्मान समारोह' में डॉ. दिलीप जायसवाल ने मतदाताओं का किया अभिनंदन**

## यह जीत बिहार के विकास, जनकल्याण के संकल्प का विजय : डॉ. दिलीप

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** पटना के दीघा विधानसभा क्षेत्र में आज 'अभिनंदन दीघा-कार्यकर्ता सम्मान समारोह' का आयोजन किया गया। समारोह में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सह उद्योग मंत्री डॉ. दिलीप जायसवाल, गृह मंत्री सम्राट चौधरी सहित कई गणमान्य लोग, कार्यकर्ता और मतदाता उपस्थित हुए। समारोह में आए लोगों को संबोधित करते हुए भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल ने दीघा के मतदाताओं के अलावा बिहार के मतदाताओं का आभार जताते हुए कहा कि उन्होंने मोदी की गारंटी पर विश्वास किया। उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार के कार्यों पर बिहार की जनता ने इतना बड़ा जनादेश देकर एक बार फिर मुहर लगा दी है। उन्होंने समर्पित कार्यकर्ताओं का हृदय से अभिनंदन करते हुए कहा कि संगठन की असली ताकत समर्पित कार्यकर्ता हैं। यह विजय उन कार्यकर्ताओं के अथक परिश्रम, अनुशासन, समर्पण और जनता के विश्वास का परिणाम है। उन्होंने कहा कि बूथ से लेकर जनसंपर्क तक, हर कार्यकर्ता ने एनडीए के विकास और सुशासन के संकल्प को घर-घर तक पहुंचाने का कार्य किया और यह जीत उसी की परिणति है।

उन्होंने कार्यकर्ताओं में उत्साह भरते हुए कहा आप सभी का उत्साह और ऊर्जा ही हमारी सबसे बड़ी शक्ति है। यह जीत केवल एक चुनावी सफलता नहीं, बल्कि बिहार के विकास, जनकल्याण और उज्ज्वल भविष्य के संकल्प की जीत है। भाजपा अध्यक्ष डॉ. जायसवाल ने उपस्थित सभी लोगों का आह्वान करते हुए कहा कि आइए, हमसब मिलकर इस जनादेश को विकास, सुशासन और सेवा में परिवर्तित करें। भाजपा की राजनीति ही लोगों की सेवा रही है। उन्होंने लोगों को भरोसा देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और सम्राट चौधरी की जोड़ी में बिहार विकास की नई बुलंदियों पर पहुंचेगा। इस दौरान उन्होंने विधायक संजीव चौरासिया की भी तारीफ करते हुए कहा कि यह दीघा के विकास के लिए सदैव समर्पित रहते हैं, उसी का परिणाम चुनाव में दिखता भी है। इधर, समारोह को संबोधित करते हुए बिहार के उप मुख्यमंत्री सह गृह मंत्री सम्राट चौधरी ने कार्यकर्ताओं के परिश्रम और निष्ठा को नमन करते हुए कहा कि सभी के मान सम्मान के लिए एनडीए सरकार प्रतिबद्ध है।

## बिहार में निवेश को बढ़ावा देने हेतु उद्योग मंत्री की महत्वपूर्ण बैठक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** उद्योग मंत्री डॉ. दिलीप कुमार जायसवाल ने उद्योग निदेशक मुकुल कुमार गुप्ता तथा निवेश प्रोत्साहन (आईपी) टीम के साथ विभागीय कार्यालय कक्ष में एक विस्तृत बैठक की। आयोजित बैठक में बिहार में निवेश की अपार संभावनाओं पर विस्तृत चर्चा हुई। इस अवसर पर उद्योग निदेशक द्वारा एक महत्वपूर्ण प्रेजेंटेशन दी गई जिसमें राज्य के विभिन्न क्षेत्रों में निवेश के अवसरों, औद्योगिक विकास की दिशा और भविष्य की रणनीतियों को साझा किया गया। प्रस्तुति के माध्यम से यह स्पष्ट किया गया कि किस प्रकार बिहार सरकार उद्योगों को आकर्षित करने के लिए मजबूत नीतिगत समर्थन, आधुनिक आधारभूत संरचना, भूमि उपलब्धता और वित्तीय प्रोत्साहन प्रदान कर रही है। साथ ही यह भी बताया गया कि कैसे स्टार्टअप्स से लेकर बड़ी औद्योगिक इकाइयों तक को बिहार में निवेश के लिए अनुकूल वातावरण उपलब्ध कराया जा रहा है। उद्योग मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार का मुख्य उद्देश्य युवाओं के लिए बड़े पैमाने पर रोजगार सृजन करना तथा पलायन को रोकना है।

## आरपीएस रेसिडेंसियल स्कूल, पटना में विज्ञान, कला एवं शिल्प प्रदर्शनी संपन्न

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** आरपीएस रेसिडेंसियल स्कूल में विज्ञान, कला एवं शिल्प प्रदर्शनी सम्पन्न हुई। समारोह के मुख्य अतिथि डाइरेक्टर, श्री कृष्ण विज्ञान केंद्र, पटना श्रीनु अप्पिकोंडा एवं एजुकेशन ऑफिसर, श्री कृष्ण विज्ञान केन्द्र, पटना विश्वनाथ गुप्ता का स्वागतः प्राचार्य दिलीप कुमार सिंह ने पुष्प गुच्छ देकर किया।

मुख्य अतिथि ने अपने सम्बोधन में छात्र-छात्राओं की रचनात्मकता, वैज्ञानिक सोच और समस्या समाधान कौशल की काफी तारीफ करते हुए कहा कि इससे दैनिक जीवन में विज्ञान एवं कला प्रयोगों को समझने का एक उचित मंच मिलता है। दोनों जजों ने सभी मॉडल को ध्यानपूर्वक देखकर उसका मूल्यांकन करते हुए सभी विजेताओं को पुरस्कार एवं मेडल देकर सम्मानित किया। मॉडल ऑफ द डे श्रेय कुमार, शिवम राज रहे। विशिष्ट योगदान के लिए शिक्षक-शिक्षिकाओं को भी सम्मानित किया गया। अंत में उप प्राचार्या उषा सिन्हा ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

विज्ञान में ग्रुप ए (कक्षा बाल वाटिका से कक्षा 5 तक) के तहत आर्यन अनिकेत को प्रथम, ऋषभ राज को द्वितीय, ऋद्धि रिद्मा को तृतीय एवं दिव्यांश वर्मा, दीपाशिका सिंह को सांत्वना पुरस्कार मिला। ग्रुप बी (कक्षा 6 से 8 तक) के तहत सुप्रिया चौरसिया को प्रथम, नंदिनी यादव को द्वितीय, अभिज्ञान भारद्वाज को तृतीय एवं सहर्ष कुमार झा, पार्थ यादव को सांत्वना पुरस्कार मिला। ग्रुप सी (कक्षा 9 से 12 तक) के तहत सोनालिका शरण को प्रथम, आदित्य कश्यप को द्वितीय, मांशी कुमारी को तृत्तीय एवं दीपक, अनन्या भारद्वाज को सांत्वना पुरस्कार मिला।

## प्रेमचंद रंगशाला में अन्तरविद्यालय क्विज प्रतियोगिता 'ज्ञानमंथन' का आयोजन

**न्यू एरा पब्लिक ने प्रथम एवं पटना कान्वेंट ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया**

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**पटना।** स्थानीय प्रेमचंद रंगशाला में अन्तर्विद्यालय क्विज प्रतियोगिता 'ज्ञानमंथन' का भव्य आयोजन किया गया। यह प्रतियोगिता वनबंधु परिषद एवं आध्यात्मिक सत्संग समिति के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित की गई जिसमें पटना के 16 प्रतिष्ठित विद्यालयों के लगभग 500 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर वनबंधु परिषद के अध्यक्ष गणेश खेतड़ीवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि 'ज्ञानमंथन' प्रतियोगिता का आयोजन पटना में चौथी बार किया गया। उन्होंने कहा कि इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य बच्चों में भारतीय संस्कृति, परंपरा, इतिहास एवं आध्यात्मिक मूल्यों के प्रति रुचि जागृत करना तथा उनके बौद्धिक विकास को प्रोत्साहित करना है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए आध्यात्मिक सत्संग समिति के अध्यक्ष रमेश चंद गुप्ता ने बताया कि प्रतियोगिता में बच्चों से रामायण, महाभारत, भारतीय पुरातन शास्त्र, सांस्कृतिक धरोहर, महापुरुषों के जीवन, भारतीय संस्कृति, संत एवं ऋषि-मुनियों से संबंधित प्रश्न पूछे गए। क्विज मास्टर अनिल सर्राफ एवं सुनीता सर्राफ ने बहुत ही अच्छे से पूरी प्रतियोगिता का संचालन किया। प्रतियोगिता को सुव्यवस्थित एवं प्रभावी बनाने के लिए लगभग दो हजार प्रश्न-उत्तर की एक विशेष पुस्तक सभी भाग लेने वाले विद्यालयों को पूर्व में उपलब्ध कराई गई थी। प्रतियोगिता के दौरान विद्यार्थियों ने गहरी समझ, त्वरित उत्तर देने की क्षमता एवं विषयों पर मजबूत पकड़ का परिचय दिया। आयोजकों ने बताया कि प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार के साथ-साथ अन्य प्रोत्साहन पुरस्कार भी प्रदान किए गए। इसके अलावा कार्यक्रम के दौरान ऑडियंस से भी प्रश्न पूछे गए जिनके सही उत्तर देने पर उन्हें भी पुरस्कृत किया गया जिससे पूरे सभागार में उत्साह और सहभागिता का माहौल बना रहा। एम पी जैन ने बताया कि कार्यक्रम में बड़ी संख्या में शिक्षकों, अभिभावकों एवं गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रही। सभी ने इस प्रकार की ज्ञानवर्धक प्रतियोगिता की सराहना करते हुए इसे विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास की दिशा में एक सराहनीय पहल बताया। आयोजकों ने भविष्य में भी इस तरह के आयोजनों को निरंतर जारी रखने का संकल्प व्यक्त किया। ताकि आने वाली पीढ़ी भारतीय सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक विरासत से जुड़कर आगे बढ़ सके। कार्यक्रम में प्रथम पुस्कार न्यू एरा द्वितीय पुरस्कार पटना कान्वेंट तृतीय पुरस्कार राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय को प्राप्त हुआ। कार्यक्रम को सफल बनाने में वनबंधु के सचिव राजीव अग्रवाल एवं कोषाध्यक्ष आलोक स्वरूप, रमेश अग्रवाल, गौरव अग्रवाल, लक्ष्मण टेकरीवाल, गोपाल झुनझुनवाला, अनिल गुप्ता सहित अन्य लगे हुए थे। कार्यक्रम में डॉ राधेश्याम बंसल, महावीर अग्रवाल, सुनील अग्रवाल, सुजीत सिंघानिया, कमल नोपानी, पद्मश्री बिमल जैन, नन्द किशोर अग्रवाल, डॉ गीता जैन, बिनोद बंसल, एडवोकेट श्वेता कुमारी, राजकुमार खेमका, पटना कान्वेंट के अरुण कुमार सहित अन्य गणमान्य उपस्थित थे।

## जेंडर आधारित हिंसा के विरुद्ध जागरूकता कार्यक्रम आयोजित




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** जिला प्रशासन, जहानाबाद एवं महिला एवं बाल विकास विभाग के संयुक्त तत्वावधान में तथा जिलाधिकारी अलंकृता पाण्डेय के निर्देशानुसार ज्ञान भारती उच्च माध्यमिक विद्यालय, नेहालपुर में जेंडर आधारित हिंसा के विरुद्ध जागरूकता कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, जहानाबाद ग्रामीण, रेणु कुमारी ने कहा जेंडर आधारित हिंसा समाज की एक गंभीर समस्या है जिसे समाप्त करने के लिए जागरूकता सबसे सशक्त हथियार है। उन्होंने बताया कि बच्चों को बचपन से ही समानता, सम्मान और सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराना अत्यंत आवश्यक है। ताकि वे भेदभाव और हिंसा के विरुद्ध खड़े हो सकें। कार्यक्रम के दौरान छात्रों को जेंडर आधारित हिंसा के प्रकार, बाल विवाह, समान व्यवहार की आवश्यकता, गुड टच-बैड टच तथा महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा से संबंधित हेल्पलाइन नंबर 112, 1098 एवं 181 की जानकारी दी गई। इसके साथ ही छात्रों के बीच प्रश्नोत्तर सत्र आयोजित किया गया तथा सभी को विद्यालय एवं समाज में जेंडर समानता को बढ़ावा देने की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में जिला हब फॉर एम्पावरमेंट ऑफ वीमेन के जेंडर स्पेशलिस्ट शैलेश कुमार, महिला पर्यवेक्षिका अस्मिता सिन्हा, प्रखंड समन्वयक शनि कुमार सहित विद्यालय के प्रधानाध्यापक, शिक्षक-शिक्षिकाओं ने सक्रिय सहयोग किया और छात्रों को प्रेरक संदेश दिए।

## सशस्त्र सीमा बल के 62वें स्थापना दिवस पर बॉर्डर यूनिटी रन का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** सशस्त्र सीमा बल, सीमांत पटना द्वारा बल के 62वें स्थापना दिवस के अवसर पर बॉर्डर यूनिटी रन-2025 का आयोजन सद्भावना, उत्साह और देशभक्ति के भाव के साथ किया गया जिसका उद्देश्य राष्ट्रीय एकता और अखंडता, शारीरिक स्वास्थ्य के प्रति प्रोत्साहन तथा सामुदायिक एकजुटता को बढ़ावा देना है। बॉर्डर यूनिटी रन-2025 का शुभारंभ नित्यानन्द राय, केंद्रीय गृह राज्य मंत्री, भारत सरकार के कर कमलों द्वारा हरी झंडी दिखाकर और निशीत कुमार उज्ज्वल, भा.पु.से, महानिरीक्षक, सीमांत पटना एस. सुब्रह्मण्यम, उप-महानिरीक्षक, क्षेत्रक मुख्यालय बेतिया एवं स्थानीय प्रशासनिक अधिकारियों की उपस्थिति में 47 वाहिनी, रक्सौल में किया गया। इस दौड़ में सीमान्त मुख्यालय पटना के अंतर्गत कुल 631 किलोमीटर लम्बी भारत-नेपाल अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर, जिला-पश्चिमी चंपारण से अररिया तक कुल 74 अलग-अलग दौड़ कार्यक्रमों का आयोजन विभिन्न स्थानों पर एक साथ किया गया जिसमें बड़ी संख्या में सीमावर्ती नागरिकों (पुरुष एवं महिला), छात्र-छात्राएं, सरकारी तथा गैर सरकारी संगठनों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतिभागियों को प्रोत्साहन हेतु मैडल तथा प्रमाण पत्र का वितरण भी किया गया। इस दौरान एस.एस.बी. के प्रत्येक वाहिनियों द्वारा मानव तथा पशु चिकित्सा शिविर का भी आयोजन किया गया जिसमें बल के चिकित्सकों द्वारा सीमावर्ती नागरिकों तथा उनके पशुओं को निःशुल्क इलाज/परामर्श एवं दवाइयों का वितरण किया गया। साथ ही सभी वाहिनियों द्वारा वृक्षारोपण भी किया गया। कुल 74 कार्यक्रमों में 22 जनप्रतिनिधि अलग-अलग स्थानों पर बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए तथा 26000 से अधिक प्रतिभागियों ने दौड़ में हिस्सा लिया। केंद्रीय गृह राज्य मंत्रीनित्यानन्द राय ने इस अवसर पर कहा कि हमें राष्ट्रीय एकता, समर्पण और राष्ट्र निर्माण की भावना रखते हुए स्वास्थ्य का ख्याल रखना चाहिए।

## अवैध बालू परिवहन पर कार्रवाई, चार ओवरलोड हाइवा जब्त

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पालीगंज।** पालीगंज थाना क्षेत्र में अवैध बालू खनन और परिवहन की गुप्त सूचना मिलने पर शनिवार को प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई की। पटना के खान निरीक्षक उत्तम मणी के नेतृत्व में पालीगंज थाना अध्यक्ष सुमन कुमार, रात्रि गश्ती दल और खनन बल की संयुक्त टीम ने महाबलीपुर नहर के पास छापेमारी की। छापेमारी के दौरान सोन नदी का पीला बालू लदा चार 12 चक्का हाइवा की जांच की गई। जांच में पाया गया कि किसी भी वाहन के पास बालू परिवहन से संबंधित वैध चालान नहीं है। इसके बाद ओवरलोड की जांच के लिए एसएच-2 के ग्राम सरसी के पास स्थित नजदीकी धर्मकांटा पर वाहनों का वजन कराया गया जहां सभी हाइवा निर्धारित क्षमता से अधिक बालू लदे पाए गए। मामले में खान निरीक्षक उत्तम मणी द्वारा चारों वाहनों को विधिवत जब्त कर पालीगंज थाना अध्यक्ष को सौंपते हुए आवेदन दिया गया। इसके आधार पर पालीगंज थाना कांड संख्या 593/25 दर्ज की गई है। पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 303(2), 317(2) तथा बिहार खनिज (अवैध खनन, परिवहन, भंडारण एवं निवारण) नियमावली 2019 एवं संशोधित नियमावली 2024 की धारा 56(2) के तहत मामला दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।

## पटना में विकसित भारत संकल्प यात्रा आज

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** प्रेम यूथ फाउंडेशन की ओर से 14 दिसंबर को राजधानी के युवा आवास पटना से विकसित भारत संकल्प यात्रा को प्रख्यात अर्थशास्त्री पंडित सीए संजय कुमार झा हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। महानगर भ्रमण करते हुये गांधी मैदान के गांधी मूर्ति के समक्ष विकसित भारत 2047 को लेकर संकल्प लिया जायेगा। फाउंडेशन के निदेशक देवानंद ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जो विकसित भारत 2047 का सपना देखा है उसे साकार करने के लिए फाउंडेशन निरंतर प्रयासरत है। भारत दुनिया के सबसे युवा देश है युवा शक्ति को संगठित कर हम राष्ट्र के मुख्य धारा में शामिल कर ही विकसित भारत के सपना को साकार कर सकते हैं। विकसित भारत संकल्प यात्रा में शामिल होने के लिए राजनेता, उद्योगपति, शिक्षाविद, छात्र अधिकारी, पत्रकार, एनजीओ, युवा मंडल के लोग शामिल हो रहे हैं। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पहली बार युवाओं को लेकर सार्थक पहल किया है। कौशल विकास मंत्रालय, मेरा युवा भारत का गठन कर युवाओं के विकास के मार्ग प्रशस्त किया है। युवाओं का सर्वांगीण विकास के लिए हर गांव में युवा मंडल का गठन किया जा रहा है।

## कुहासे का फायदा उठाकर नाबालिग से छेड़छाड़, आरोपित फरार, भाई हिरासत में

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** धनरूआ थाना क्षेत्र के गांव में शनिवार की सुबह कुहासे का फायदा उठाकर 14 वर्षीय नाबालिग किशोरी के साथ छेड़छाड़ और जोर-जबरदस्ती का मामला सामने आया है। पीड़िता सुबह अपने घर से शौच के लिए खेत के बधार की ओर गई थी, तभी घने कुहासे के बीच एक 26 वर्षीय युवक ने उसके साथ छेड़छाड़ शुरू कर दी। किशोरी के शोर मचाने पर आरोपी मौके से फरार हो गया। घटना के बाद पीड़िता के परिजनों ने इसकी सूचना धनरूआ थाना पुलिस को दी। पुलिस जब आरोपी के घर पहुंची तो वह वहां मौजूद नहीं मिला। आरोपी पर दबाव बनाने के उद्देश्य से पुलिस ने उसके भाई को हिरासत में ले लिया। इस संबंध में पीड़िता की मां के बयान पर धनरूआ थाना में नामजद प्राथमिकी दर्ज की गई है। आरोपी की पहचान गांव निवासी संजय कुमार सिंह के पुत्र 26 वर्षीय दीपक कुमार के रूप में की गई है। पुलिस ने बताया कि आरोपी की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है।

# इंद्रपुरी में भोजपुरी हाट के निर्माण में अब भूमि अनुपलब्धता की ब्रेक

मदन कुमार / नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन-सोन।** डिहरी प्रखंड के इंद्रपुरी बाराज के पास दस एकड़ क्षेत्र में 25.98 करोड़ की लागत से बनने वाले भोजपुरी हाट के निर्माण में अब जल संसाधन विभाग ने भूमि देने से हाथ खड़ा कर दिया है। पर्यटन विभाग ने भोजपुरी हाट के निर्माण की प्रक्रिया फाइनल कर इसका शिलान्यास भी मुख्यमंत्री से करवा दिया है। अब जल संसाधन विभाग ने इंद्रपुरी बराज के पास डिहरी-रोहतास राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे भोजपुरी हाट निर्माण के लिए दी जा रही 10 एकड़ भूमि को अब विभागीय आवश्यकता को ध्यान में रख जमीन देने के प्रस्ताव को वापस ले लिया है।



**हाट का उद्देश्य**

इस हाट का मुख्य उद्देश्य इंद्रपुरी बाराज पर आने वाले पर्यटकों को बेहतर सुविधाएं प्रदान करना है। इसके निर्माण से स्थानीय कला, संस्कृति और उत्पादन को बढ़ावा मिलेगा। स्थानीय लोगों के लिए रोजगार के अवसर सृजित होगा। हाट का निर्माण कार्य सितंबर 2026 में पूरा होना था।

**निर्माण से फायदे**

इसके बन जाने से यह स्थान न सिर्फ एक बड़ा पर्यटन केंद्र बनेगा बल्कि रोहतास गढ़ किला, तुतला भवानी आने वाले पर्यटकों को आकर्षित भी करेगा। यह मिथिला हाट के बाद बिहार का दूसरा सबसे बड़ा पारंपरिक हाट होता है।

**क्या मिलेगी सुविधा**

यहां घूमने फिरने के साथ रेस्टोरेंट में भोजपुरी व्यंजन लिट्टी चोखा, मडुआ की रोटी, अदौरी, तिलौरी, अचार का स्वाद ले सकेंगे। भोजपुरी संस्कृति पर आधारित भंसा घर भी बनेगा जहां गांव का थीम नजर आएगा। तालाब में बोटिंग की सुविधा भी मिलेगी। परिवार विभिन्न प्रकार का झूला बच्चों व बड़ों के लिए आकर्षण का केंद्र होगा। साथ ही हस्तशिल्प, लोक नृत्य, लोकगीत और पारंपरिक शादी विवाह जैसे आयोजन भी किया जा सकेंगे।

**बराज पर पिकनिक को आते हैं पर्यटक**

इंद्रपुरी बराज पहले से ही एक लोकप्रिय पिकनिक स्थल है जहां से प्रतिवर्ष जिले के अलावा सीमावर्ती औरंगाबाद व झारखंड के पलामू और गढ़वा से भारी संख्या में लोग यहां आते हैं। इंद्रपुरी में इको पार्क का निर्माण भी हो चुका है जिसमें बच्चों को खेलने और मनोरंजन के साधन कैफेटेरिया की व्यवस्था और एक सुंदर चाइना हाट भी है। यह परियोजना जिले में पर्यटन को नई ऊंचाइयों पर ले जाने और स्थानीय उत्पादों को राष्ट्रीय मंच पर पहचान दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

**क्या कहते हैं अधिकारी**

जल संसाधन विभाग के मुख्य अभियंता अजय कुमार सिंह के अनुसार इंद्रपुरी बराज के पास भोजपुरी हाट के चयनित स्थल का प्रस्ताव मुख्यालय को भेजा गया था। वर्तमान में विभागीय भूमि की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए इस योजना हेतु जमीन देने के प्रस्ताव को वापस ले लिया गया है।

## भोजपुरी हाट का निर्माण जल्द प्रारम्भ होगा : उपेंद्र कुशवाहा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन-सोन।** एक बार निर्णय हो चुका है भोजपुरी हाट रोहतास की धरती पर बनाने का तो बनेगा ही, चाहे जैसे भी हो। रालोमो प्रमुख व राज्य सभा सदस्य उपेंद्र कुशवाहा ने अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते उक्त बातें 'नवबिहार टाइम्स' से शनिवार को कही। डिहरी प्रखंड के इंद्रपुरी बाराज के पास दस एकड़ क्षेत्र में 25.98 करोड़ की लागत से बनने वाले भोजपुरी हाट के निर्माण को जल्द ही जिला प्रशासन भूमि उपलब्ध कराएगी। आने वाले वर्षों में रोहतास जिला पर्यटन उद्योग में अव्वल बनेगा। उन्होंने बताया कि राज्य के मिथिला हाट के दूसरे भोजपुरी हाट मुख्यमंत्री का ड्रीम प्रोजेक्ट है। इसका मुख्य उद्देश्य इंद्रपुरी बाराज पर आने वाले पर्यटकों को बेहतर सुविधाएं प्रदान करना है। इसके निर्माण से स्थानीय कला, संस्कृति और उत्पादन को बढ़ावा मिलेगा। स्थानीय लोगों के लिए रोजगार के अवसर सृजित होगा। उन्होंने कहा कि भोजपुरी हाट सिर्फ एक बड़ा पर्यटन केंद्र बनेगा बल्कि रोहतासगढ़ किला, तुतला भवानी आने वाले पर्यटकों को आकर्षित करेगा।



## ट्रैक्टर की चपेट में आने से मजदूर की मौत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**सासाराम/तिलौथू।** अमझोर थाना क्षेत्र अंतर्गत बरवाडीह चौक के पास शुक्रवार को एक हृदयविदारक हादसे में 22 वर्षीय मजदूर की मौके पर ही मौत हो गई। यह दुर्घटना रामडिहरा-तुतला भवानी पथ पर उस समय हुई जब धान से लदा एक ट्रैक्टर असंतुलित होकर मजदूर को कुचलते हुए निकल गया। मृतक की पहचान 22 वर्षीय दिनेश राम अमझोर थाना क्षेत्र के सुपसराय गांव के निवासी के रूप में की गई है। स्थानीय लोगों के अनुसार दिनेश राम ट्रैक्टर पर धान लादकर रामडिहरा स्टेशन की ओर जा रहे थे। बरवाडीह चौक के समीप सड़क पर बने ब्रेकर के कारण ट्रैक्टर अचानक उछल गया जिससे वह संतुलन खोकर नीचे गिर पड़े और ट्रैक्टर का चक्का उनके ऊपर चढ़ गया। इस हादसे में उनकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। हादसे के बाद मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया। ग्रामीणों द्वारा दी गई सूचना पर अमझोर थाना की पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और आवश्यक कानूनी प्रक्रिया शुरू कर दी। इस संबंध में थानाध्यक्ष अमित कुमार ने बताया कि घटना की जानकारी मिली है और पुलिस मौके पर पहुंचकर आवश्यक कार्रवाई कर रही है।

## चोर गिरफ्तार, गया जेल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**चेनारी।** पुलिस ने देवडीही गांव में शुक्रवार की रात्रि गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर एक समरसेबल चोर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। इस संबंध में थानाध्यक्ष रंजन कुमार ने बताया कि उक्त गांव निवासी अशोक बिंद के 30 वर्षीय पुत्र महेंद्र बिंद को समरसेबल चोरी के आरोपी को नशे की हालत में गिरफ्तार जेल भेज दिया गया।

# माइक्रोबायोलॉजी चिकित्सा विज्ञान अति महत्वपूर्ण विधा : गोपाल नारायण सिंह

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**सासाराम।** चिकित्सा शिक्षा जगत के अति महत्वपूर्ण विषय माइक्रोबायोलॉजी के तत्वावधान में राज्य स्तरीय सम्मेलन की मेजबानी का अवसर नारायण मेडिकल कॉलेज को मिलना गोपाल नारायण सिंह विश्वविद्यालय के लिए गौरव का विषय है। बिहार एवं आसपास के क्षेत्र से आए हुए विषय के विद्वानों द्वारा दो दिनों तक चलने वाले मंथन से निश्चित रूप से चिकित्सा जगत को काफी लाभ होगा। आज जमुहार के देव मंगल सभागार में बीआर माइक्रोकोन 2025 के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए गोपाल नारायण सिंह विश्वविद्यालय के कुलाधिपति एवं पूर्व राज्यसभा सांसद गोपाल नारायण सिंह ने उक्त बातें कही। उन्होंने कहा कि माइक्रोबायोलॉजी चिकित्सा विज्ञान की अति महत्वपूर्ण विधा है और इसकी उपयोगिता और महत्व हमें कोरोना काल में विस्तृत रूप से पता चला। उन्होंने कहा कि चिकित्सा विज्ञान में बगैर जांच के चिकित्सकों को भी उपचार करने में कठिनाई होती है। इसलिए नित्य हो रहे नये अनुसंधान और खोज से अवगत होने के लिए इस प्रकार के आयोजन आवश्यक हैं।



उन्होंने इंडियन एशोसिएशन ऑफ मेडिकल माइक्रोबायोलॉजिस्ट बिहार चैप्टर द्वारा नारायण मेडिकल कॉलेज में आयोजन करने हेतु चयन के लिए आभार व्यक्त किया। आयोजन के आरंभ में सभी अतिथियों द्वारा दीप जलाकर उद्घाटन किया गया तथा सभी को अंग वस्त्र एवं प्रतीक चिन्ह से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति डॉक्टर जगदीश सिंह कुलाधिपति के सलाहकार डॉक्टर महेंद्र कुमार सिंह, विश्वविद्यालय के प्रति कुलाधिपति गोविंद नारायण सिंह, नारायण मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉक्टर हीरालाल महतो, चिकित्सा अधीक्षक डॉ पुनीत कुमार सिंह आदि ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम के अंत में नारायण मेडिकल कॉलेज के माइक्रोबायोलॉजी विभाग के सह प्राध्यापक डॉ राकेश कुमार ने धन्यवाद ज्ञापन किया। इस अवसर पर बिहार चैप्टर की अध्यक्ष डॉक्टर प्रोफेसर नम्रता कुमारी विभाग अध्यक्ष आइजीआइएमएस, पटना एवं सचिव डॉक्टर प्रोफेसर प्रियंका नारायण पीएमसीएच, पटना तथा नारायण मेडिकल कॉलेज के डॉ अश्विनी कुमार, डॉक्टर वर्णवाल, माइक्रोबायोलॉजी के विभाग अध्यक्ष डॉ आर के श्रीवास्तव आदि भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में आए विभिन्न चिकित्सा संस्थानों के प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने माइक्रोस्कॉपी से जीनोमिक्स तक आधुनिक युग की चुनौतियों का सामना करने के लिए माइक्रोबायोलॉजी को आगे बढ़ना, इस विषय पर अपने विचार प्रस्तुत किये। वार्षिक सम्मेलन के इस विषय पर वक्ताओं ने माइक्रोबायोलॉजी के क्षेत्र में तकनीकी बदलाव और पारंपरिक तथा आधुनिक तरीकों से इंटीग्रेशन पर जोर दिया। वक्ताओं ने कहा कि ऐतिहासिक रूप से माइक्रोबायोलॉजी सूक्ष्मजीवों का अध्ययन करने के लिए माइक्रोस्कोपिक और कल्चर आधारित तरीकों पर बहुत ज्यादा निर्भर थे।

# प्रधान सचिव राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग की अध्यक्षता में राजस्व संबंधी कार्यों की समीक्षा बैठक

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**सासाराम।** सी.के. अनिल, भा.प्र.से., प्रधान सचिव, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग की अध्यक्षता में डीआरडीए सभागार सासाराम में राजस्व संबंधित कार्यों की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गयी जिसमें जिलाधिकारी उदिता सिंह, अपर समाहर्त्ता-सह-अपर जिला दण्डाधिकारी पदाधिकारी ललित भूषण रंजन, जिला भू अर्जन पदाधिकारी मो.जफर हसन, अनुमंडल पदाधिकारी, बिक्रमगंज / डिहरी, भूमि सुधार उपसमाहर्त्ता बिक्रमगंज, सासाराम, डिहरी, सभी अंचल अधिकारी सम्मिलित हुए। विभागीय कार्य की समीक्षा के क्रम में प्रधान सचिव ने सरकार के कार्यों की प्राथमिकता निर्धारित करते हुए बताया कि इन चार बिन्दुओं पर विशेष महाअभियान 31 मार्च 2026 तक चलाया जाना है, जो निम्नवत है- दाखिल-खारिज के निष्पादन, परिमार्जन एवं परिमार्जन प्लस का कार्य 31.12.2025 तक पूर्ण करना, बिहार सरकार की भूमि की सुरक्षा एवं भूमि बैंक सृजन करना, अनु. जाति / अनु. जन जाति के व्यक्तियों के संबंध में वादों में शीघ्र निर्णय लेना। इन चारों बिन्दुओं पर विस्तार से चर्चा हुई और उपस्थित सभी राजस्व के पदाधिकारियों द्वारा अभियान चलाकर सभी लंबित मामलों को शीघ्र नियमानुसार निष्पादित करने का निदेश दिया गया। सरकार द्वारा भूमि सुधार जन कल्याण संवाद 12.12.2025 से पटना जिला से शुरूआत की गई है। यह संवाद राज्य के सभी जिला में किया जायेगा एवं इनमें हल्का कर्मचारी तक के कर्मियों का जिलावार समीक्षा किया जायेगा। इसी क्रम में सभी अंचल अधिकारियों को निदेश दिया गया कि सरकार के आईटी मैनेजर, आनन्द द्वारा निर्धारित किया हुआ इमेल आइडी आज ही सृजित करेंगे। सभी हल्का कर्मचारी को लैपटॉप प्रदान किया गया है। उन्हें जन उपयोगी बनाने के लिए सभी हल्का कर्मचारी इमेल सृजित करेंगे। उक्त कार्य का पर्यवेक्षण भूमि सुधार उपसमाहर्त्ता के द्वारा किया जाना है। भू-अर्जन के सभी मामलों का शीघ्र निष्पादन करेंगे एवं संबंधित भू-धारियों को पंचाट अनुसार शीघ्र भुगतान करेंगे।

# ऊर्जा संरक्षण के प्रति जन जागरूकता बढ़ाने हेतु जागरूकता यात्राओं का आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन-सोन।** पूर्व मध्य रेल, डी.डी.यू. मंडल के मंडल रेल प्रबंधक उदय सिंह मीणा के मार्गदर्शन में विद्युत सामान्य (सा.) विभाग द्वारा सुनील सिंह यादव, वरीय मंडल विद्युत अभियंता के तत्वावधान में ऊर्जा संरक्षण जागरूकता सप्ताह का आयोजन 8 से 14 दिसंबर 2025 तक किया जा रहा है। इस क्रम में मंडल के विभिन्न स्थलों पर ऊर्जा संरक्षण के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने हेतु जागरूकता यात्राओं का आयोजन किया गया। सीएमएस के नेतृत्व में मंडल लोको अस्पताल एवं रनिंग रूम-556, वरीय यांत्रिक अभियंता (डीजल) के नेतृत्व में डीजल शेड तथा वरीय मंडल विद्युत अभियंता (टी.आर.एस.) के नेतृत्व में टी.आर.एस. शेड में कर्मचारियों एवं रेल उपयोगकर्ताओं को ऊर्जा बचत का संदेश दिया गया। जागरूकता कार्यक्रम में सहायक मंडल विद्युत अभियंता इन्द्र जीत बहादुर, वरीय अनुभाग अभियंता आशुतोष कुमार झा सहित विद्युत विभाग के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर इन्द्रजीत बहादुर ने कहा कि बिजली एक अमूल्य संसाधन है जिसकी आवश्यकता एवं खपत पर नियंत्रण रखकर हम भविष्य को सुरक्षित बना सकते हैं। उन्होंने सभी से अपने दैनिक कार्यों में ऊर्जा संरक्षण अपनाने का आह्वान किया।




जागरूकता यात्रा के दौरान ऊर्जा संरक्षण से संबंधित अनेक प्रेरक नारे लगाए गए–बिजली बचाओ, देश बनाओ, ऊर्जा संरक्षण अपनाएं, उज्ज्वल भविष्य बनाएं, आज की बचत, कल की सुरक्षा, कम खपत, अधिक विकास, ऊर्जा है अमूल्य धरोहर, इसे बचाना है हमारा कर्तव्य। कार्यक्रम के माध्यम से सभी उपस्थित कर्मचारियों ने ऊर्जा संरक्षण को अपनी दिनचर्या में अपनाने तथा इसके महत्व को अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाने का संकल्प लिया गया।

# जदयू ने चलाया अधौरा में सदस्यता अभियान, 9 हजार सदस्य बनाने का दिया गया लक्ष्य

नवबिहार टाईम्स संवाददाता

**रामपुर (कैमूर)।** जनता दल यूनाइटेड ने शनिवार को अधौरा प्रखंड में भी सदस्यता अभियान 2025 से 2028 का शुभारंभ किया। पार्टी ने इस अभियान के तहत सभी पंचायत अध्यक्षों को प्रखंड में 9 हजार प्रारंभिक सदस्य बनाने का महत्वाकांक्षी लक्ष्य निर्धारित किया है। प्रखंड अध्यक्ष सुदामा खरवार ने बताया कि प्रथम चरण में जिला इकाई द्वारा 3,000 सदस्यों की रसीदें प्राप्त हुई हैं, जिन्हें भरकर 22 दिसंबर 2025 तक पार्टी के जिला कार्यालय में जमा करना है। उन्होंने आगे कहा कि द्वितीय चरण में शेष 6 हजार रसीदें प्राप्त होने के बाद 10 जनवरी 2026 तक पूरे लक्ष्य को प्राप्त कर लिया जाएगा। सदस्यता अभियान के शुभारंभ के लिए बैठक आयोजित की गई जिसकी अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष सुदामा खरवार ने किया। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में जिलाध्यक्ष अजय सिंह पटेल उपस्थित रहे, संगठन को मजबूती प्रदान करने के लिए मुख्य प्रवक्ता अतुल पटेल, जिला उपाध्यक्ष सीमा पांडेय, जिला उपाध्यक्ष लियाकत अंसारी, जिला उपाध्यक्ष मुन्ना पटेल मौजूद रहे। प्रखंड स्तरीय पर्यवेक्षक रूप में राम चेला साह को नियुक्त किया गया। वही सदस्यता प्रभारी के रूप में परमेश्वर खरवार एवं राजीव पासवान को नियुक्त किया गया। बैठक में सभी पंचायत के पंचायत अध्यक्ष एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।



## सरस्वती विद्या मंदिर में आईआईटीयन भैया पीयूष राज को किया गया सम्मानित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**सासाराम।** तिलौथू प्रखंड क्षेत्र के स्थानीय सरस्वती विद्या मंदिर के वंदना सभा में आई. आई. टी में अध्यनरत छात्र भैया पीयूष राज को अंग वस्त्र, पुष्पगुच्छ, कलम-डायरी देकर प्रधानाचार्य प्रमोद कुमार सिन्हा ने सम्मानित किया। महिला आचार्या प्रतिभा कुमारी एवं अनुप्रिया भारती ने भैया पीयूष के माताजी एवं उनकी बड़ी बहन मोनिका सोनी को सम्मानित किया। भैया पीयूष राज यहां से द्वादश कक्षा उत्तीर्ण कर आई.आई.टी धनबाद में अध्यनरत है। इनके पिता मनोहर प्रसाद स्थानीय किराना दुकान व्यवसायी हैं। भैया पीयूष राज ने अपने विद्यालय के भैया बहनों को संबोधित करते हुए कहा कि अच्छे विद्यालयों और अच्छे प्रतियोगिता में सफल होने के लिए सतत पढ़ाई जारी रखना चाहिए। स्कूल की कक्षाओं के पढ़ाई के उतार-चढ़ाव से निराश नहीं होना चाहिए। इसके लिए एकाग्र होकर सतत पढ़ना चाहिए। प्रारंभ में मैं भी पढ़ाई पर ध्यान कम देता था, लेकिन धीरे-धीरे जैसे-जैसे मेरी कक्षाएं बढ़ी मैं अपने पढ़ाई में समय को बढ़ाया और अंततः मुझे सफलता मिली। यहां के आचार्य ने मुझे बहुत ही प्रेरित किया और मैं अंत में विद्यालय के संस्कार और आचार्य के मार्गदर्शन के साथ आगे बढ़ रहा हूं। विद्यालय के उपप्रधानाचार्य सर्वेश चंद्र मिश्र ने कार्यक्रम को संचालित करते हुए कहा कि परिश्रम के अलावा कोई रास्ता नहीं होता है। आत्मविश्वास के साथ कार्य करने से सफलता प्राप्त होती ही है। प्रधानाचार्य प्रमोद कुमार सिन्हा ने बताया कि छोटे-छोटे प्रतियोगिताओं में भी सम्मिलित होना चाहिए इससे आत्मविश्वास बढ़ता है और अच्छे प्रतियोगिता में सफलता प्राप्त करने में सहायक होता है। अंत में इनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं की है।



## आईटीआई चोरी कांड मामले में एक और आरोपित गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**काराकाट।** रोहतास जिले के काराकाट थाना पुलिस ने बाद रोड स्थित आईटीआई में हुई चोरी की घटना के मामले में एक अन्य आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। वर्ष 2024 में थाना क्षेत्र के बाद रोड गोडारी में स्थित मनोज आईटीआई में चोरों ने सीसीटीवी कैमरों को तोड़-फोड़कर इनवर्टर, लेनेवो व सैमसंग के सीपीयू, प्रिंटर, ड्रिलिंग मशीन, मोटर समेत बहुमूल्य सामान चुरा लिया था। इस मामले में काराकाट थाने में प्रार्थी के बयान पर कांड संख्या 561/24 दर्ज किया गया था। पुलिस ने कार्रवाई तेज कर पहले ही मामले का उद्भाटन कर सामान बरामद किया और कुछ आरोपियों को पकड़ लिया था। अब नासरीगंज थाना क्षेत्र के डिहरी निवासी स्व. इमामुद्दीन शाह के पुत्र अख्तर अंसारी उर्फ अख्तर हुसैन को भी गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। थानाध्यक्ष विवेक कुमार ने इसकी पुष्टि की है।

**NAME CHANGE**

I, hitherto known as GUDDU DUBEY S/O BINOD DUBEY residing at Baghaun Narayanpur, Bhojpur, Bihar-802201, have changed my name and shall hereafter be known as PARITOSH DUBEY.

## व्यवहार न्यायालय डिहरी में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन, 68 आपराधिक मामलों का निबटारा




नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन-सोन।** व्यवहार न्यायालय डिहरी में 13 दिसंबर को राष्ट्रीय लोक अदालत का सफल आयोजन किया गया। इस अवसर पर कुल चार बेंचों का गठन किया गया जिनकी देखरेख में मामलों का सुलह-समझौते के आधार पर निष्पादन किया गया। लोक अदालत के लिए गठित बेंच इस प्रकार थे- राजदीप, अनुमंडलीय न्यायिक दंडाधिकारी, डिहरी–सदस्यः रितेश कुमार, अधिवक्ता, प्रवीण कुमार, प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी, डिहरी–सदस्य अधिवक्ता, ओमप्रकाश पाण्डेय, रिचा कश्यप प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी, सदस्य-राणा संदीप सिंह, अधिवक्ता, अर्चना कुमारी, सिविल जज (जूनियर डिवीजन), डिहरी–सदस्यः अधिवक्ता अमरनाथ सिंह, राष्ट्रीय लोक अदालत में सभी न्यायिक पदाधिकारियों की देखरेख में कार्यवाही संपन्न हुई। इस दौरान विभिन्न बैंकों के पदाधिकारी एवं कर्मी, वन विभाग तथा माप-तौल विभाग के अधिकारी भी उपस्थित रहे। लोक अदालत में 68 आपराधिक मामलों का सुलह के आधार पर निष्पादन किया गया। वहीं बैंकों से संबंधित 807 मामलों में से 139 मामलों का निपटारा करते हुए कुल 1 करोड़ 25 लाख 70 हजार 246 रुपये का सेटलमेंट किया गया। इस प्रक्रिया में विभिन्न बैंकों को 51 लाख 17 हजार 859 रुपये की राशि प्राप्त हुई। इसके अतिरिक्त आपराधिक मामलों से 40 हजार रुपये की वसूली की गई। राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से बड़ी संख्या में मामलों के त्वरित और सौहार्दपूर्ण समाधान से वादकारियों को राहत मिली तथा न्यायिक प्रक्रिया को गति मिली।

## अनुमंडल अधिकारी ने किया कार्यालय का निरीक्षण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन-सोन।** अनुमण्डल पदाधिकारी, डिहरी निलेश कुमार द्वारा अनुमण्डल कार्यालय एवं भूमि सुधार उप समाहर्ता कार्यालय डिहरी का निरीक्षण किया गया। उपस्थिति पंजी के जांच के क्रम में कुछ कर्मी अनुपस्थित पाए गए जिनका स्पष्टीकरण करते हुए अगले आदेश तक वेतन स्थगित किया गया। साथ ही कार्यपालक दण्डाधिकारी, डिहरी को भी समय से कार्यालय नहीं आने के कारण कारणपृच्छा की गयी एवं सभी पदाधिकारियों एवं कर्मियों को समय पर कार्यालय आने का निदेश दिया गया।

## लोजपा 'रा' के जिलाध्यक्ष बने प्रेमतोष कुमार सिंह, कार्यकर्ता में हर्ष

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**सासाराम।** लोक जनशक्ति पार्टी 'रा' के रोहतास जिलाध्यक्ष प्रेमतोष कुमार सिंह उर्फ बंटी पर भरोसा जताते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष सांसद चिराग पासवान, संसदीय बोर्ड अध्यक्ष हुलास पांडेय, प्रदेश अध्यक्ष सह विधायक राजू तिवारी, प्रदेश उपाध्यक्ष अशरफ अंसारी को रोहतास जिला के कार्यकर्ताओं ने रोहतास जिलाध्यक्ष बनाये जाने पर बधाइयां दी है।

## डीएम ने लोक शिकायत निवारण में तीन मामलों का किया निस्तारण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**सासाराम।** जिलाधिकारी उदिता सिंह द्वारा लोक शिकायत निवारण के तहत शनिवार को प्राप्त 21 द्वितीय अपील आवेदनों पर सुनवाई की गई। सुनवाई के दौरान लोक प्राधिकार के रूप में जिला पंचायती राज पदाधिकारी रोहतास, अनुमंडल पदाधिकारी डिहरी, कार्यपालक अभियंता विद्युत आपूर्ति प्रमंडल, डिहरी, कार्यपालक अभियंता लोक स्वास्थ प्रमंडल सासाराम आदि उपस्थिति रहे। परन्तु अनुमंडल पदाधिकारी बिक्रमगंज, भूमि उप समहर्ता बिक्रमगंज अन्य कार्य में व्यस्त रहने के कारण उपस्थित नहीं हुए जिसके कारण उनसे संबंधित परिवाद पर सुनवाई नहीं किया गया। लोक प्राधिकार द्वारा अनुपालन प्रतिवेदन समर्पित किया गया। प्राप्त अनुपालन प्रतिवेदन के अलोक में सुनवाई की गई तथा उपस्थित पक्षों को विस्तार से सुना गया। सुनवाई के दौरान धनंजय कुमार सिंह, रवींद्र कुमार एवं मधु देवी के शिकायतों का निराकरण करते हुए निष्पादित किया गया। शेष मामलों में लोक प्राधिकार को निर्देश दिया गया कि अगली निर्धारित तिथि को अनुपालन प्रतिवेदन के साथ उपस्थित रहें। साथ ही लोक प्राधिकार को परिवादों को निस्तारण हेतु कई निर्देश भी दिए गए।

**e-Procurement Cell**

**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER, BUILDING CONSTRUCTION DEPARTMENT, BUILDING DIVISION, GARHWA.**

Email Id-eengbcdgarhwa-jhr@nic.in

**VERY SHORT TERM E- QUOTATION INVITATION NOTICE**

Quotation Reference No: **BCD/GARHWA -24/2025-26**

Sealed Quotations are invited for the work **(1) Name of Work:- Wooden Flooring & Other Works in Indoor Badminton Court At Police Line Garhwa Distt Garhwa for the year 2025-26.** for all Materials from Reputed Shop Keepers/Manufacturers/Suppliers/Retailers/Distributors/ Aluminum Work and Registered B.C.D. Contractors for following items. They should quote their rates for unit mentioned in the table, If they do not deals all of the below mentioned items then they are allowed to quote their rate for part of the items which ever they deals. The rates should be exclusive of all types of Taxes, GST, Contractor's Profit and overhead charges etc. but inclusive of Royalty. All Rates should be exclusive of Labour Cess.

**Terms and Condition**

1. The quotationer shall furnish Pan, GST registration no.
2. The rate quoted by quotationer shall be firm and final.
3. The undersigned reserves the right to accept or reject/cancel any or all quotations without assigning any reason thereof.

नोटः–

1. वेबसाईट में ई–कोटशन प्रकाशन की तिथिः 22.12.2025 के अपराह्न 3:30 बजे।
2. वेबसाईट में ई–कोटेशन अपलोड की अंतिम तिथिः 29.12.2025 के अपराह्न 1:00 बजे तक।
3. ई–कोटेशन खोलने की तिथि एवं समयः 30.12.2025 अपराह्न 3:30 बजे। (अधीक्षण अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन अंचल सं0–02, राँची)
4. ई–कोटेशन आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पताः कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, गढ़वा।
5. ई–कोटेशन प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0: 9955921643
6. कोटेशनदाता को यू–केन रजिस्ट्रेशन की फोटोकॉपी अपलोड करना अनिवार्य है।

नोटः जो कोटेशनदाता अधीक्षण अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन अंचल सं0–02, राँची के कार्यालय में हार्ड कॉपी जमा करेंगे उन्ही का रेट खोला जायेगा।

अन्य किसी जानकारी के लिए वेबसाईट **http://jharkhandtenders.gov.in** पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, गढ़वा।

PR 368457 Building(25-26)D

# राजगीर महोत्सव 2025 की तैयारी अंतिम चरण में

## डीएम-एसपी ने राजगीर महोत्सव स्थल का निरीक्षण कर अधिकारियों के साथ की बैठक

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**बिहारशरीफ।** राजगीर महोत्सव 2025 को भव्य, सुव्यवस्थित और यादगार बनाने के लिए जिला प्रशासन ने कमर कस ली है। जिलाधिकारी कुंदन कुमार एवं पुलिस अधीक्षक भारत सोनी की संयुक्त अध्यक्षता में आरआईसीसी, राजगीर में संबंधित विभागों के पदाधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई, जिसमें महोत्सव से जुड़ी सभी तैयारियों की गहन समीक्षा की गई। गौरतलब है कि राजगीर महोत्सव का आयोजन 19, 20 एवं 21 दिसंबर 2025 को प्रस्तावित है। मुख्य कार्यक्रम स्थल आरआईसीसी परिसर एवं हॉकी मैदान के समीप स्थित खाली भूखंड को बनाया गया है। तीन दिवसीय इस आयोजन को लेकर प्रशासन द्वारा व्यापक स्तर पर गतिविधियों की रूपरेखा तैयार की गई है। समीक्षा बैठक के दौरान विधि-व्यवस्था एवं सुरक्षा, समारोह स्थल की तैयारी, विद्युत प्रकाश व लाइटिंग, प्रचार-प्रसार, सांस्कृतिक संध्या, प्रदर्शनी एवं स्टॉल, कृषि मेला, व्यंजन मेला, महिला महोत्सव, सद्भावना मार्च, तांगा व पालकी सज्जा, स्वच्छता, पेयजल, शौचालय व जनसुविधा, खेल महोत्सव, नुक्कड़ नाटक, आमंत्रण पत्र वितरण, सर्वधर्म मंगलाचरण, यातायात एवं वाहन पार्किंग, चिकित्सा सुविधा, सड़क मरम्मत, निजी भवनों व होटलों की सज्जा प्रतियोगिता, उद्घाटनऽसमापन समारोह एवं पुरस्कार वितरण जैसे विषयों पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया।

जिलाधिकारी ने सभी विभागों को स्पष्ट निर्देश दिया कि निर्धारित समय-सीमा में सभी कार्य पूर्ण हों, किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

डीएम कुंदन कुमार ने बताया कि महोत्सव के दौरान राजगीर शहरी क्षेत्र के होटल, निजी भवन एवं व्यावसायिक प्रतिष्ठान लाइटिंग से सुसज्जित होंगे। इसके लिए विशेष प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी, जिसमें सर्वश्रेष्ठ लाइटिंग करने वालों को जिला प्रशासन द्वारा सम्मानित किया जाएगा।

राजगीर महोत्सव में इस बार राजगीर की ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक विरासत को विशेष रूप से प्रदर्शित किया जाएगा।

मौर्यन साम्राज्य, गुरुद्वारा, जरासंध अखाड़ा, शांति स्तूप, ब्रह्म कुंड सहित अन्य ऐतिहासिक स्थलों की जानकारी एग्जीबिशन और प्रदर्शनी के माध्यम से आमजन तक पहुंचाई जाएगी। जिलाधिकारी ने अनुमंडल पदाधिकारी राजगीर को निर्देश दिया कि राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय पर्यटकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए पैकेज टूर, रात्रि पर्यटन, प्रकाश व्यवस्था, मल्टी-स्टोरेज पार्किंग, वेंडिंग जोन तथा पर्यटन स्थलों पर विधि-व्यवस्था को सुदृढ़ किया जाए, ताकि अधिक से अधिक पर्यटक राजगीर की ओर आकर्षित हों। पुलिस अधीक्षक भारत सोनी ने बैठक में कहा कि महोत्सव के दौरान शांति, सुरक्षा और विधि-व्यवस्था सर्वोच्च प्राथमिकता होगी। उन्होंने अग्निशमन व्यवस्था, यातायात नियंत्रण एवं वाहन पार्किंग को पूरी तरह व्यवस्थित रखने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने महोत्सव स्थल का स्थलीय निरीक्षण करते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि 17 दिसंबर 2025 तक सभी स्टॉल, मंच और आवश्यक संरचनाएं पूरी कर ली जाएं। बैठक में नगर आयुक्त, उप विकास आयुक्त, अपर समाहर्ता, अपर समाहर्ता (आपदा प्रबंधन), विशेष कार्य पदाधिकारी (गोपनीय शाखा), अनुमंडल पदाधिकारी राजगीर, जिला परिवहन पदाधिकारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, डीपीओ (आईसीडीएस) सहित शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, समाज कल्याण एवं अन्य विभागों के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# प्रोजेक्ट बालिका प्लस टू उच्च विद्यालय हरनौत में टीएलएम मेला आयोजित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**बिहारशरीफ।** हरनौत बाजार स्थित प्रोजेक्ट बालिका प्लस टू उच्च विद्यालय के प्रांगण में शनिवार को टीएलएम मेला कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रोजेक्ट बालिका प्लस टू उच्च विद्यालय के प्रधानाध्यापक विनोद कुमार और उत्क्रमित मध्य विद्यालय सबनाहुआ के प्रधानाध्यापक राजाराम पासवान एवं अन्य शिक्षकों के द्वारा दीप प्रज्जित कर किया गया। कार्यक्रम का संचालन राजाराम पासवान के द्वारा किया गया। इस मौके पर कन्या मध्य विद्यालय हरनौत, उत्क्रमित मध्य विद्यालय सबनाहुआ और बस्ती प्राथमिक विद्यालय बबन बीघा, सवनहुआ डीह, पोरई, डीहरीगढ़ के विद्यालय से आए शिक्षक-शिक्षकों ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुति दी। गणित, हिंदी, व्याकरण, विज्ञान एवं सामाजिक विज्ञान एवं अन्य विषय पर आधारित कई मॉडल लगाए गए थे। जिसका निर्माण शिक्षकों ने खुद किया था। इस दौरान अतिथियो ने सभी मॉडल का अवलोकन किया और बेहतर करने वाले की हौसला बढ़ाया। मौके पर मौजूद राजाराम पासवान ने बताया कि शिक्षा विभाग के निर्देशन अनुसार सीआरसी क्षेत्र के कुल सात विद्यालय भाग लिए जिसमें प्रथम स्थान उत्क्रमित मध्य विद्यालय सबनाहुआ, दूसरे स्थान पर प्राथमिक विद्यालय डीहरीगढ़ और तीसरे स्थान पर उत्क्रमित मध्य विद्यालय बस्ती रहा। प्रथम दूसरा एवं तीसरा स्थान प्राप्त करने वाले शिक्षकों को प्रशस्ति पत्र एवं मैडल देकर सम्मानित किया गया। उन्होंने बताया कि बच्चों और शिक्षक मिलकर स्कूल में जो शिक्षण कार्य करेंगे। जो बच्चा में अधिक समझ विकसित हो इसीलिए यह कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है। इस तरह के कार्यक्रम से बच्चों में वैज्ञानिक सोच का भाव बनता है। वही इस मौके पर प्रधानाध्यापक महारानी देवी, अजय कुमार, श्वेता कुमारी, और शिक्षक रजनीश कुमार, सरोज कुमारी, विमला देवी, निर्णायक मंडली रीना कुमारी, सोनी कुमारी, विश्वास नाथ एवं सैकड़ो छात्र एवं छात्राएं मौजूद थे।

# इंटर स्कूल स्पोर्ट्स मीट के क्वार्टर फाइनल का मैच रोमांचक

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**बिहारशरीफ।** शनिवार को नालंदा सहोदया क्लस्टर द्वारा आयोजित दस दिवसीय इंटर स्कूल स्पोर्ट्स मीट के सातवे दिन नालन्दा हेरिटेज स्कूल, नालन्दा में सीता शरण मेमोरियल स्कूल, भतहर एवं आरपीएस स्कूल, कचहरी के बीच क्वार्टर फाइनल का मैच खेला गया। आज के मुकाबलों में दोनो टीमों ने ऐसा रोमांच पेश किया की दर्शको की तालियों थमने का नाम नहीं ले रही थी। टॉस जीतकर सीता शरण मेमोरियल स्कूल, भतहर ने पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया गया, जो कि विपक्षी टीम के लिए घातक सिद्ध हुआ। आयुष्मान भारद्वाज ने घातक गेंदबाजी करते हुए 2 ओवर में 17 रन देकर आरपीएस के 5 खिलाड़ियों को पैवेलियन का रास्ता दिखाया और विपक्षी टीम की कमर तोड़ दी। आरपीएस स्कूल, कचहरी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 8.4 ओवर में मात्र 56 रनो का न्युनतम स्कोर खड़ा किया। लक्ष्य का पीछा करते हुए सीता शरण मेमोरियल स्कूल ने मात्र 7.1 ओवर में 5 विकेट खोकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। आयुष्मान भारद्वाज को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्लेयर ऑफ द मैच घोषित किया गया। सीता शरण मेमोरियल स्कूल के निदेशक डॉ. संजय कुमार, प्राचार्य संजय कुमार एवं कैरियर पब्लिक स्कूल प्राचार्य ई. संदीप कुमार, उपप्राचार्या अणुप्रिया भारती मौजूद रहे एवं सभी खिलाड़ियों को सराहना करते हुए उनके अगले मैच की जीत के लिए शुभकामना दी।

# कृषि विज्ञान केंद्र में राजस्थान से दूरदर्शन पर कृषि चौपाल का प्रसारण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**बिहारशरीफ।** हरनौत कृषि विज्ञान केन्द्र हरनौत में शनिवार को राजस्थान से दूरदर्शन पर कृषि चौपाल का प्रसारण किया गया । यह प्रसारण हर माह के दूसरे शनिवार को किया जाता है। इसी श्रेणी में आज 12वें भाग के अन्तर्गत 'तिलहन फसल की आधुनिक खेती का आयोजन आइसीएआर - भारतीय तिलहन अनुसंधान संस्थान भरतपुर राजस्थान से किया गया। जिसमें किसानो को तिलहन फसलों की उत्पादन एवं उत्पादकता बढ़ाने के नवीनतम तकनिकों जैसे बीज उपचार, फसल बुआई के तरीके, खरपतवार नियंत्रण, पोषकतत्व प्रबंधन, रोग एवं व्याधि प्रबंधन, भंडारण के साथ सरसों की प्राकृतिक खेती, डंठल का समाधान इत्यादि विषयों पर परिचर्चा कि गई। इस अवसर पर कृषि विज्ञान केन्द्र, हरनौत नालन्दा में किसानों ने प्रसारण को ध्यान से सुना और लाभ उठाया। मौके पर उपस्थित फार्मर ऑफ द ईयर अवार्ड 2025 से सम्मानित प्राकृतिक खेती के जिला निगरानी समिति नालंदा के सदस्य वीर अभिमन्यु सिंह ने प्राकृतिक खाद बनाने और खेती करने का किसानों से आग्रह किया और रसायनिक खेती जहर मुक्त खेती के नुकसान और प्राकृतिक खेती के लाभ के बारे बताया। श्री सिंह ने कहा कि अब हमें हरित क्रांति और पेट भरने की निती को त्याग कर पूर्वजों के जमाने की खेती अपनाएं। रसायनिक खेती का सबसे बड़ा नुक्सान वर्तमान और भविष्य दोनों पीढ़ियों की भविष्य खराब हो रही है। आज हर तरफ बड़ी बड़ी बीमारियां तेजी से पैर पसार रही है। इसका निराकरण किसी डॉक्टर और वैज्ञानिकों के पास नहीं है। सिर्फ और सिर्फ इस समस्याओं का समाधान कृषक ही कर सकते हैं। उसमें भी प्राकृतिक खेती के माध्यम से लोगों को निरोग और रोगमुक्त बना सकते हैं। लाइव कार्यक्रम में मृदा वैज्ञानिक उमेश नारायण उमेश, निर्मल कुमार, अनुराग कुमार, रंजन कुमार, हरेंद्र प्रसाद, रविकांत कुमार, अजीत कुमार या मनोज कुमार अनूप कुमार प्रवीणकांत पांडे, कुंदन कुमार, सत्येन्द्र नारायण सिंह समेत दर्जनों किसान शामिल हुए। किसानों को यह बताया गया कि 17 पोषक तत्वों में से तेलहनी फसलों में 6 पोषक तत्वों नाइट्रोजन, फास्फोरस, पोटाश, सल्फर, जिंक एवं बोरोन की ज्यादा आवश्यकता होती है।

## एक नजर

### सड़क हादसे में घायल किशोर की मौत

**पकरीबरावां।** गुरुवार की देर रात्रि को पकरीबरावां बाजार में अनियंत्रित वाहन की चपेट में गंभीर रूप से घायल पकरीबरावां प्रखण्ड मुख्यालय के गुलजारबाग मोहल्ले के 14 वर्षीय मो. फैज अकरम की मौत पटना में इलाज के दौरान हो गई। बताया जाता है कि तीनों किशोर ट्यूशन पढ़कर आने के बाद बाजार निकले थे। इस दौरान एक डेयरी वाहन ने तीनों को कुचल दिया। तीन किशोरों में से दो किशोर मो. फैज अकरम एवं जैद खान को इलाज के लिए पटना रेफर किया गया, जहां इलाज के दौरान फैज की मौत हो गई। इधर, किशोर की मौत एवं शव के घर आते ही कोहराम मच गया। परिवार के सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।

### कन्या इंटर विद्यालय में टीएलएम मेला का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नवादा।** शुक्रवार को नवादा स्थित कन्या इंटर विद्यालय के प्रांगण में सुबह 11 बजे से टीएलएम मेला का आयोजन किया गया । इस मेला में संकुल स्तरीय विद्यालय के शिक्षकों ने अपना अपना टीएलएम प्रस्तुत किया। टीएलएम प्रस्तुतीकरण में प्रथम स्थान उत्क्रमित मध्य विद्यालय बुधौल की शिक्षिका प्रियंका ने प्राप्त किया। दूसरे स्थान पर शिक्षिका शिल्पा शाही, आरक्षी केंद्र नवादा तथा तीसरे स्थान पर भदौनी की शिक्षिका अर्पणा ने प्राप्त किया। इस मेला के समापन के पूर्व संकुल संचालक डॉ सुजय कुमार के द्वारा सभी शिक्षकों को प्रोत्साहित किया गया एवं संकुल समन्वय के द्वारा सभी शिक्षकों को धन्यवाद ज्ञापित किया गया। संकुल समन्वय डॉ सुजय कुमार ने कहा कि इस मेला में शिक्षक अपने-अपने स्तर से पढ़ाई के तरीकों को एक दूसरे के साथ शेयर करते हैं। प्रदर्शनी के रूप में उसे दिखाते हैं, ताकि दूसरे विद्यालयों के शिक्षक भी उसे देखकर ग्रहण करें और बच्चों को उच्च तकनीकी शिक्षा का ज्ञान दे सकें। इस मौके पर कन्या इंटर विद्यालय के प्राचार्य के साथ-साथ पार नवादा हिंदी की सहायक शिक्षक आशा कुमारी, राकेश कुमार, कुमारी स्मिता, मो मकसूद आलम, रंजीता कुमारी, शबाना परवीन, रेखा कुमारी, प्रियंका, मुकेश वर्मा, बिंदु कुमारी, अपर्णा कुमारी, रिजवाना खातून सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### संकुल स्तर पर टीएलएम मेला आयोजित

**पकरीबरावां।** संकुल स्तर पर टीएलएम मेला आयोजित की गई। शनिवार को उच्च माध्यमिक विद्यालय पकरीबरावां उत्तरी में टीएलएम मेला में विभिन्न विद्यालयों के शिक्षक टीएलएम बनाकर प्रदर्शित किए। इस दौरान बेहतर टीएलएम का चयन किया गया। टीएलएम बनाने वाले शिक्षकों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इधर, उच्च माध्यमिक विद्यालय मठ गुलनी में टीएलएम मेला आयोजित की गई। संचालक संजीव चौधरी और मास्टर ट्रेनर राहुल कुमार की देख रेख में आयोजित टीएलएम मेला में शिक्षकों ने एक से बढ़कर एक टीएलएम बनाये। प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पाने वाले शिक्षकों को सम्मानित किया गया।

### किसान यूरिया और डीएपी खाद के कालाबाजारी से परेशान

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नारदीगंज,नवादा।** प्रखंड क्षेत्र के किसान इन दिनों यूरिया और डीएपी खाद के कालाबाजारी से परेशान हैं। किसी भी किसान को समय के साथ यूरिया और डीएपी खाद नहीं मिल रहा है। जिसके कारण रबी का फसल बर्बाद हो रहा है। रबी फसलों का बुआइ भी हो रहा है। अभी रबी के पौधे में खाद डालने का कार्य शुरु हो गया है। किसान सह पूर्व जिला पार्षद कृष्णदेव सिंह,विजय सिंह, मिथिलेश सिंह, अनिल सिंह, रामपुर के राजीव कुमार ने शनिवार को बताया कि प्रखंड क्षेत्र में एक दर्जन से अधिक खाद की दुकान है। सभी दुकानों में पर्याप्त मात्रा में यूरिया और डीएपी खाद उपलब्ध है। लेकिन सभी दुकानदारों द्वारा खाद की अनुपलब्धता बता कर किसानों को परेशान किया जा रहा है और वहीं दुकानदार रात के अंधेरे में भोले भाले किसानों को महंगे दर पर बेचा जा रहा है। वह भो किसानों को जरुरत के अनुसार एक दो बोरा खाद नहीं दे रहा है। खुदरा बिक्री कर रहा है। जबकि उसके गोदाम में खाद भरा पूरा है। खाद रहने के बावजूद ऐसे में किसान खाद के लिए भटक रहे हैं जबकि सरकार कहती है कि भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाया जा रहा। बावजूद ऐसा नहीं हो पा रहा है। जब सरकार राशन का पूरा लाभ देने की बात कह रही है तो, किसानों को भी खाद आवश्यकता नुसार उपलब्ध होना चाहिए। इस बाबत पूर्व जिला पार्षद ने कहा इस मामले की शिकायत पदाधिकारी को मोबाइल से किया गया है, ताकि किसानों को खाद उचित मूल्य पर पर आवश्यकता नुसार से उपलब्ध हो सके। इधर, बीएओ विवेक कुमार गौरव ने बताया कि प्रखंड क्षेत्र में पर्याप्त मात्रा में सभी तरह का विक्रेताओं के दुकान में खाद उपलब्ध है। सरकारी दर पर खाद बिक्री करने के लिए विक्रेताओं को निर्देश दिया गया है। शिकायत के आलोक में जांचोपरांत कार्रवाई की जायेगी।

# संकुल स्तरीय टीएलएम मेला का किया गया आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कौआकोल।** बिहार शिक्षा परियोजना, नवादा निपुण बिहार मिशन के तहत व शिक्षा विभाग के दिशा निर्देश पर प्रखण्ड के गायत्री प्रोजेक्ट कन्या इंटर विद्यालय कौआकोल में शनिवार को संकुल स्तरीय शिक्षण अधिगम सामग्री (3.0) से सम्बंधित टीएलएम मेला का आयोजन किया गया। जिसमें संकुल के विभिन्न विद्यालयों के प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। टीएलएम मेला में गणित, विज्ञान एवं सामाजिक विज्ञान से सम्बंधित प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। संकुल अंतर्गत विभिन्न विद्यालयों के प्रतिभागियों ने स्वयं निर्मित टीएलएम को प्रदर्शित किया। संचालक व गायत्री प्रोजेक्ट बालिका इंटर विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य संदीप कुमार ने बताया कि कार्यक्रम के आयोजन का मुख्य उद्देश्य बच्चों को रोचक तरीके से गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने के लिए व प्रतिस्पर्धी माहौल देकर उन्हें सृजनशील बनाना है। उन्होंने कहा कि समन्वयक व उत्क्रमित मध्य विद्यालय पावापुरी गोवरैया के प्रधानाध्यापक महेंद्र दास की देखरेख में आयोजित प्रदर्शनी के बाद आदर्श उत्क्रमित मध्य विद्यालय सोखोदेवरा को प्रथम, उत्क्रमित मध्य विद्यालय पचम्बा को द्वितीय एवं उत्क्रमित मध्य विद्यालय जोरावरडीह को तृतीय स्थान घोषित किया गया तथा सभी विजेताओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

# नवादा सिविल कोर्ट में राष्ट्रीय लोक अदालत : एक तेज, समाधान भरी पहल की हुई शुरुआत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो





**नवादा।** शनिवार को नवादा के सिविल कोर्ट परिसर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन हुआ। सुबह 10 बजे से शुरू हुए इस विशेष सत्र का उद्देश्य ट्रैफिक चालान, बैंक ऋण, बिजली बिल, भू-अर्जन, वन व श्रम संबंधी मामलों को आपसी समझौते के ज़रिए जल्दी से निपटाना है। विधिक सेवा प्राधिकार के निर्देश पर आयोजित इस कार्यक्रम में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश शिल्पी सोनीराज , डीएम रवि प्रकाश और एसपी अभिनव धीमान ने दीप जलाकर शुभारंभ किया। फरियादियों की सुविधा के लिए बेंच स्थापित की गई।

जिला सत्र एवं न्यायाधीश शिल्पी सोनीराज ने बताया कुल 3967 मामला था , जिनमें इतने हीं मामलों का नोटिश जारी किया गया था। कई बैंक से जुड़े मामले शामिल थे, अन्य मामलों में क्रिमिनल, मोटर वाहन दुर्घटना, माप-तौल, वन, बिजली, श्रम और पारिवारिक विवाद शामिल थे। उन्होंने बताया कि इस लोक अदालत से न केवल लंबित चालानों का त्वरित समाधान हुआ, बल्कि अतिरिक्त जुर्माने और अदालत प्रक्रिया से भी राहत मिली। एसपी अभिनव धीमान ने कहा, लोक अदालत में आपसी समझौते के आधार पर वादों का निपटारा तेज़ और प्रभावी है, और पुलिस प्रशासन पूरी तरह सहयोग दे रहा है। इस अवसर पर उपस्थित पक्षकारों ने बताया कि वर्षों पुराने मामलों का समाधान होने से उन्हें अब अदालत के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। कार्यक्रम में पेयजल, एम्बुलेंस और सुरक्षा की व्यवस्था भी की गई थी, जिससे सभी को सहज अनुभव मिला। नवादा सिविल कोर्ट में आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत ने एक बार फिर दिखा दिया कि आपसी सुलह और त्वरित न्याय कैसे संभव है। इस तरह के आयोजनों से न सिर्फ न्याय प्रणाली पर बोझ कम होता है, बल्कि आम जनता को भी राहत मिलती है।

# रजौली के शिक्षकों में आक्रोश, शहरी आवास भत्ता न मिलने पर प्रतिनिधिमंडल करेगा डीइओ से मुलाक़ात

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**रजौली (नवादा)।** नगर पंचायत रजौली में अवस्थित और इसके 8 किलोमीटर की परिधि में पड़ने वाले विद्यालयों के शिक्षकों के आवास भत्ता संबंधी मुद्दे को लेकर आज एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में शामिल शिक्षक नेता अजित सिंह, प्रधानाध्यापक राजेश कुमार, शिक्षक अशोक कुमार के साथ अन्य शिक्षकों ने वारसलीगंज और हिसुआ की तर्ज पर आवास भत्ता देने की मांग की। शिक्षक नेता ने बताया कि शिक्षकों में इस बात को लेकर काफी रोष है कि नगर पंचायत रजौली में कार्यरत पुराने नियमित शिक्षकों को तो शहरी आवास भत्ता प्राप्त है, लेकिन वहीं विशिष्ट शिक्षकों और नियोजित शिक्षकों को अब तक यह लाभ नहीं मिला है। इसके अतिरिक्त रजौली नगर पंचायत के आठ किलोमीटर के दायरे में स्थित विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों का शहरी आवास भत्ता भी अभी तक नहीं बढ़ाया गया है। शिक्षकों ने इस वेतन विसंगति पर गहरी नाराज़गी व्यक्त की। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि अपनी मांगों को जिला शिक्षा पदाधिकारी तक पहुंचाने के लिए एक प्रतिनिधिमंडल का गठन किया जाएगा। यह प्रतिनिधिमंडल अपनी मांगों को लेकर सोमवार को जिला कार्यालय में जिला शिक्षा पदाधिकारी से भेंट करेगा और उन्हें अपनी समस्याओं से अवगत कराएगा। शिक्षकों का मानना है कि समान कार्य के लिए समान वेतन और भत्ते का सिद्धांत लागू होना चाहिए।

# मृत्यु प्रमाण पत्र जारी करने के लिए पंचायत सचिव ने मांगे दस हजार रूपये

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रजौली।** रजौली थाना क्षेत्र के लेंगुरा गांव में पंचायत सचिव पर एक गरीब परिवार से मृत्यु प्रमाण पत्र जारी करने के एवज में 10 हजार रूपये की मोटी रकम मांगने का गंभीर आरोप लगा है। गांव निवासी मो. शमशेर आलम ने इस संबंध में अनुमंडल पदाधिकारी और जिला पदाधिकारी को लिखित आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है और पंचायत सचिव के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। शिकायतकर्ता मो. शमशेर आलम, जो कलीम उद्दीन के बेटे हैं,उन्होंने अधिकारियों को बताया कि उनके पिता का निधन 9 मार्च 2025 को उनके निजी आवास पर हो गया था। इसके बाद उन्होंने आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करते हुए मुखिया, वार्ड सदस्य, चौकीदार और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता समेत चार गवाहों के हस्ताक्षर और मुहर के साथ अनुमंडल कार्यालय में एफिडेविट जमा करवाकर मृत्यु प्रमाण पत्र के लिए आवेदन किया था। आलम का आरोप है कि आवेदन जमा किए हुए तीन महीने से अधिक का समय बीत चुका है, लेकिन लेंगुरा के पंचायत सचिव दीपू कुमार गुप्ता प्रमाण पत्र जारी नहीं कर रहे हैं। आलम के अनुसार, सचिव गुप्ता खुलेआम उनसे 10,000 रूपये की 'घूस' की मांग कर रहे हैं। शमशेर आलम ने अपने आवेदन में स्पष्ट किया है कि पंचायत सचिव यह कहकर प्रमाण पत्र रोक रहे हैं कि मृतक का देहांत लेंगुरा में नहीं हुआ है, जबकि यह दावा 'बिल्कुल झूठ' है, जिसकी जांच आसानी से की जा सकती है।आलम का कहना है कि प्रमाण पत्र न देने का असली कारण केवल पैसा नहीं देना है, जिसके कारण पंचायत सचिव उन्हें बार-बार परेशान कर रहे हैं। शमशेर आलम ने अधिकारियों से अनुरोध किया है कि वे इस 'अतिसंवेदनशील' मामले में हस्तक्षेप करते हुए संबंधित पंचायत सचिव को मृत्यु प्रमाण पत्र शीघ्र जारी करने का आदेश दें और उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई करें। उन्होंने इस 'पुनीत काय' के लिए अधिकारियों का सदा आभारी रहने की बात कही है। इस मामले में, पंचायत सचिव दीपू कुमार गुप्ता का पक्ष जानने के लिए कई बार प्रयास किए गए, लेकिन उन्होंने फोटो रिसीव करना भी उचित नहीं समझा, जिससे उनका पक्ष जानने की कोशिश विफल रही। हालांकि इस संबंध में एसडीएम रजौली स्वतंत्र कुमार सुमन ने बताया कि पीड़ित पक्ष के द्वारा आवेदन दिया गया है। मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच कराया जाएगा और दोषी पाए जाने पर उचित कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

# हिन्दी विभाग के पूर्व विभागाध्यक्ष के निधन पर टीएस कॉलेज में शोकसभा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हिसुआ।** स्थानीय टीएस कॉलेज, हिसुआ के हिन्दी विभाग के पूर्व विभागाध्यक्ष डॉ. नवल किशोर शर्मा का देहांत शुक्रवार को हो गया जिससे पूरा महाविद्यालय परिवार मर्माहत है, शनिवार को प्राचार्य डॉ पवन कुमार शर्मा के अध्यक्षता में टीएस कॉलेज, हिसुआ में शोकसभा आयोजित आयोजित किया गया। मूल रूप से नालंदा जिले के थरथरी प्रखंड के छोटी छारिया गांव के रहने वाले डॉ. नवल किशोर शर्मा 1985 से 2018 तक टीएस कॉलेज हिसुआ में कार्यरत रहे, शोकसभा में प्राचार्य डॉ. पवन कुमार शर्मा ने बताया कि डॉ नवल किशोर शर्मा हमेशा छात्र छात्राओं के हित में कार्य करते रहे और अपने विद्वता से छात्र छात्राओं के बीच बहुत चर्चित रहते थे, महाविद्यालय परिवार के सभी सदस्यों द्वारा दो मिनट का मौन धारण कर उनको श्रद्धांजली दी गई। शोकसभा में महाविद्यालय के वितेक्षक डॉ स्वर्गेश कुमार, डॉ मिथिलेश पासवान,एन.सी.सी. पदाधिकारी डॉ. सुनील कुमार दुबे, डॉ. पूनम भारती, डॉ. अमरदीप अंभोरे, डॉ कुमारी सुधा देवी, डॉ.अंजलि कुमारी, डॉ.कुमारी प्रतिभा सिंह, डा चंदन कुमार सिंह,डॉ. दिव्या पण्डेय, डॉ चंद्रशेखर शांडिल्य, डॉ गरिमा वर्मा,डॉ उपेन्द्र कुमार मिश्रा, डॉ मांडवी रानी, डॉ रीता सिंहा, डॉ पप्पू कुमार, डॉ राकेश चौधरी, डॉ हेगोयल, डॉ चंदेश कुमार, डॉ. उत्तम कुमार,प्रधान सहायक राजेश कुमार, मीडिया प्रभारी मुकेश कुमार, अनिल कुमार, शैलेंद्र कुमार, अजय कुमार शर्मा, मीना कुमारी, सचिदानंद मिश्रा, सिंधुकांत, प्रवीण कुमार, शंकर कुमार, राधारमण, दीपक कुमार, रौशन कुमार, अविनाश कुमार, उमेश कुमार, संगीता कुमारी आदि मौजूद रहे।

# क्रिकेट टूर्नामेंट में कादिरगंज कोब्रास की पहली जीत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा।** जिला क्रिकेट एसोसिएशन नवादा से मान्यता प्राप्त चैलेंजर ट्रॉफी अंडर 14 क्रिकेट टूर्नामेंट में आज लौंद लवर्स का मुकाबला कादरीगंज कोब्रास की टीम के बीच हुआ। जिसमें लौंद लवर के कप्तान ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 29 ओवर में 134 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। जिसमें बल्लेबाज मनीष ने शानदार 54 मार्कोस ने 15 जबकि रोशन कुमार ने भी 15 रनों का योगदान अपनी टीम के लिए दिया। गेंदबाजी करते हुए कादिरगंज कोब्रास के गेंदबाज संकल्प सिंह एवं मोहित राज ने तीन-तीन खिलाड़ियों को आउट किया। इसके जवाब में लक्ष्य का पीछा करने उतरी कादिरगंज कोब्रास की टीम ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए मात्र 22 ओवरों में एक विकेट खोकर 135 रन बनाकर मैच को 9 विकेट से अपने नाम कर लिया।

# जेठियन-राजगीर धम्म यात्रा का आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**बिहारशरीफ।** प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी नव नालन्दा महाविहार (सम विश्वविद्यालय, संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार) द्वारा जेठियन-राजगीर धम्म यात्रा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी कुंदन कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि बुद्धचर्या पथ पर अंतर्राष्ट्रीय धम्म यात्रा; 'यह सिर्फ यात्रा नहीं, मानवता का संदेश है', उन्होंने आह्वान किया कि इस पावन दिवस को 'बुद्धचरिका दिवस' के रूप में मनाया जाए। जिलाधिकारी ने गयाजी एवं नालंदा जिला प्रशासन तथा वन विभाग के सहयोग की सराहना करते हुए कहा कि प्रशासनिक सहयोग के बिना इतने व्यापक और अंतरराष्ट्रीय स्तर के आयोजन को सफलतापूर्वक सम्पन्न करना संभव नहीं है। जिला प्रशासन तथा वन विभाग ने जिस तत्परता और प्रतिबद्धता के साथ सहयोग प्रदान किया है, वह अत्यंत प्रशंसनीय है। यह धम्म यात्रा केवल एक यात्रा नहीं, बल्कि हमारे देश और बिहार की आध्यात्मिक गाथा का सशक्त प्रतीक है। आज जब सम्पूर्ण विश्व शांति के मार्ग की तलाश में है, ऐसे समय में यह पावन यात्रा बिहार की ओर से मानवता के लिए एक प्रेरक संदेश प्रस्तुत करती है। जिसमें नव नालंदा महाविहार के शिक्षकों, कर्मचारियों, छात्र-छात्राओं, नव नालंदा महाविहार में अध्ययनरत भिक्षु-भिक्षुणियों के अतिरिक्त श्रीलंका, नेपाल, बांग्लादेश, वियतनाम, म्यांमार, थाईलैंड, कंबोडिया, अमेरिका, जापान, चीन, लाओस आदि देशों से आए बौद्ध श्रद्धालुओं एवं भिक्षुओं ने सहभागिता की। यह यात्रा नव नालन्दा महाविहार के कुलपति प्रो. सिद्धार्थ सिंह के नेतृत्व में जेठियन ग्राम (प्राचीन नामः यष्ठिवन), जिला गया से प्रारंभ होकर प्राचीन बुद्ध चारिका पथ से होते हुए लगभग 15 किलोमीटर दूर वेणुवन, राजगीर, जिला नालंदा में सम्पन्न हुई। इस वर्ष लगभग 1500 धम्म यात्रियों एवं श्रद्धालुओं ने यात्रा में भाग लेकर कार्यक्रम को ऐतिहासिक आयाम प्रदान किया। इस अवसर पर कुलपति प्रो. सिद्धार्थ सिंह अपने विस्तृत उद्बोधन में कहा कि यह मार्ग केवल एक ऐतिहासिक पथ नहीं, बल्कि बुद्धत्व की ओर अग्रसर मानवता के कदमों की गूंज है। भगवान बुद्ध ने अपने जीवन में अनेक बार इसी मार्ग से चारिका की, अनगिनत उपदेश दिए, और यही पथ फ़ाह्यान और ह्वेनसांग जैसे महान बौद्ध यात्रियों की आध्यात्मिक यात्रा का मौन साक्षी रहा है। यह धम्म यात्रा केवल स्मरण का आयोजन नहीं, बल्कि शांति, करुणा और सह-अस्तित्व की उस अमर परंपरा का पुनर्जीवन है, जिसे बुद्ध ने संसार को दिया।

# 3,505 वादों का निबटारा, 14.48 करोड़ रुपये का हुआ समझौता

## व्यवहार न्यायालय गया व शेरघाटी में लगा राष्ट्रीय लोक अदालत



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया जी।** राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन शनिवार को व्यवहार न्यायालय गया व शेरघाटी में किया गया। यह आयोजन प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार गया मदन किशोर कौशिक तथा सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार अरविंद कुमार दास की देखरेख में संपन्न हुआ। इस अवसर पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने कहा कि राष्ट्रीय लोक अदालत ही ऐसा मंच है जिसमें दोनों पक्षों की जीत होती है। इसमें सद्भाव बना रहता है और दोनों पक्ष संतुष्ट होकर अपने-अपने घर जाते हैं। राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने के लिए 23 बेंचों का गठन किया गया था। इनमें 21 बेंच गया व्यवहार न्यायालय में तथा दो बेंच शेरघाटी व्यवहार न्यायालय में गठित की गयी थीं। गया में बेंच नंबर एक में नलिन कुमार पांडेय डीएएसजे-दो व पैनल अधिवक्ता शंभू शरण पांडेय, बेंच नंबर दो में अजीत कुमार सिंह डीएएसजे-नौ एवं पैनल अधिवक्ता रविकांत, बेंच नंबर तीन में विजय किशोर सिंह डीएएसजे-12 व पैनल अधिवक्ता जितेंद्र कुमार सिंह, बेंच नंबर चार में रचना अग्रवाल डीएएसजे-6 (पॉक्सो) एवं अधिवक्ता अंजना कुमारी, बेंच नंबर पांच में प्रतीज्ञा व्यास डीएएसजे-11 एवं पैनल अधिवक्ता धनंजय नारायण सिंह शामिल रहे। इसी क्रम में बेंच नंबर छह में सुकून कुमार मांझी डीएएसजे-10 एवं पैनल अधिवक्ता अखिलानंद मिश्रा, बेंच नंबर सात में मनोरंजनी साव डीएएसजे-16 एवं पैनल अधिवक्ता कुमारी सुमन सिंह, बेंच नंबर आठ में राजेश मोहन डीएएसजे-15 एवं पैनल अधिवक्ता राजेंद्र प्रसाद, बेंच नंबर नौ में मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी रोमी कुमारी एवं पैनल अधिवक्ता शकुंतला कुमारी, बेंच नंबर 10 में विभूति भूषण एसीजेएम-एक एवं पैनल अधिवक्ता अजय कुमार सिंह उपस्थित रहे। बेंच नंबर 11 में रिचा रंजन एसीजेएम-आठ व पैनल अधिवक्ता विभा सिन्हा, बेंच नंबर 12 में सुशांत सागर रेलवे न्यायिक मजिस्ट्रेट व पैनल अधिवक्ता गणेश प्रसाद, बेंच नंबर 13 में सौम्या एसीजेएम-पांच व पैनल अधिवक्ता सुनील कुमार, बेंच नंबर 14 में कृति न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी एवं पैनल अधिवक्ता सनुपम सिन्हा, बेंच नंबर 15 में संजय कुमार न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी एवं पैनल अधिवक्ता विजय कुमार शामिल रहे। इसी तरह बेंच नंबर 16 में अजय कुमार न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी एवं पैनल अधिवक्ता राजेश कुमार मेहता, बेंच नंबर 17 में अश्विनी कुमार राय न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी एवं पैनल अधिवक्ता अजीत कुमार सिंह, बेंच नंबर 18 में पूनम तिवारी न्यायिक पदाधिकारी प्रथम श्रेणी व पैनल अधिवक्ता ब्रजेश चंद्र महतो, बेंच नंबर 19 में शिवांग श्रीवास्तव न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी एवं पैनल अधिवक्ता प्रमोद कुमार पाठक, बेंच नंबर 20 में अभिनव राज न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी एवं पैनल अधिवक्ता उमेश कुमार, बेंच नंबर 21 में जुबेर अहमद न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी एवं पैनल अधिवक्ता तनवीर आलम शामिल रहे। राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल 3,505 वादों का निबटारा किया गया जिसमें कुल समझौता राशि 14 करोड़ 48 लाख 29 हजार 431 रुपये रही। इनमें बिजली से संबंधित 1,001 मामलों का निबटारा कर 4 करोड़ 18 लाख 64 हजार 578 रुपये, आपराधिक कंपाउंडेबल के 1,558 मामलों में 16 लाख 50 हजार 870 रुपये, मोटर वाहन दुर्घटना के 65 मामलों में 7 करोड़ 37 लाख 50 हजार रुपये, बैंक से संबंधित 866 मामलों में 2 करोड़ 62 लाख 66 हजार 983 रुपये तथा चेक बाउंस के 13 मामलों में 12 लाख 9 हजार 700 रुपये की समझौता राशि तय की गयी। इसके अलावा एक-एक निष्पादन एवं वैवाहिक वाद का भी निपटारा किया गया। मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी रोमी कुमारी की अदालत में खनन से जुड़े 37 मामलों का भी निबटारा किया गया। इस सफल आयोजन में जिला विधिक सेवा प्राधिकार के कर्मचारी हादी अकरम, प्रतुल कुमार, विकास कुमार, हारून रसीद, उदय कुमार, दीपक कुमार सिन्हा, अनिल कुमार, ऋतिक कुमार, रंजीत कुमार, अजय कुमार, जीतू कुमार, विकास कुमार सहित पारा लीगल वॉलिंटियर मनोज कुमार, रोहित कुमार, हीरालाल, जुल्फिकार अंसारी, परमानंद सिंह एवं संजय चौधरी उपस्थित रहे।

# जिला पर्षद बोर्ड की बैठक में विकास योजनाओं पर मुहर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गयाजी।** जिला पर्षद के सभागार में जिला पर्षद बोर्ड की सामान्य बैठक मामूली शोर-शराबे के बीच संपन्न हुई। बैठक में कई योजनाओं व प्रस्तावों पर सर्वसम्मति से मुहर लगी। बैठक की अध्यक्षता जिला पर्षद अध्यक्ष नैना कुमारी ने की। बैठक में बेलागंज की विधायक मनोरमा देवी व टिकारी विधायक अजय कुमार भी शामिल हुए। विधायक मनोरमा देवी ने जिले के समग्र विकास के लिए सरकार से हर संभव सहयोग दिलाने और जिला पर्षद को मनरेगा कार्यों से जोड़ने का मुद्दा सदन में उठाने का आश्वासन दिया। बैठक में सिविल सर्जन सहित जिले के सभी विभागों के पदाधिकारी भी मौजूद रहे। बैठक में योजनाओं के क्रियान्वयन, कार्यक्षमता, आंतरिक आय वृद्धि एवं जनहित से जुड़े अन्य विषयों पर चर्चा हुई। विधिक प्रावधानों और जिला पर्षद नियमावली के अनुरूप पाये जाने पर गत बैठक की कार्यवाही को पारदर्शी और प्रमाणिक मानते हुए सर्वसम्मति से संपुष्ट किया गया। जिला पर्षद की आंतरिक आय बढ़ाने को लेकर पर्षद के भूखंड पर पीपीपी मोड पर मल्टी कॉम्प्लेक्स मॉल निर्माण, दुकानों की लीज पर बंदोबस्ती सहित कई प्रस्तावों को मंजूरी दी गयी। जिप अध्यक्ष ने बताया कि जिले के विभिन्न प्रखंडों में निर्माणाधीन दुकानों की स्थिति का आकलन कर बंदोबस्ती करने का निर्णय लिया गया है। इससे जिला पर्षद की आर्थिक स्थिति सुदृढ़ होगी और रोजगार सृजन को भी बल मिलेगा। बैठक में कार्यालयीन कार्यों के समय पर निबटाने के लिए संविदा पर दो डाटा एंट्री ऑपरेटर और एक अमीन की बहाली का प्रस्ताव पारित किया गया। मानपुर प्रखंड अंतर्गत पूर्व में प्रस्तावित डीपीआरसी भूमि पर बहुमंजिला मार्केट निर्माण व दीर्घकालीन लीज नीति 2024 के तहत कार्य प्रारंभ करने का प्रस्ताव स्वीकृत किया गया। इसके साथ ही बोधगया मटीहनी की अर्धनिर्मित दुकानों और भूमि की दीर्घकालीन बंदोबस्ती को लीज नीति 2024 के तहत शीघ्र करने का निर्णय लिया गया।

**योजनाओं के क्रियान्वयन और बिल भुगतान में देरी पर आपत्ति**

वित्तीय वर्ष 2024-25 और 2025-26 में योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए अपनाई गई टेंडर प्रक्रिया और क्रियानवित योजनाओं के बिल भुगतान में हो रही देरी को लेकर कई पार्षदों ने आपत्ति दर्ज करायी। इस पर संबंधित विभागों के पदाधिकारियों ने प्रक्रिया को सरल बनाने का आश्वासन दिया। उपाध्यक्ष डॉ शीतल प्रसाद यादव ने कहा कि योजनाओं के क्रियान्वयन और भुगतान में देरी से विकास कार्य प्रभावित होते हैं और आमजन को समय पर लाभ नहीं मिल पाता।

## हाइवा की टक्कर से पति की मौत, पत्नी घायल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गयाजी।** घुघरीटांड़ बाइपास पर शनिवार को एक बाइक सवार दंपती हाइवा की चपेट में आ गए। हाइवा की टक्कर से पति की मौके पर ही मौत हो गई। पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गई। दिनेश प्रसाद बोधगया थाना क्षेत्र के तुर्री खुर्द गांव के रहने वाले थे। गंभीर रूप से घायल पत्नी रेणु देवी को मगध मेडिकल में भर्ती कराया गया है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार दिनेश प्रसाद अपनी पत्नी के साथ गया जी से दवा लेकर बाइक से घर लौट रहे थे।

## प्लेटफॉर्म पर महिला ने बच्ची को दिया जन्म

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया जी।** रेलवे स्टेशन पर मानवता और संवेदनशीलता की एक मिसाल उस समय देखने को मिली जब प्लेटफॉर्म पर एक महिला ने बच्ची को जन्म दिया। महिला बेला थाना क्षेत्र की रहनेवाली ममता देवी के रूप में की गयी है। आरपीएफ इंस्पेक्टर बनारसी यादव ने बताया कि सूचना मिली कि गया रेलवे स्टेशन स्थित दो और तीन नंबर प्लेटफॉर्म के मिडिल फुट ओवरब्रिज के नीचे एक गर्भवती महिला को प्रसव पीड़ा हो रहा है। साथ में चार छोटे बच्चे व एक वृद्ध महिला भी है। इसके बाद आरपीएफ व मेरी सहेली की टीम के साथ-साथ स्वास्थ्यकर्मियों की तत्परता से प्लेटफॉर्म पर ही सुरक्षित प्रसव कराया गया।

# 1500 यात्रियों ने किया ऐतिहासिक पथ का अनुकरण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नीमचक बथानी।** मोहड़ा प्रखंड के जेठियन गांव में शनिवार को नव नालंदा महाविहार की ओर से जेठियन-राजगीर धम्म यात्रा का आयोजन किया गया। यात्रा में नव नालंदा महाविहार के शिक्षक, कर्मचारी, छात्र-छात्राएं, संस्थान में अध्ययनरत भिक्षु-भिक्षुणियां शामिल हुए। इनके अलावा श्रीलंका, नेपाल, बांग्लादेश, वियतनाम, म्यांमार, थाईलैंड, कंबोडिया, अमेरिका, जापान, चीन, लाओस आदि देशों से आए बौद्ध श्रद्धालुओं व भिक्षुओं ने भी सहभागिता की। गौरतलब है कि नव नालंदा महाविहार वर्ष 2014 से इस धम्म यात्रा का निरंतर आयोजन कर रहा है। इस वर्ष 12वीं जेठियन-राजगीर धम्म यात्रा का सफल आयोजन नव नालंदा महाविहार ने अपने सहयोगी प्रतिष्ठानों लाइट ऑफ बुद्धा धम्म फाउंडेशन इंटरनेशनल, बोधगया मंदिर प्रबंधन समिति, इंटरनेशनल बौद्धिस्ट कॉन्फेडरेशन, नई दिल्ली, पर्यटन विभाग बिहार सरकार तथा जेठियन ग्रामवासियों के सहयोग से किया। यह यात्रा नव नालंदा महाविहार के कुलपति प्रो सिद्धार्थ सिंह के नेतृत्व में जेठियन गांव से प्रारंभ होकर प्राचीन बुद्ध चारिका पथ से होते हुए लगभग 15 किलोमीटर दूर वेणुवन, राजगीर में संपन्न हुई। इस वर्ष लगभग 1500 धम्म यात्रियों व श्रद्धालुओं ने भाग लेकर कार्यक्रम को ऐतिहासिक आयाम प्रदान किया। यह वही पावन मार्ग है जिससे भगवान बुद्ध सम्यक संबोधि प्राप्ति के पश्चात सारनाथ में धम्मचक्र प्रवर्तन के बाद मगधराज बिंबिसार से मिलने राजगृह आए थे। मगधराज बिंबिसार ने जेठियन में स्वयं उपस्थित होकर तथागत का स्वागत किया था और आदरपूर्वक उन्हें राजकीय उद्यान वेणुवन में ठहराया था जिसे बाद में उन्होंने दानस्वरूप भिक्षुसंघ को अर्पित कर दिया। इस अवसर पर कुलपति प्रो सिद्धार्थ सिंह ने कहा कि यह मार्ग केवल एक ऐतिहासिक पथ नहीं, बल्कि बुद्धत्व की ओर अग्रसर मानवता के कदमों की गूंज है। भगवान बुद्ध ने अपने जीवन में अनेक बार इसी मार्ग से चारिका की, अनगिनत उपदेश दिए और यही पथ फाह्यान व ह्वेनसांग जैसे महान बौद्ध यात्रियों की आध्यात्मिक यात्रा का मौन साक्षी रहा है। यह धम्म यात्रा केवल स्मरण का आयोजन नहीं, बल्कि शांति, करुणा और सह-अस्तित्व की उस अमर परंपरा का पुनर्जीवन है जिसे बुद्ध ने संसार को दिया। उन्होंने इस दिवस को बुद्धचारिका दिवस के रूप में घोषित करने की आवश्यकता बतायी। जेठियन गांव के राम उचित सिंह, भानु प्रताप सिंह, दिनेश सिंह, उमा सिंह और संजय सिंह ने बताया कि जेठियन के राजा पंडा की प्रसिद्ध गुफा में चतुर्मासा व्यतीत करने के दौरान भगवान बुद्ध और उनके अनुयायी भिक्षाटन के लिए जेठियन गांव आये थे।




# बिंगो, पोटैटो चिप्स ने एक दमदार नए कैंपेन में खुद को किया 'रोस्ट'

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** कितने ब्रांड्स हैं जो आईने में देखकर अपनी नाकामियों पर हंस सकते है और फिर चैंपियंस की तरह उभर सकते हैं? बिंगो, पोटेटो चीप्स ने ये कमाल कर दिखाया है। ब्रांड अपने अब तक के सबसे बेबाक चैप्टर में कदम रख रहा है जिसकी शुरुआत होती है एक 'सेल्फ-रोस्ट' से जिसे बेहद अनोखे कैंपेन के रूप में तैयार किया गया है। कई सालों से बिंगो स्नैक्स प्रेमियों की पसंद बना हुआ है। अपनी इनोवेटिव सोच और हटके ह्यूमर के लिए मशहूर बिंगो ने स्नैकिंग की दुनिया में बिंगो, टेढे मेढे और बिंगो, मेड एंगल्स जैसे आइकॉनिक ब्रांड्स के साथ हमेशा ट्रेंड सेट किया है, लेकिन जब बात बिंगो, पोटेटो चीप्स की आती है, खासकर उत्तर और पश्चिम भारत में तो कहना गलत नहीं होगा कि अब तक यह रहा है एक 'बिग नं.' मगर ब्रांड ने इससे कतराने के बजाय, पूरे आत्मविश्वास से इसे स्वीकार किया है। अपने नये कैम्पैन में बिंगो खुले दिल से और थोड़ी मस्ती के साथ, अपनी नाकामयाबी मान रहा है और लोगों को आमंत्रित कर रहा है कि वे बिंगो के जबरदस्त बदलाव के गवाह बने। इस बार ब्रांड बदलने के लिए तैयार है।




# 29 वाहिनी सशस्त्र सीमा बल द्वारा मध्य विद्यालय धनावां में पौधारोपण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** जिले के मध्य विद्यालय धनावां परिसर में 29 वाहिनी सशस्त्र सीमा बल, गया (बिहार) के अधिकारी, अधीनस्थ अधिकारी एवं बलकर्मियों द्वारा 13 दिसंबर 2025 को पौधारोपण किया गया। इस अभियान का उद्देश्य पर्यावरण को स्वच्छ, संतुलित और सुरक्षित बनाना है। पौधारोपण के माध्यम से ऑक्सीजन उत्पादन बढ़ाने, वायु प्रदूषण कम करने, वन्यजीवों के लिए प्राकृतिक आवास उपलब्ध कराने तथा वैश्विक ताप वृद्धि के दुष्प्रभावों को कम करने का प्रयास किया गया। ताकि आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वस्थ और सतत भविष्य सुनिश्चित किया जा सके। पौधारोपण से वन्यजीवों के आवासों के बीच संपर्क बेहतर होता है और जैव विविधता को बढ़ावा मिलता है। पेड़ वातावरण से हानिकारक प्रदूषकों को हटाकर प्राकृतिक वायु शोधक की भूमिका निभाते हैं। अभियान के दौरान लगाए गए पौधे रोपण स्थल के आसपास उपलब्ध स्थानीय बीजों से तैयार किए गए थे जिससे उनकी वृद्धि और संरक्षण की संभावनाएं अधिक रहती हैं। इस अवसर पर यह संदेश दिया गया कि पर्यावरण संरक्षण के प्रति सभी को सजग रहने और समाज को इसके लिए जागरूक करने की आवश्यकता है। ताकि अधिक से अधिक पौधारोपण हो और पेड़ों की कटाई रुके। यदि जीवनदायिनी पेड़-पौधे नहीं रहेंगे तो वर्तमान और आने वाली पीढ़ियों का भविष्य संकट में पड़ जाएगा।



## एक नजर

### दो पक्षों में मारपीट को लेकर आंती थाना में प्राथमिकी, छह नामजद

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** आंती थाना क्षेत्र के हसनपुर गांव में दो पक्षों के बीच हुई मारपीट के मामले में शनिवार को प्राथमिकी दर्ज की गई है। इस मामले में कुल छह लोगों को आरोपी बनाया गया है। प्रथम पक्ष के अशोक कुमार, पिता स्व. चमरू दास ने आरोप लगाया है कि विगत दिनों शराब के नशे में कुछ लोग उनके दरवाजे पर गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर उनके साथ मारपीट की गई। इस मामले में विजय दास, सोनू दास, सनोज दास और सुरेश दास को आरोपी बनाया गया है। वहीं दूसरे पक्ष के सुरेश रविदास ने बताया कि 12 दिसंबर को पंचायत भवन के पास गिरे बालू पर गांव के बच्चे खेल रहे थे जिन्हें उन्होंने डांटकर भगाया। इसी बात को लेकर पुरानी रंजिश के चलते अशोक दास और आदर्श कुमार ने गाली-गलौज व मारपीट की। थानाध्यक्ष दीपक कुमार राव ने बताया कि दोनों पक्षों के आवेदन पर मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### 17 वर्षीया किशोरी का अपहरण, सात नामजद आरोपित बनाए गए

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच (गया)।** कोंच थाना क्षेत्र के सिमरा पंचायत अंतर्गत एक गांव से 17 वर्षीय किशोरी के अपहरण का मामला सामने आया है। इस संबंध में शनिवार को कोंच थाना में कांड दर्ज किया गया है। पीड़िता के पिता ने आवेदन देकर बताया कि उनकी बेटी विगत 6 दिसंबर को रोज की तरह गुरारू ट्यूशन पढ़ने गई थी, लेकिन रास्ते से ही उसका अपहरण कर लिया गया। परिजनों द्वारा काफी खोजबीन किए जाने के बावजूद किशोरी का कोई सुराग नहीं मिल सका। आवेदन में यह भी कहा गया है कि पूर्व में गांव में हुए झगड़े के दौरान आरोपियों द्वारा धमकी दी गई थी कि झगड़े का अंजाम भुगतना पड़ेगा और परिजन को उठा लिया जाएगा। पीड़ित के अनुसार सभी आरोपी उनके ही गांव के निवासी हैं। इस संबंध में कोंच थानाध्यक्ष सुदेह कुमार ने बताया कि मामले में कांड दर्ज कर सात लोगों को नामजद आरोपी बनाया गया है तथा पुलिस अग्रिम कार्रवाई में जुट गई है।

### बिजली विभाग की छापेमारी, तीन पर जुर्माना व केस दर्ज

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** आंती थाना क्षेत्र के विश्वनाथपुर गांव में बिजली विभाग द्वारा छापेमारी अभियान चलाया गया। इस दौरान विद्युत कनीय अभियंता विकास कुमार ने बिजली चोरी के आरोप में तीन लोगों के विरुद्ध कार्रवाई की। जांच में मो. शमशेर पर 26,385 रुपये, मो. शमशुद्दीन पर 39,012 रुपये तथा मालती देवी पति सरयू राम पर 23,438 रुपये का जुर्माना लगाया गया। विद्युत विभाग की ओर से संबंधित उपभोक्ताओं के खिलाफ आंती थाना में मामला दर्ज कराया गया है। इस संबंध में थानाध्यक्ष दीपक कुमार राव ने बताया कि शनिवार को तीनों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। पुलिस आगे की कानूनी कार्रवाई में जुटी हुई है।

### पीएनबी बैंक मित्र केंद्र में चोरी, लैपटॉप-इनवर्टर व 22 हजार नकद गायब

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** कोंच के कौड़ियां स्थित पंजाब नेशनल बैंक के बैंक मित्र केंद्र में गुरुवार की रात चोरों ने ताला तोड़कर लैपटॉप, इनवर्टर और 22 हजार रुपये नकद समेत कई जरूरी दस्तावेज चोरी कर लिए। बैंक मित्र संचालक राजीव कुमार सिंह, ग्राम कौड़ियां ने बताया कि शुक्रवार सुबह लगभग 8 बजे जब वे केंद्र पहुंचे तो ताला टूटा पाया गया और सामान गायब था। उन्होंने तुरंत थाना में आवेदन देकर आवश्यक कार्रवाई की मांग की है। थानाध्यक्ष सुदेह कुमार ने बताया कि आवेदन प्राप्त हो गया है और पूरे मामले की जांच करते हुए अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

### मारपीट व जानलेवा हमला करने का आरोप, प्राथमिकी दर्ज

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच (गया)।** आंती थाना क्षेत्र के कोराप गांव की निवासी धनेशरी देवी पति रवीन्द्र यादव ने अपने देवर व ससुराल जनों पर मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का गंभीर आरोप लगाते हुए थाने में लिखित आवेदन दिया है। आवेदन में उन्होंने कहा कि 8 दिसंबर को वे घर पर थीं, तभी देवर सुरेंद्र यादव, प्रिंस कुमार और कौशिला देवी ने गाली-गलौज करते हुए उन पर लाठी-डंडा, ईंट-पत्थर से वार किया। बचने का प्रयास करने पर सभी ने मिलकर बेरहमी से पिटाई की जिसमें उनके हाथ-पैर में चोट आई। पीड़िता ने बताया कि उनका पति घर पर नहीं रहने पर आरोपी बार-बार विवाद करते हैं और स्टाटर व मोटर खोलकर घर ले जाते हैं। विरोध करने पर जान मारने की धमकी देते हैं। पीड़िता ने पुलिस से शीघ्र कार्रवाई की मांग की है। थानाध्यक्ष दीपक कुमार राव ने बताया कि आवेदन प्राप्त हुआ है। मामला दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

### 7 वर्षीय बच्ची से दुष्कर्म, 15 वर्षीय किशोर पर मामला दर्ज

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** थाना क्षेत्र के एक गांव में 7 वर्षीय बच्ची के साथ दुष्कर्म का मामला सामने आया है। घटना 12 दिसंबर को दिन के करीब 12 बजे की बताई जा रही है। इस संबंध में पीड़िता की मां के आवेदन पर शनिवार को गांव के ही 15 वर्षीय किशोर के खिलाफ कोंच थाना में मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार आरोपित किशोर बच्ची को बहला-फुसलाकर पइन के किनारे ले गया, जहां उसके साथ दुष्कर्म किया। घटना के दौरान बच्ची दर्द से रोने लगी, जिस पर आरोपित उसे छोड़कर फरार हो गया। इसके बाद बच्ची रोती हुई घर पहुंची और पूरी घटना अपनी मां को बताई। परिजनों ने तत्काल बच्ची को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया, जहां से बेहतर इलाज के लिए उसे प्रभावती अस्पताल गया रेफर किया गया। कोंच थानाध्यक्ष सुदेह कुमार ने बताया कि पीड़िता की मां के आवेदन पर प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है और आरोपित किशोर की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

# मुगलकालीन तालाब की दीवार मरम्मत के दो दिनों बाद ढही

## एसडीओ व बुडको टीम ने किया निरीक्षण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**शेरघाटी।** शहर के ऐतिहासिक मुगलकालीन तालाब की मरम्मत किए जाने के मात्र दो दिन बाद ही इसकी दीवार का एक हिस्सा गिर जाने से स्थानीय लोगों में नाराजगी और आशंका बढ़ गई है। लंबे समय से उपेक्षित इस तालाब के सौंदर्यीकरण और पुनर्निर्माण कार्य को लेकर नगर प्रशासन ने विशेष पहल की थी, लेकिन मरम्मत के तुरंत बाद दीवार ढहने की घटना ने निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। घटना की जानकारी मिलते ही शेरघाटी के एसडीओ मनीष कुमार तथा बुडको की तकनीकी टीम मौके पर पहुंची और पूरे स्थल का बारीकी से निरीक्षण किया। एसडीओ ने संबंधित अधिकारियों और ठेकेदार को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि तालाब की मरम्मत कार्य मानकों के अनुरूप और मजबूती के साथ किया जाए, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाएं दोबारा न हों। निरीक्षण के दौरान एसडीओ ने पाया कि दीवार निर्माण में गुणवत्ता से समझौता किया गया है। उन्होंने निर्देश दिया कि सभी पिलरों को जमीन के कम से कम 10 फीट गहराई तक मजबूत सरिया और पर्याप्त कंक्रीट के साथ बनाया जाए जिससे संरचना सुरक्षित और टिकाऊ रह सके। उन्होंने स्पष्ट चेतावनी दी कि यदि कार्य में किसी भी प्रकार की अनियमितता या लापरवाही पाई गई तो संबंधित एजेंसी और ठेकेदार पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।स्थानीय लोगों ने प्रशासन की तत्परता का स्वागत किया है और उम्मीद जताई है कि ऐतिहासिक तालाब का पुनर्निर्माण उच्च मानकों के साथ पूरा किया जाएगा, ताकि यह स्थल भविष्य में किसी भी दुर्घटना से सुरक्षित रह सके।



# अतिक्रमण हटाने के खिलाफ भाकपा माले का विरोध प्रदर्शन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**शेरघाटी।** शहर में अतिक्रमण हटाने और बुलडोजर चलाए जाने के विरोध में शनिवार को भाकपा माले के बैनर तले नगर परिषद कार्यालय के बाहर जोरदार प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन का नेतृत्व माले नेता रामलखन प्रसाद ने किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने बुलडोजर चलाना बंद करो, गरीबों को उजाड़ना बंद करो जैसे नारे लगाकर प्रशासन के खिलाफ आक्रोश जताया। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि कड़ाके की ठंड के इस मौसम में एक ओर जहां समाज के विभिन्न वर्ग गरीबों को कंबल और गर्म कपड़े बांट रहे हैं, वहीं दूसरी ओर सरकार की कार्रवाई से गरीब परिवारों का आशियाना उजड़ रहा है। माले नेताओं ने आरोप लगाया कि बिना वैकल्पिक व्यवस्था किए फुटपाथी दुकानदारों और गरीबों को हटाना अमानवीय है। प्रखंड सचिव भाकपा माले लखन प्रसाद ने कहा कि नगर परिषद द्वारा की जा रही कार्रवाई से सैकड़ों गरीब परिवारों की रोजी-रोटी प्रभावित हो रही है। उन्होंने मांग की कि अतिक्रमण हटाने से पहले पुनर्वास की ठोस योजना बनाई जाए। प्रदर्शन में शामिल महिलाओं ने भी अपनी पीड़ा साझा करते हुए कहा कि ठंड के मौसम में सिर से छत छिनना सबसे बड़ा अन्याय है। प्रदर्शन में सरिता कुमारी, समा कुमारी, चिंता कुमारी, रीना कुमारी, निभा कुमारी, श्रुति कुमारी, सरिता देवी सहित गर्भवती महिला कुसुम कुमारी भी मौजूद रहीं। वहीं बबुमांजी से आए संतोष मांझी, बिगन पाल, चंद्रिका मांझी समेत कई कार्यकर्ता शामिल हुए। प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी कि यदि बुलडोजर कार्रवाई बंद नहीं की गई और गरीबों के पुनर्वास की व्यवस्था नहीं हुई तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।



संपादकीय

# सोशल मीडिया और बच्चे

आज की दुनिया में बच्चों के लिए मोबाइल एक अत्यंत जरूरी वस्तु बन गया है और उसमें भी सोशल मीडिया का दखल कई बच्चों की जिदंगी को बुरी तरह प्रभावित कर रहा है। बल्कि कई बच्चे तो सोशल मीडिया के इस कदर लती बन गए हैं कि वो इससे दूर जाने के बारे में सोच भी नहीं सकते। इसी को ध्यान में रखते हुए अब ऑस्ट्रेलिया ने बच्चों द्वारा सोशल मीडिया के इस्तेमाल पर बैन के उद्देश्य से कानून बना दिया है। लेकिन इसी के साथ यह सवाल भी गंभीरता से उठने लगा है कि यह कानून कितना प्रभावशाली होगा। क्योंकि वहां के बच्चों ने उसका भी तुरंत तो़ निकाल लिया है। इधर भारत में तो अभी ऐसा कोई कानून बनाने के बारे में भी नहीं सोचा जा रहा है, जबकि यहां भी बच्चों पर सोशल मीडिया की लत उतनी ही बुरी है। बहरहाल ऑस्ट्रेलियाई सरकार ने हाल में स्नेपचैट समेत दस प्लेटफ़ॉर्म्स पर प्रतिबंधात्मक नियम लागू किए हैं। इसके तहत 10 दिसंबर से ऑस्ट्रेलिया में 16 साल से कम उम्र के बच्चों को सोशल मीडिया अकाउंट रखने की इजाज़त नहीं होगी। सोशल मीडिया बैन की यह नीति नवंबर 2024 में घोषित हुई थी। हालांकि इसमें माता-पिता या बच्चे को सोशल मीडिया इस्तेमाल करने पर कोई सज़ा का प्रावधान नहीं रखा गया था। नीति के तहत ज़िम्मेदारी सोशल मीडिया कंपनियों की है। उन्हें यह सुनिश्चित करने के लिए उचित क़दम उठाने होंगे कि यूज़र की उम्र कम से कम 16 साल हो। अगर वे ऐसा नहीं करते हैं तो उन पर 49.5 मिलियन ऑस्ट्रेलियन डॉलर तक का भारी जुर्माना लग सकता है। भारतीय रुपयों में यह क़ीमत क़रीब 295 करोड़ है। ऑस्ट्रेलियाई सरकार का कहना है कि बहुत सारे माता-पिता इस बैन के पक्ष में हैं। यह बैन बच्चों को हानिकारक कंटेंट, साइबर बुलिंग और ऑनलाइन शोषण जैसी चीज़ों से बचाने के लिए है। सरकार का मानना है कि इससे बच्चों की नींद के साथ-साथ शारीरिक और मानसिक सेहत भी बेहतर होगी। इस कानून को लाए जाने के बाद उम्मीद बंधी थी कि इस से माता-पिता को मदद मिलेगी और अपनों के लिए नए नियम और सीमाएं तय कर पाएंगे। लेकिन अब वह उम्मीद कमज़ोर पड़ गई है, क्योंकि कई एक्सपर्ट्स और बच्चे खुद इस नई नीति की व्यवहारिकता और सुरक्षा पर सवाल उठा रहे हैं। असल मुद्दा यह है कि इसे प्रभावी ढंग से लागू कैसे किया जाएगा, क्योंकि कई बच्चों ने इस बैन से बाहर निकलने और सोशल मीडिया ऐप को क्रेक करने का तोड़ भी तुरंत खोज निकाला है। कुछ लोगों का मानना है कि यह क़ानून असंवैधानिक और बहुत ज़्यादा नियंत्रण वाला है। मानवाधिकार संगठनों और कुछ क़ानूनी विशेषज्ञों ने भी इस क़ानून पर आपत्ति जताई है। क्योंकि इसमें यह खतरा भी निहित है कि यह नीति बच्चों को इंटरनेट के और अंधेरे हिस्सों की तरफ़ धकेल सकती है और बच्चे गेमिंग साइटों के चैटरूम में चले जाएं। ये जगहें कट्टरपंथ फैलाने के लिए बदनाम हैं। जहां तक भारत की बात है तो 'द हिन्दू' में छपी एक स्टडी के मुताबिक देश में 14 से 16 साल की उम्र के करीब 70 प्रतिशत बच्चे सोशल मीडिया से जुड़े हुए हैं। वहीं एक अनुमान के मुताबिक देश के करीब 15 करोड़ बच्चे इस प्लैटफॉर्म पर हैं। हालांकि बच्चों को मोबाइल की आदत भी अमूमन अभिभावक ही लगाते हैं। आजकल 8 साल की उम्र से ही बच्चे मैच्योर होने लगते हैं। इस उम्र में ही बच्चों को सोशल मीडिया के बारे में बताना शुरू करें। उन्हें बताएं कि सोशल मीडिया एक पब्लिक स्पेस है जहां उनकी जिंदगी की कोई प्राइवेसी नहीं है। इस वर्चुअल वर्ल्ड में कुछ भी सच नहीं है।

# बिहार चुनाव के बाद यूपी में नया चुनावी मॉडल

यूपी में भी संघ इसी रणनीति को लागू करने की तैयारी में है। विपक्षी दलों को कमजोर करने के लिए बीजेपी को राजनीतिक समझौते करने पड़ सकते हैं, जैसे कि बीएसपी से कथित सहयोग। यूपी में भी संघ और बीजेपी की रणनीति यही होगी कि हिंदू वोट को बांटे बिना संगठन और विकास के एजेंडे को मजबूत किया जाए। बीते हफ्तों में आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत लखनऊ आए और दिव्य गीता प्रेरणा उत्सव में भाग लिया। उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ मंच साझा किया और बीजेपी के संगठनात्मक कार्यों पर चर्चा की। इसके अलावा, बीएल संतोष की संघ के वरिष्ठ पदाधिकारियों के साथ लंबी बैठक हुई, जिसमें आगामी चुनाव की तैयारियों और संगठनात्मक समन्वय पर व्यापक विचार-विमर्श हुआ।

**अजय कुमार**

उत्तर प्रदेश में 2027 के विधानसभा चुनाव में अभी एक साल से ज्यादा समय बाकी है, लेकिन राजनीतिक गतिविधियाँ अब से ही पूरी तरह सक्रिय हो गई हैं। बीजेपी और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने चुनाव की तैयारियों को लेकर तेज़ी से काम शुरू कर दिया है। बिहार चुनाव में मिली बीजेपी की जबरदस्त सफलता ने संघ और पार्टी दोनों को यूपी में रणनीति बनाने के लिए प्रेरित किया है। 2024 के लोकसभा चुनाव में यूपी में बीजेपी की सीटें अपेक्षा से कम रही थीं, और इसके पीछे विपक्षी समाजवादी पार्टी की बढ़ती ताकत और स्थानीय मुद्दों की भूमिका थी। यही वजह है कि अब संघ और बीजेपी ने यूपी में बिहार मॉडल को लागू करने की तैयारी शुरू कर दी है। बीजेपी के संगठन महामंत्री बीएल संतोष, संघ के सरकार्यवाह अरुण कुमार और अन्य वरिष्ठ पदाधिकारियों की बैठकों में यूपी के प्रभारी मंत्रियों को निर्देश दिया गया कि वे अपने जिले में संघ के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के साथ नियमित रूप से समन्वय बैठक करें। स्थानीय मुद्दों, विकास कार्यों और कमजोर कड़ियों की पहचान के लिए विस्तृत सूची तैयार की जा रही है, ताकि समय रहते सुधार किया जा सके। संघ अपने शताब्दी वर्ष के तहत बड़े पैमाने पर हिंदू सम्मेलनों की श्रृंखला आयोजित करने जा रहा है, जिनमें लखनऊ में प्रस्तावित विराट हिंदू सम्मेलन भी शामिल है, जो चुनावी तैयारियों का हिस्सा माना जा रहा है।



बिहार चुनाव में संघ की रणनीति बेहद प्रभावी रही। 2020 के विधानसभा चुनाव में बीजेपी का वोट शेयर 42.56 प्रतिशत था, जो 2025 में बढ़कर 48.44 प्रतिशत तक पहुंच गया। जेडीयू का वोट शेयर 32.83 प्रतिशत से बढ़कर 46.2 प्रतिशत और चिराग पासवान की पार्टी एलजेपी का वोट शेयर 10.26 प्रतिशत से 43.18 प्रतिशत तक पहुंच गया। यह सफलता केवल चुनावी मशीनरी की नहीं बल्कि संघ की लंबी और लगातार मेहनत का परिणाम थी। संघ ने हर जिले में कम से कम 100 स्वयंसेवकों को तैनात किया था, और छात्र इकाई एबीवीपी के 5,000 कार्यकर्ताओं को पांच-पांच की टोली बनाकर पूरे बिहार में काम सौंपा गया था। चुनाव प्रचार के दौरान ये कार्यकर्ता शोर-शराबे से दूर रहकर जमीनी स्तर पर संगठनात्मक काम कर रहे थे। उत्तर प्रदेश में भी संघ इसी मॉडल को अपनाने की योजना बना रहा है। यूपी के पश्चिमी हिस्सों और मुस्लिम आबादी वाले इलाकों में बीजेपी के लिए चुनौती बनी रहती है। बिहार के सीमांचल क्षेत्र में संघ ने हिंदू वोट को एकजुट रखने की कोशिश की थी, जिसके परिणामस्वरूप 32 सीटों में से 21 पर एनडीए उम्मीदवारों ने जीत हासिल की थी। यूपी में भी संघ इसी रणनीति को लागू करने की तैयारी में है। विपक्षी दलों को कमजोर करने के लिए बीजेपी को राजनीतिक समझौते करने पड़ सकते हैं, जैसे कि बीएसपी से कथित सहयोग। यूपी में भी संघ और बीजेपी की रणनीति यही होगी कि हिंदू वोट को बांटे बिना संगठन और विकास के एजेंडे को मजबूत किया जाए।

बीते हफ्तों में आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत लखनऊ आए और दिव्य गीता प्रेरणा उत्सव में भाग लिया। उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ मंच साझा किया और बीजेपी के संगठनात्मक कार्यों पर चर्चा की। इसके अलावा, बीएल संतोष की संघ के वरिष्ठ पदाधिकारियों के साथ लंबी बैठक हुई, जिसमें आगामी चुनाव की तैयारियों और संगठनात्मक समन्वय पर व्यापक विचार-विमर्श हुआ। सूत्रों के अनुसार, उत्तर प्रदेश की सरकार और संगठन दोनों में बड़े फेरबदल पर भी विचार किया जा रहा है। कुछ मंत्रियों की जिम्मेदारियों में बदलाव और नए चेहरे शामिल करने की संभावना है। बीजेपी को जल्द ही नया अध्यक्ष भी मिल सकता है, जो चुनावी रणनीति को और तेज करेगा। संघ और बीजेपी की रणनीति केवल संगठनात्मक नहीं है, बल्कि सामाजिक और राजनीतिक रणनीति पर भी केंद्रित है। युवाओं, छात्रों, महिलाओं और विभिन्न सामाजिक समूहों से जुड़ाव बढ़ाने के लिए विशेष अभियान चलाए जा रहे हैं। हिंदू संस्कृति, पहचान और सामाजिक समरसता के संदेश को गांव-गांव तक पहुंचाने के लिए विशेष कार्ययोजना बनाई जा रही है। संघ का उद्देश्य है कि विकास, सुशासन और हिंदुत्व के मुद्दों को जनता के सामने स्पष्ट रूप से रखा जाए। यह रणनीति बिहार मॉडल की तरह उत्तर प्रदेश में भी लागू की जा रही है, ताकि विपक्षी मतों को विभाजित किया जा सके और बीजेपी को अधिक सीटें मिलें।

विशेषज्ञों का मानना है कि यूपी विधानसभा चुनाव सिर्फ राजनीतिक मुकाबला नहीं होगा, बल्कि यह सामाजिक और सांस्कृतिक आधार पर भी टकराव का मैदान होगा। विकास बनाम पहचान, जाति बनाम हिंदू एकजुटता, तथा सुशासन बनाम राजनीतिक विरोधी गठबंधन की लड़ाई के रूप में यह चुनाव सामने आएगा। संघ और बीजेपी की योजना यह है कि स्थानीय स्तर पर मजबूत संगठन, विकास और हिंदू-सामूहिकता के संदेश के जरिए 2027 में सत्ता सुनिश्चित की जाए। उत्तर प्रदेश की राजनीति में संघ की भूमिका लंबे समय से महत्वपूर्ण रही है। अब बिहार चुनाव से मिली सीख और रणनीति को यूपी में लागू करने की योजना ने मिशन यूपी को और स्पष्ट रूप दिया है। आगामी विधानसभा चुनाव में बीजेपी और संघ की यह रणनीति ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में प्रभावी होने की उम्मीद है। विपक्ष के लिए चुनौती यह होगी कि वह जाति और स्थानीय समीकरणों के जरिए संघ और बीजेपी की योजनाओं का मुकाबला कर सके।

बिहार और पश्चिम बंगाल के चुनावी अनुभव से यह स्पष्ट होता है कि संघ और बीजेपी की रणनीति सिर्फ वोट बैंक तक सीमित नहीं है, बल्कि यह व्यापक संगठनात्मक तैयारी और सामाजिक संदेश पर आधारित है। यूपी में भी संघ और बीजेपी यही मॉडल लागू करेंगे। इसके तहत स्थानीय मुद्दों की पहचान, कमजोर क्षेत्रों में सुधार, युवाओं और छात्रों का सक्रियकरण, हिंदू पहचान और विकास एजेंडा प्रमुख होंगे।

2027 विधानसभा चुनाव में बीजेपी और संघ की यह रणनीति निर्णायक साबित हो सकती है, क्योंकि यह रणनीति जमीनी स्तर पर गहराई तक काम करती है और विपक्षी मतों को विभाजित करने की क्षमता रखती है। बहरहाल, यूपी विधानसभा चुनाव 2027 के लिए मिशन यूपी पहले से ही सक्रिय हो चुका है। संघ और बीजेपी ने बिहार मॉडल से सीख लेकर स्थानीय स्तर पर रणनीति बनाई है, जिसमें संगठनात्मक समन्वय, विकास और हिंदू-सामाजिक संदेश को प्रमुखता दी जा रही है। विपक्ष के लिए यह चुनौतीपूर्ण होगा कि वह संघ और बीजेपी की व्यापक तैयारी का मुकाबला कर सके। आने वाला समय यह तय करेगा कि यूपी में मिशन यूपी कितना सफल होता है और क्या संघ और बीजेपी अपनी रणनीति के जरिए सत्ता में मजबूत स्थिति बनाए रख पाते हैं।

अध्यात्म

## हमे हर जीव मैं प्रभु नजर आते हैं

जब बच्चे ने ईश्वर के साथ रोटी खाई! एक 6 साल का छोटा सा बच्चा अक्सर भगवान से मिलने की जिद किया करता था। उसे भगवान् के बारे में कुछ भी पता नही था, पर मिलने की तमन्ना भरपूर थी। उसकी चाहत थी की एक समय की रोटी वो भगवान के साथ बैठकर खाये। 1 दिन उसने 1 थैले में 5-6 रोटियां रखीं और परमात्मा को को ढूंढने के लिये निकल पड़ा। चलते-चलते वो बहुत दूर निकल आया संध्या का समय हो गया। उसने देखा एक नदी के तट पर एक बुजुर्ग माता बैठी हुई हैं, जिनकी आँखों में बहुत ही गजब की चमक थी, प्यार था, किसी की तलाश थी, और ऐसा लग रहा था जैसे उसी के इन्तजार में वहां बैठी उसका रास्ता देख रहीं हों। वो 6-7 साल का मासूम बालक बुजुर्ग माता के पास जा कर बैठ गया, अपने थैले में से रोटी निकाली और खाने लग गया। फिर उसे कुछ याद आया तो उसने अपना रोटी वाला हाथ बूढी माता की ओर बढ़ाया और मुस्कुरा के देखने लगा, बूढी माता ने रोटी ले ली, माता के झुर्रियों वाले चेहरे पे अजीब सी खुशी आगई आँखों में खुशी के आंसू भी थे। बच्चा माता को देखे जा रहा था, जब माता ने रोटी खाली बच्चे ने 1 और रोटी माता को दे दी। माता अब बहुत खुश थी, बच्चा भी बहुत खुश था। दोनों ने आपस में बहुत प्यार और स्नेह के पल बिताये। जब रात घिरने लगी तो बच्चा इजाजत लेकर घर की ओर चलने लगा और वो बार-बार पीछे मुडकर देखता! तो पाता बुजुर्ग माता उसी की ओर देख रही होती हैं। बच्चा घर पहुंचा तो माँ ने अपने बेटे को आया देखकर जोर से गले से लगा लिया और चूमने लगी, बच्चा बहूत खुश था। माँ ने अपने बच्चे को इतना खुश पहली बार देखा तो खुशी का कारण पूछा, तो बच्चे ने बताया माँ ! आज मैंने भगवान के साथ बैठकर रोटी खाई, आपको पता है माँ उन्होंने भी मेरी रोटी खाई, पर माँ भगवान् बहुत बूढ़े हो गये हैं, मैं आज बहुत खुश हूँ माँ.. उधर बुजुर्ग माता भी जब अपने घर पहुँची तो, गाँव वालों ने देखा माता जी बहुत खुश हैं, तो किसी ने उनके इतने खुश होने का कारण पूछा? माता जी बोलीं मैं 2 दिन से नदी के तट पर अकेली भूखी बैठी थी मुझे पता था भगवान आएंगे और मुझे खाना खिलाएंगे। आज भगवान् आए थे, उन्होंने मेरे सांथ बैठकर रोटी खाई मुझे भी बहुत प्यार से खिलाई, बहुत प्यार से मेरी ओर देखते थे, जाते समय मुझे गले भी लगाया भगवान बहुत ही मासूम हैं बच्चे की तरह दिखते हैं। इस कहानी का अर्थ बहुत गहराई वाला है, तात्पर्य बस यही है कि दोनों के ही मन में ईश्वर के लिए अगाध सच्चा प्रेम था। और प्रभु ने दोनों को, दोनों के लिये, दोनों में ही ( ईश्वर) स्वयं को भेज दिया। जब मन ईश्वर भक्ति में रम जाता है तो, हमे हर एक जीव में बस प्रभु की दिखाई देते है।

# 2026 में अमेरिका और चीन आगे, भारत चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था

भारत का सांख्यिकी तंत्र बड़े परिवर्तन के दौर से गुजर रहा है। फरवरी 2026 में नई जीडीपी श्रृंखला (आधार वर्ष 2022-23) जारी होगी, जिससे डिजिटल अर्थव्यवस्था, स्टार्टअप और आधुनिक सेवाओं का वास्तविक योगदान स्पष्ट होगा। इससे जीडीपी का आकार और आँकड़ों की विश्वसनीयता बढ़ेगी। आँकड़ों की पारदर्शिता को लेकर उठते प्रश्न विदेशी निवेशकों को सतर्क कर सकते हैं, हालांकि भारत की मज़बूत वृद्धि और स्थिर नीतियाँ इस प्रभाव को काफी हद तक संतुलित करती हैं। यह संकेत है कि आर्थिक विस्तार के साथ-साथ आँकड़ा-तंत्र को भी आधुनिक और पारदर्शी बनाना आवश्यक है। भारत इस समय एक निर्णायक मोड़ पर खड़ा है। लगभग 2,900 डॉलर की प्रति व्यक्ति आय के साथ वह विश्व बैंक की परिभाषा के अनुसार मध्य-आय वर्ग में आता है।

**अरुण कुमार डनायक**

दुनिया की आर्थिक तस्वीर तेजी से बदल रही है। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) की अक्टूबर 2025 की रिपोर्ट के अनुसार, वर्ष 2026 में वैश्विक अर्थव्यवस्था एक ऐसे दौर में प्रवेश कर रही है जहाँ विस्तार के बजायसंयम, संरक्षणवाद, वित्तीय सख्ती और भू-राजनीतिक अस्थिरता का प्रभाव अधिक दिखाई देगा। आईएमएफ ने यह भी चेताया है कि दुनिया में आर्थिक मंदी का जोखिम बढ़ा है, वहीं टेक्नोलॉजी कंपनियों की ताक़त पारंपरिक संस्थाओं के मुकाबले लगातार बढ़ रही है। आईएमएफ के विश्लेषण के आधार पर 2026 की जिन शीर्ष अर्थव्यवस्थाओं का अनुमान लगाया गया है, उनमें अमेरिका (31.82 ट्रिलियन डॉलर) और चीन (20.65 ट्रिलियन डॉलर) की बादशाहत बनी हुई है, जबकि जर्मनी (5.32 ट्रिलियन डॉलर) तीसरे स्थान पर है और भारत (4.50 ट्रिलियन डॉलर) अपनी तेज़ रफ्तार को बरकरार रखते हुए दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। अमेरिका और चीन की अर्थव्यवस्थाएँ वर्चस्व के बावजूद अलग-अलग रुख दिखा रही हैं। अमेरिका में राष्टपति डोनाल्ड ट्रंप की व्यापार नीतियों और बढ़ती महँगाई के चलते आर्थिक वृद्धि मध्यम गति से हो रही है, जबकि चीन की अर्थव्यवस्था लगभग 4 प्रतिशत की दर से बढ़ने का अनुमान है। हालांकि, यह चीन के पिछले चार दशकों में सबसे धीमी बहुवर्षीय वृद्धि मानी जा रही है। 2026 की वैश्विक आर्थिक तस्वीर में भारत का चौथे स्थान पर पहुँचना केवल सांख्यिकीय उपलब्धि नहीं, बल्कि गहरे संरचनात्मक बदलाव का संकेत है।

आईएमएफ के अनुसार, भारत अब जापान (4.46 ट्रिलियन डॉलर) जैसी पारंपरिक आर्थिक महाशक्ति को पीछे छोड़ चुका है। यह उभार मुख्यतः मज़बूत घरेलू मांग, तेज़ी से बढ़ते सेवा क्षेत्र, डिजिटलीकरण, बुनियादी ढांचे में भारी निवेश और युवा कार्यबल की सक्रिय भागीदारी के कारण संभव हुआ है। जब अमेरिका और चीन जैसी अर्थव्यवस्थाएँ व्यापार युद्ध, महँगाई, रियल एस्टेट संकट और जनसंख्या वृद्धावस्था जैसी चुनौतियों से जूझ रही हैं, भारत अपेक्षाकृत स्थिर और संतुलित वृद्धि पथ पर है। उपभोग आधारित अर्थव्यवस्था, स्टार्टअप संस्कृति, उत्पादन-आधारित प्रोत्साहन और निर्यात में विविधता ने इसे वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच भी मज़बूती प्रदान की है। हालाँकि यह उभार बड़ी जिम्मेदारियाँ भी लाता है। बेरोज़गारी, आय असमानता, कौशल विकास और शहरी-ग्रामीण अंतर जैसी चुनौतियाँ अभी भी मौजूद हैं। यदि भारत निवेश, विनिर्माण और मानव संसाधन पर ध्यान बनाए रखता है, तो चौथा स्थान केवल एक पड़ाव होगा। 2026 के बाद का दशक भारत के लिए तेज़ वृद्धि के साथ वैश्विक आर्थिक नेतृत्व की दावेदारी का भी समय बन सकता है। अब किसी देश की ताकत सिर्फ आर्थिक वृद्धि से नहीं, बल्कि उसके सतत विकास मॉडल से मापी जाती है। सबसे टिकाऊ



अर्थव्यवस्था वह होती है जो आर्थिक स्थिरता, सामाजिक सुधार और पर्यावरण संरक्षण का संतुलित विकास करती हो। जबकि जीडीपी केवल उत्पादन और आय दिखाता है, सततता सूचकांक यह बताता है कि विकास की गति कितनी स्थिर, समावेशी और पर्यावरण-संवेदनशील है। वर्ष 2025 में दुनिया की सबसे टिकाऊ अर्थव्यवस्थाओं की सूची में ग्रेट ब्रिटेन पहले स्थान पर रहा। भारत इस सूची में शीर्ष 10 में शामिल नहीं हो सका और उसकी रैंकिंग 23वीं रही। भारत का प्रदर्शन आर्थिक और सामाजिक स्तंभों में बेहतर रहा, जबकि पर्यावरणीय प्रदर्शन अपेक्षाकृत कमजोर रहा। यह स्पष्ट करता है कि तेज़ औद्योगीकरण, बढ़ता शहरीकरण, प्रदूषण और जीवाश्म ईंधन पर निर्भरता भारत की सतत विकास क्षमता के लिए सबसे बड़ी चुनौती बनकर सामने है। भारत ऊर्जा संक्रमण और पर्यावरण सुधार में सक्रिय है, सौर, पवन, इलेक्ट्रिक वाहन और हरित हाइड्रोजन में निवेश बढ़ा रहा है और 2070 तक नेट ज़ीरो उत्सर्जन का लक्ष्य रखा है। यदि आर्थिक और सामाजिक विकास के साथ पर्यावरण संरक्षण को प्राथमिकता दी जाए, तो उसकी सतत विकास रैंकिंग भविष्य में बेहतर हो सकती है। 2025 की शीर्ष टिकाऊ अर्थव्यवस्थाएँ दर्शाती हैं कि भविष्य उसी देश का होगा जो विकास और पर्यावरण में संतुलन बनाए।

विशेषज्ञों के अनुसार, भारत को 2047 तक 30 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने के लिए अपने निवेश को दोगुना करना होगा। वैश्विक जटिलताओं के बावजूद भारत हालिया 8.2 प्रतिशत जीडीपी वृद्धि–जिसमें विनिर्माण और सेवा क्षेत्रों का प्रमुख योगदान है–के सहारे 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने और दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था की ओर बढ़ रहा है। हालांकि, इन लक्ष्यों को अभी एक मजबूत संभावना के रूप में ही देखा जाना उचित होगा। आईएमएफ ने अपनी 2025 की स्टाफ रिपोर्ट में भारत के राष्ट्रीय लेखा आँकड़ों को 'सी ग्रेड' दिया है। आईएमएफ द्वारा भारत की जीडीपी डेटा श्रृंखला को लगातार दूसरे वर्ष 'सी ग्रेड' दिया जाना पहली नज़र में भले ही चिंता का विषय लगे, लेकिन इसे भारत की अर्थव्यवस्था की वास्तविक मजबूती से जोड़कर देखना सही नहीं होगा। भारत इस समय तेज़ आर्थिक विस्तार के दौर में है, जहाँ 7 से 8 प्रतिशत के आसपास की वृद्धि, मजबूत घरेलू मांग, बुनियादी ढांचे में निवेश और सेवा व विनिर्माण क्षेत्रों की सक्रियता अर्थव्यवस्था की ठोस सेहत का संकेत देती है। ऐसे में आइएमएफ की यह रेटिंग किसी गिरावट का प्रमाण नहीं, बल्कि प्रणालीगत सुधार का संकेत है।

भारत का सांख्यिकी तंत्र बड़े परिवर्तन के दौर से गुजर रहा है। फरवरी 2026 में नई जीडीपी श्रृंखला (आधार वर्ष 2022-23) जारी होगी, जिससे डिजिटल अर्थव्यवस्था, स्टार्टअप और आधुनिक सेवाओं का वास्तविक योगदान स्पष्ट होगा। इससे जीडीपी का आकार और आँकड़ों की विश्वसनीयता बढ़ेगी। आँकड़ों की पारदर्शिता को लेकर उठते प्रश्न विदेशी निवेशकों को सतर्क कर सकते हैं, हालांकि भारत की मज़बूत वृद्धि और स्थिर नीतियाँ इस प्रभाव को काफी हद तक संतुलित करती हैं। यह संकेत है कि आर्थिक विस्तार के साथ-साथ आँकड़ा-तंत्र को भी आधुनिक और पारदर्शी बनाना आवश्यक है। भारत इस समय एक निर्णायक मोड़ पर खड़ा है। लगभग 2,900 डॉलर की प्रति व्यक्ति आय के साथ वह विश्व बैंक की परिभाषा के अनुसार मध्य-आय वर्ग में आता है, और इसी कारण 'मध्य-आय जाल' के उस जोखिम का सामना कर रहा है, जहाँ अर्थव्यवस्था न पूरी तरह ग़रीबी से बाहर निकल पाती है, न ही तेज़ी से समृद्धि की ओर बढ़ पाती है। विश्लेषकों के अनुसार राजकोषीय घाटा, ऋण और चालू खाते पर दबाव बढ़ सकता है, लेकिन तेज़ विकास, मजबूत घरेलू मांग, बढ़ते निवेश और जारी संरचनात्मक सुधार भारत को वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच एक उभरती आर्थिक शक्ति बना रहे हैं। आने वाले दो वर्ष इस दिशा को निर्णायक रूप से तय करेंगे।

## आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**
जीवनसाथी आपकी अतिरिक्त देखभाल करेगा। बाहरी व्यक्तियों का पारिवारिक जीवन में हस्तक्षेप न होने दें। पेट में जलन जैसी समस्या हो सकती है।

**वृषभ**
कार्यक्षेत्र में आपको कड़ी मेहनत करनी पड़ सकती है। नया करियर आरम्भ करने का विचार बना सकते हैं। प्रेम सम्बन्धों को मर्यादित रखें।

**मिथुन**
अपनी प्रतिभा को और विकसित करने के अवसर प्राप्त होंगे। कार्यक्षेत्र में आपकी मान-प्रतिष्ठा बढ़ेगी। युवा जातक प्रेम विवाह की योजना बना सकते हैं।

**कर्क**
आप रुकी हुयी योजनाओं को आरम्भ करने के लिये परिश्रम करेंगे। किसी परिजन के स्वास्थ्य को लेकर थोड़े तनाव में हो सकते हैं।

**सिंह**
सभी कार्य समय पर पूर्ण होते रहेंगे। अपने लक्ष्यों को लेकर अत्यन्त भावुक हो सकते हैं। आप अपनी पुरानी गलतियों से सीखेंगे। आज काफी मेहनत करनी पड़ेगी।

**कन्या**
किसी नजदीकी मित्र से मनमुटाव हो सकता है। अधिक सोच-विचार के कारण आप अवसरों को खो सकते हैं। बच्चों की समस्याओं पर आपको ध्यान देना चाहिये।

**तुला**
आपके पास नयी जिम्मेदारियाँ आ सकती हैं। आज मन में सन्तोष की भावना रहेगी। ऐसे कोई कार्य न करें जिसमें आपकी छवि दाँव पर लगी हो।

**वृश्चिक**
आपको कार्यक्षेत्र में काफी मेहनत करनी पड़ेगी। राजनैतिक मामलों से जुड़े लोगों को थोड़ा सावधान रहना चाहिये। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**धनु**
आपके मनोबल में वृद्धि होगी। आपसी सम्बन्धों में मधुरता बढ़ेगी। मीडिया से जुड़े लोगों के लिये दिन बहुत ही अच्छा है। व्यवसाय में आपकी उत्पादन क्षमता बढ़ेगी।

**मकर**
घर में अनुशासन बनाये रखें। कार्यक्षेत्र में आपको क्षमता से अधिक मेहनत करनी पड़ेगी। व्यर्थ की बातों में समय बर्बाद न करें। करियर और शिक्षा को लेकर थोड़ा तनाव हो सकता है।

**कुंभ**
किसी रिश्तेदार से शुभ सूचना मिल सकती है। मित्र आपकी काफी सहायता करेंगे। जॉब में स्थानान्तरण होने के योग बन रहे हैं।

**मीन**
स्वास्थ्य को लेकर परेशान हो सकते हैं। क्रोध व तनाव के कारण दिनचर्या खराब हो सकती है। नकारात्मक परिस्थितियों के बीच भी संयम बनाकर रखें।

## संक्षिप्त समाचार

### बाढ़ में लोक अदालत का आयोजन

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बाढ़ सिविल कोर्ट में शनिवार को लोक अदालत का आयोजन किया गया जिसमें सैकड़ो लंबित मुकदमों का निष्पादन किया गया। लोक अदालत का उद्घाटन एडीजे एक राजकुमार चौधरी ने किया। मौके पर एसडीजेएम सोनल विश्वास, एसीजेएम धीरेंद्र पतंजलि ,अपूर्वा नायक, न्यायिक दंडाधिकारी जयप्रकाश महतो, सैयद अमीर अली, सुधारानी तथा नाजीर अश्वनी कुमार आदि मौजूद रहे। इस दौरान संधि योग्य लघु आपराधिक मामलों का निपटारा किया गया जिसमें विद्युत, वाहन दुर्घटना, सिविल सूट, मापतोल , बैंक कर्ज आदि मामले शामिल है।

### होली मैरी स्कूल में भारतीय कार्यक्रम आयोजित

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बाढ़ के कांग्रेस मैदान स्थित होली मेरी अकैडमी के द्वारा एएनएस कॉलेज सभागार में भारतीयम कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसका उद्घाटन विधायक डॉ सियाराम सिंह ,प्राचार्य श्याम राय तथा एसडीपीओ आनंद कुमार सिंह ने किया। इस मौके पर वक्ताओं ने छात्र जीवन में अनुशासन



और लक्ष्य के प्रति समर्पण को सफलता की कुंजी बताया। पूर्ववर्ती छात्रा गौरी भारद्वाज के द्वारा भरतनाट्यम प्रस्तुत किया गया। ज्ञात हो की गौरी भारद्वाज बीएचयू वाराणसी से भरतनाट्यम में डिग्री कर रही है, जिसे स्कूल प्रशासन के सौजन्य से विधायक डॉक्टर सियाराम सिंह ने विशेष रूप से सम्मानित किया गया, बेहतर प्रदर्शन करने वाले पांच छात्रों को स्कूल की तरफ से लैपटॉप दिया गया ।मौके पर निदेशक पॉल जे मालेमल , प्राचार्य शंकर पिल्लई शिक्षक विनय सिंह तथा प्रवीण कुमार आदि मौजूद रहे।

### दो बाइकों की भिड़ंत में खगड़िया निवासी युवक की मौत

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बेलछी थाना क्षेत्र के अंतर्गत रासबाग गांव के पास शुक्रवार की देर रात को दो हाई स्पीड बाइक की आपस में हुई भिड़ंत में खगड़िया निवासी सत्यम कुमार की मौत हो गई। वहीं दूसरी तरफ इस हादसे में बाघाटीला निवासी शशि कुमार तथा आजाद नगर निवासी मनोज केवट को जख्मी हालत में अस्पताल में भर्ती किया गया। प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को पीएमसीएच रेफर कर दिया गया है ।खगड़िया के गोपी टोला निवासी सत्यम अपने रिश्तेदार के पास जा रहा था। इसी दौरान हादसा हुआ। शव का पोस्टमार्टम कर परिजनों को सौंप दिया गया है ।दुर्घटनाग्रस्त बाइक जब्त कर ली गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### दिनदहाड़े बैग काटकर मोबाइल और नगदी चोरी

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बाढ़ के बाजितपुर रोड में दिनदहाड़े अपराधियों ने कई महिलाओं का बैग काटकर मोबाइल और नगदी चोरी कर ली है। इस संबंध में एक पीड़िता एनटीपीसी थाना क्षेत्र के परसामा गांव निवासी अंजली कुमारी ने थाने में शिकायत दर्ज कराई है।

### आरपीएस रेसिडेंसियल स्कूल में विज्ञान, कला एवं शिल्प प्रदर्शनी

**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** दिनांक 13 दिसम्बर 2025 को स्थानीय आरपीएस रेसिडेंसियल स्कूल में विज्ञान, कला एवं शिल्प प्रदर्शनी सम्पन्न हुई । समारोह के मुख्य अतिथि श्रीनु अप्पिकोंडा (डाइरेक्टर, श्री कृष्ण विज्ञान केंद्र, पटना) एवं श्री विश्वनाथ गुप्ता (एजुकेशन ऑफिसर, श्री कृष्ण विज्ञान केन्द्र, पटना) का स्वागत प्राचार्य श्री दिलीप कुमार सिंह ने पुष्प गुच्छ देकर किया तथा





उपस्थित सभी अभिभावकों का स्वागत करते हुए अपना आभार व्यक्त किया । मुख्य अतिथि ने अपने सम्बोधन में छात्र-छात्राओं की रचनात्मकता, वैज्ञानिक सोच और समस्या समाधान कौशल की काफी तारीफ करते हुए कहा कि इससे दैनिक जीवन में विज्ञान एवं कला प्रयोगों को समझने का एक उचित मंच मिलता है। दोनों जजों ने सभी मॉडल को ध्यानपूर्वक देखकर उसका मूल्यांकन करते हुए सभी विजेताओं को पुरस्कार एवं मेडल देकर सम्मानित किया । विशिष्ट योगदान के लिए शिक्षक-शिक्षिकाओं को भी सम्मानित किया गया। अंत में उप प्राचार्या श्रीमती उषा सिन्हा ने धन्यवाद ज्ञापन किया ।

### स्टेट बैंक ऑफ इंडिया स्टाफ एसोसिएशन की बैठक

**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** सर्कल द्वारा सूचित किया जाता है कि एसबीआईएसए पटना सर्कल का चुनाव संघ के संविधान में निहित प्रावधानों के अनुसार निर्धारित तिथि 14.12.2025 को स्थानीय प्रधान कार्यालय एसबीआई




पटना सुबह 10:00 बजे से शाम 05:00 बजे तक ही सम्पन्न किया जाएगा। हाल के दिनों में कुछ व्हाट्सएप समूहों एवं अन्य सोशल मीडिया माध्यमों पर चुनाव की तिथि को लेकर भ्रामक एवं असत्य संदेश प्रसारित किए जा रहे हैं, जिनका एसबीआईएसए से कोई संबंध नहीं है और न ही ऐसे संदेश अधिकृत हैं। एसबीआईएसए स्पष्ट रूप से पुनः दोहराता है कि चुनाव की आधिकारिक तिथि 14 दिसंबर 2025 ही है और यह संघ के संविधान के अनुरूप ही निर्धारित की गई है। एसबीआईएसए सभी सदस्यों एवं स्टेट बैंक ऑफ इंडिया परिवार के कर्मचारियों से अपील करता है कि केवल आधिकारिक सूचना पर ही विश्वास करें तथा किसी भी प्रकार की अफवाहों या असत्य प्रचार से दूर रहें। संघ को विश्वास है कि सभी साथियों के सहयोग से चुनाव प्रक्रिया शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं गरिमामय वातावरण में सम्पन्न होगी।

### नैपकॉन 2025 के वैज्ञानिक सत्र में अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञों ने साझा की वैश्विक दृष्टि, फेफड़ों की जटिल बीमारियों पर गहन मंथन

**फुलवारीशरीफ/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** देश की प्रतिष्ठित श्वसन रोगों की राष्ट्रीय कांग्रेस नैपकॉन 2025 के अंतर्गत शनिवार 13 दिसंबर को सम्राट अशोक कन्वेंशन सेंटर, पटना में आयोजित वैज्ञानिक सत्र अत्यंत प्रभावशाली और चिकित्सकीय दृष्टि से महत्वपूर्ण साबित हुए. इन सत्रों का सफल आयोजन नैपकॉन 2025 के आयोजन सचिव डॉ. सुधीर कुमार के कुशल नेतृत्व में किया गया, जिसकी देश-विदेश से आए विशेषज्ञों ने सराहना की. वैज्ञानिक सत्रों में फेफड़ों से जुड़ी प्रमुख, उभरती और जटिल बीमारियों पर विस्तार से चर्चा की गई. भारत के वरिष्ठ श्वसन रोग



विशेषज्ञों के साथ-साथ अमेरिका सहित अन्य देशों से आए अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञों ने अपने अनुभव और नवीन शोध निष्कर्ष साझा किए.

# एसपीएम सिटी फेज-4 का फुलवारी में हुआ शुभारंभ

**फुलवारीशरीफ/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पटना के फुलवारी शरीफ थाना क्षेत्र अंतर्गत माधोपुर गांव के समीप एसपीएम सिटी फेज-4 का विधिवत भूमि पूजन किया गया. इस अवसर पर सस्ते दर पर लोगों को जमीन उपलब्ध कराने वाली एसपीएम सिटी के डायरेक्टर प्रफुल्ल चंद्र ने पूर्व मंत्री श्याम रजक एवं अन्य अतिथियों का स्वागत किया. भूमि पूजन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बिहार सरकार के पूर्व मंत्री श्याम रजक ने कहा कि एस.पी.एम. सिटी फेज-4 जैसी आवासीय परियोजनाएं फुलवारी शरीफ की सुंदरता बढ़ाने के साथ-साथ स्थानीय लोगों के लिए रोजगार के नए अवसर भी सृजित

भूमि पूजन में शामिल हुए पूर्व मंत्री श्याम रजक



फुलवारी शरीफ से धरायचक तक सड़क बनेगी फोरलेन : श्याम रजक



करेंगी. उन्होंने कहा कि वर्तमान में फुलवारी शरीफ थाना गोलंबर से लेकर शहीद भगत सिंह चौक होते हुए ईसापुर राय चौक तक पीसीसी सड़क का निर्माण कार्य चल रहा है, वहीं राय चौक से धरायचक सुरक्षा बांध तक सड़क निर्माण का कार्य भी शुरू हो चुका है. पूर्व मंत्री ने कहा कि आने वाले दिनों में फुलवारी शरीफ थाना गोलंबर से धरायचक तक की सड़क को फोरलेन बनाया जाएगा. इससे आसपास के सैकड़ों गांवों के लोगों को आवागमन में सुविधा मिलेगी और जाम की समस्या से राहत मिलेगी. श्याम रजक ने बताया कि इस इलाके में गोणपुरा रेलवे स्टेशन का निर्माण कार्य भी प्रगति पर है, जो क्षेत्र के विकास में मील का पत्थर साबित होगा. उन्होंने कहा कि जब वे मंत्री थे, उस समय इलाके में बिजली की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित की गई थी और आने वाले समय में सड़क सहित अन्य बुनियादी सुविधाओं का विस्तार किया जाएगा. उन्होंने एस.पी.एम. सिटी प्रबंधन को इस परियोजना के लिए बधाई देते हुए कहा कि इससे ग्रामीण क्षेत्रों में भी शहरी सुविधाएं उपलब्ध होंगी और लोगों के जीवन स्तर में सुधार आएगा. मौके पर सतीश कुमार, नागेंद्र पाल श्रवण कुमार पवन कुमार सुधीर कुमार सुनील कुमार विकास कुमार सबोध सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग और स्थानीय ग्रामीण उपस्थित रहे.

## दानापुर शहरी क्षेत्र में 14 सार्वजनिक टॉयलेट और 16 यूरिनल का होगा निर्माण

**दानापुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नगर परिषद क्षेत्र में शहरी क्षेत्र में 14 स्थानों पर सार्वजनिक टॉयलेट और 16 स्थानों पर यूरिनल का निर्माण कराया जायेगा. नगर परिषद द्वारा निविदा प्रक्रिया पूरी कर ली गई है और जल्द ही निर्माण कार्य शुरू किया जायेगा. परिषद के ईओ पंकज कुमार ने बताया कि नगर विकास विभाग द्वारा परिषद क्षेत्र में 14 स्थानों पर सार्वजनिक शौचालय का निर्माण कार्य करने के लिए टेंडर निकाला दिया गया है और 16 स्थानों पर यूरिनल का निर्माण कराया जायेगा. परिषद के स्वच्छता पदाधिकारी अर्पणा ने बताया कि सार्वजनिक टॉयलेट का निर्माण होने से राहगीरों को सुविधा होगी और शहर-बाजार आने वाली महिलाओं की परेशानियों का समाधान होगा. साथ ही सड़क किनारे फैलने वाली गंदगी पर भी नियंत्रण मिलेगा. राहगीरों और महिलाओं को होगी सुविधा : शहरी क्षेत्र में 14 स्थानों पर सार्वजनिक टॉयलेट और 16 स्थानों पर यूरिनल का निर्माण किया जायेगा. नगर परिषद द्वारा निविदा प्रक्रिया पूरी कर ली गई है और जल्द ही निर्माण कार्य शुरू होने की संभावना है. सरकार द्वारा आधी आबादी के जीवन स्तर में सुधार लाने के लिए लगातार योजनाओं की घोषणा की जाती है, जिन पर अमल भी किया जाता है. इसके बावजूद शहरी क्षेत्र में महिलाओं और राहगीरों के लिए बुनियादी सुविधाओं की कमी अभी भी महसूस की जाती है.

## अतिक्रमणकारियों पर चला प्रशासन का बुलडोजर, वसूला गया जुर्माना, हड़कंप

**दानापुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** शहर में अतिक्रमण हटाने की मुहिम लगातार जारी है. सातवें दिन शनिवार को अनुमंडल व छावनी परिषद प्रशासन ने सदर बाजार से काली स्थान सडक के दोनों किनारे अतिक्रमण पर बुलडोजर चलाया गया. लेकिन अतिक्रमणकारियों की ढीठता कम होने का नाम नहीं ले रही. न तो बुलडोजर का भय और न ही जुमार्ना की चिंता-दुकानदार बार-बार फुटपाथ पर दुकानें सजा दे रहे हैं.डीएम व एसडीओ आदेश के बाद छावनी परिषद प्रशासन की टीम ने पुलिस बलों के सहयोग सदर बाजार से काली



स्थान मोड तक टाउन क्लिन ऑपरेशन चलाया. .घंटो तक चले व्यापक रूप से अभियान में. बुलडोजर से झोपडियों , गुमटी व पक्का ओटा को ध्वस्त किया गया है प्रशासन ने कई जगहों पर अवैध रूप से लगाये गये ठेले, टेबल, दुकानों के आगे फैले सामान व पार्किंग में खड़े वाहनों पर कार्रवाई की गई. छावनी परिषद प्रशासन ने अतिक्रमणकारियों से 16 हजार 200 रुपए और यातायात पुलिस ने 40 हजार 500 रुपए जुमार्ना वसूला गया है. दंडाधिकारी सह नप नगर प्रबंधक अमरेंद्र कुमार के नेतृत्व में छावनी क्षेत्र में अभियान चलाया गया.वही नप प्रशासन ने 12 वें दिन रूपसपुर नहर किनारे अतिक्रमणकारियों का झोपडियों को बुलडोजर से ध्वस्त किया गया है. दंडाधिकारी सह सीओ चंदन कुमार के नेतृत्व में रूपसपुर नहर बुद्धा कैंसर अस्पताल से पाटलिपुत्र स्टेशन तक अभियान चलाया गया है. परिषद ईओ पंकज कुमार व ईओ (व्यवस्था ) रवि कुमार ने बताया कि नप व नगर निगम के सहयोग से अभियान चलाया गया है. उन्होंने बताया कि पूरे नगर को अतिक्रमणकारियों से मुक्त कराया जायेगा और नगर को स्वच्छ व सुंदर बनाया जायेगा. यह अभियान आगे भी जारी रहेगा और दोबारा अतिक्रमण करने वालों से जुमार्ना वसूला जायेगा. साथ ही कानूनी कारवाई की जायेगी.

## सत्तार मेमोरियल कॉलेज ऑफ एजुकेशन में अंतर-कॉलेज वॉलीबाल प्रतियोगिता का आयोजन

इस्लामिया कॉलेज रही विजेता



**फुलवारीशरीफ/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सत्तार मेमोरियल कॉलेज ऑफ एजुकेशन के खेल परिसर, फुलवारी शरीफ में अंतर-कॉलेज वॉलीबाल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया. इस मुकाबले में सत्तार मेमोरियल कॉलेज ऑफ एजुकेशन और इस्लामियां कॉलेज की टीमें आमने-सामने थीं. बेहद रोमांचक और उतार-चढ़ाव से भरे इस मैच में इस्लामियां कॉलेज की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जीत दर्ज की. इस प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि के रूप में इस्लामियां कॉलेज के प्राचार्य राकेश कुमार अरुण उपस्थित रहे. समारोह की शुरूआत सत्तार मेमोरियल कॉलेज ऑफ एजुकेशन के प्राचार्य डॉ. अजय कुमार सिंह ने अपने संबोधन से की और खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं. इसके पश्चात खिलाड़ियों द्वारा मार्च-पास्ट किया गया, राष्ट्रगान गाया गया तथा खेल भावना की शपथ ली गई. मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में खिलाड़ियों से खेल भावना बनाए रखने, अनुशासन के साथ कड़ी मेहनत करने और खेल को जीवन का अहम हिस्सा मानने का संदेश दिया. इस अवसर पर इस्लामिया इंस्टीट्यूशन ऑफ एजुकेशन के चेयरमैन हाजी खुर्शीद हसन ने कहा कि खेल से बच्चों में अनुशासन, टीम भावना, नेतृत्व क्षमता और आत्मविश्वास का विकास होता है, जबकि पढ़ाई उन्हें सही दिशा और भविष्य की मजबूत नींव प्रदान करती है. हाजी खुर्शीद हसन ने छात्रों से आह्वान किया कि वे शिक्षा के साथ-साथ खेलों में भी सक्रिय भागीदारी करें, क्योंकि संतुलित शारीरिक और मानसिक विकास से ही एक बेहतर नागरिक का निर्माण संभव है.

## दानापुर नप प्रशासन ने 32 खटाल संचालक को भेजा नोटिस

**दानापुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नगर के घनी आबादी के बीच खोला गया खटाल स्वच्छता को मुंह चिढ़ा रहा है. जिसको देखते हुए नप प्रशासन ने खटाल हटाने के लिए 32 खटाल संचालकों को नोटिस भेजा गया है. परिषद के स्वच्छता पदाधिकारी अर्पणा ने बताया कि पशुओं के मल मूत्र को नाली में बहने से उसके बदबू से लोग परेशानी होती है. सडकों किनारे खटाल खोलने से आवागमन भी बाधित हो जाता है. उन्होंने बताया कि खटाल संचालकों द्वारा पशुओं का मल -मूत्र को नाली में बहने से नाली जाम हो जाता है और जल निकासी अवरूद्ध होने से आम लोगों को परेशानी उठानी पडती है. इसको देखते हुए म्यूनिसपल एक्ट के तहत खटाल संचालकों को हटाने के लिए नोटिस भेजा गया है. नोटिस के बाद समय सीमा तक नही हटाते है तो बुलडोजर से खटाल को ध्वस्त कर दिया जायेगा ओर जुमार्ना वसूला जायेगा. नगर को स्वच्छ व सुंदर बनाने के लिए परिषद प्रशासन संकल्पित है.

## भी.बी. पब्लिक स्कूल में पेरेंट्स-टीचर मीट आयोजित

गुरुदेव श्री प्रेम ने शिक्षा, संस्कार एवं पर्यावरण पर दिया प्रेरक व्याख्यान



**फुलवारीशरीफ/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** भी.बी. पब्लिक स्कूल, फुलवारी शरीफ में शनिवार 13 दिसंबर 2025 को प्रातः 9:30 बजे पेरेंट्स-टीचर मीट का आयोजन किया गया. कार्यक्रम में बड़ी संख्या में बच्चों के अभिभावकों ने भाग लिया. इस अवसर पर भारत के राष्ट्रपति द्वारा सम्मानित बिहार के प्रख्यात शिक्षाविद् एवं पर्यावरणविद् गुरुदेव श्री प्रेम ने 'शिक्षा, संस्कार एवं पर्यावरण' विषय पर अपना प्रेरक व्याख्यान दिया. उन्होंने कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए शिक्षा के साथ-साथ संस्कार और पर्यावरण के प्रति संवेदनशीलता अत्यंत आवश्यक है. गुरुदेव श्री प्रेम ने अभिभावकों से आह्वान किया कि वे अपने बच्चों के जीवन में भारतीय संस्कृति के मूल मंत्रों का बीजारोपण करें. उन्होंने कहा कि इससे बच्चों की जीवनशैली में सकारात्मक और गुणात्मक सुधार होगा, वे उच्च शिक्षा प्राप्त कर सकेंगे और अपने जीवन में निरंतर प्रगति कर पाएंगे. कार्यक्रम के दौरान विद्यालय परिवार की ओर से गुरुदेव श्री प्रेम को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया. विद्यालय की प्राचार्य मोनिका ने उनके विचारों को विद्यार्थियों और अभिभावकों के लिए अत्यंत उपयोगी बताया. इस पेरेंट्स-टीचर मीट का सफल संचालन विद्यालय प्रबंधन द्वारा किया गया।

## राष्ट्रीय लोक अदालत में 327 मामलों का निष्पादन

**दानापुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार की ओर से शनिवार को व्यवहार न्यायालय में आयोजित राष्ट्रीय लोक



अदालत में 327 मामलों का निपटारा किया गया. समझौता के आधार पर निपटाए गये मामलों में 7,49,700 रुपए की वसूली की गई. मामलों के निष्पादन के लिए 9 पीठ का गठन किया गया .इसमें दोनों पक्षों के आपसी सहमति के आधार पर कुल 327 मामले का निष्पादन किया गया. जिसमें बिजली चोरी के 122 मामलों में 7,49,700 रुपए की वसूली बिजली विभाग द्वारा की गई.शमनीय फौजदारी के 204 मामलों समेत 1 श्रम अधिनियम के वाद का निष्पादन किया गया. बीएसएनएल के 15 मामलों का निष्पादन कर 14,651 रुपए वसूली की गई और बैक ऋण के 386 मामलों के निष्पादित कर 1,54,93,204 रुपए समझौता राशि वसूली गई. तालुक विधिक सेवा समिति के सचिव सह अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी सुमित कुमार, अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी चंद्रभूषण राम, अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी विकास कुमार व सतीश कुमार, मुंसिफ कुमार शुभम, न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी एश्वर्य दीप, संचिता चौधरी व श्रेया कुशवाहा री शामिल थे.

## दानापुर अनुमंडलीय अस्पताल में छह माह से नयी अल्ट्रासाउंड मशीन फांक रही धूल

**दानापुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अनुमंडलीय अस्पताल में लाखों की लागत से नई आल्ट्रासाउंड मशीन छह माह से धूल फांक रही है. अस्पताल के एक कमरे में नई आल्ट्रासाउंड मशीन बंद पडा हुआ है. अस्पताल जानकारों ने बताया कि सिविल सर्जन डा अविनाश कुमार ने अनुमंडलीय अस्पताल में सभी बीमारियों के जांच के लिए नई आल्ट्रासाउंड मशीन प्रदान किया गया था. ताकि सभी तरह के मरीजों का आल्ट्रासाउंड निःशुल्क जांच किया जा सकेंगे. परंतु अस्पताल प्रशासन द्वारा आज तक नई आल्ट्रासाउंड मशीन से जांच शुरू तक नही किया गया है. अस्पताल प्रशासन द्वारा बताया गया कि आल्ट्रासाउंड जांच करने के लिए लाइसेंस के लिए आवेदन दिया गया है.

## पशु स्वास्थ्य जागरूकता शिविर आयोजित, 262 पशुओं की निःशुल्क जांच

**फुलवारीशरीफ/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जीविका परियोजना क्रियान्वयन इकाई के सौजन्य से शनिवार को एक दिवसीय पशु स्वास्थ्य जांच एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया. शिविर का उद्घाटन जीविका प्रखंड परियोजना प्रबंधक श्रीमती सुरुचिकांत मणि, पशु चिकित्सक डॉ. शोभा कुमारी, पशुधन प्रबंधक कुमारी





पुष्पम तथा जीविकोपार्जन विशेषज्ञ कुमार गौरव द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया. शिविर में आसपास के गांव-टोला क्षेत्रों से पहुंचे 208 पशुपालकों के कुल 262 पशुओं की निःशुल्क जांच की गई. इस दौरान पशुओं में बांझपन से संबंधित रोगों, कृमिनाशक उपचार, मिनरल मिक्सर, गैस तथा अन्य सामान्य रोगों की जांच की गई. पशुपालकों को आवश्यक दवाएं भी निःशुल्क उपलब्ध कराई गईं. मौके पर पशुपालकों को पशुओं के स्वास्थ्य संरक्षण, समय पर टीकाकरण और संतुलित आहार के महत्व के बारे में भी जानकारी दी गई. कार्यक्रम में जीविकोपार्जन विशेषज्ञ कुमार गौरव, क्षेत्रीय समन्वयक अनुराग कुमार एवं श्रवण कुमार, सामुदायिक समन्वयक अनुपम कुमारी एवं निधि कुमारी, पशु सखी, वीआरपी तथा सीएम सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे.

## 'मंथन' एनजीओ की पहल, पिछड़े वर्गों के बच्चों का एम्स पटना में शैक्षणिक भ्रमण, मिला प्रेरणा और जागरूकता का अनुभव

**फुलवारीशरीफ/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सामाजिक समावेशन और जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक सराहनीय पहल के तहत पटना के नौबतपुर क्षेत्र से समाज के पिछड़े वर्गों के 50 से अधिक बच्चों ने शनिवार को एनजीओ 'मंथन' के साथ एम्स पटना का शैक्षणिक भ्रमण किया. भ्रमण के दौरान बच्चों ने एम्स पटना के ओपीडी, आपातकालीन एवं ट्रॉमा विभाग का अवलोकन किया और वहां की कार्यप्रणाली को करीब से समझा. इस अवसर पर बच्चों को डॉक्टरों एवं स्वास्थ्यकर्मियों से सीधे संवाद करने का अवसर मिला. चिकित्सकों ने सरल और सहज भाषा



में आपातकालीन व ट्रॉमा सेवाओं की व्यवस्था, समय पर उपचार के महत्व तथा बुनियादी स्वास्थ्य जागरूकता की जानकारी दी. इस संवाद के दौरान बच्चों में गहरी जिज्ञासा और उत्साह देखने को मिला, जिनमें से अधिकांश बच्चे पहली बार किसी राष्ट्रीय स्तर के प्रतिष्ठित चिकित्सा संस्थान में पहुंचे थे. एम्स पटना के निदेशक ने भी बच्चों से व्यक्तिगत रूप से संवाद किया. उन्होंने बच्चों को शिक्षा पर ध्यान केंद्रित करने, बड़े सपने देखने, वैज्ञानिक सोच विकसित करने तथा अपने स्वास्थ्य और निरंतर सीखने के प्रति सजग रहने के लिए प्रेरित किया. निदेशक ने समाज के वंचित वर्गों के बच्चों को राष्ट्रीय महत्व के संस्थानों से जोड़ने और ऐसे प्रेरणादायी अनुभव उपलब्ध कराने के लिए मंथन एनजीओ के प्रयासों की सराहना की. बच्चों के उत्साहवर्धन के लिए सभी को कॉपी और पेन वितरित किए गए. इससे बच्चों में खुशी और आत्मविश्वास और अधिक बढ़ गया. बच्चों ने एम्स पटना के इस भ्रमण को यादगार और प्रेरणादायी अनुभव बताते हुए खुशी जाहिर की. अपने संबोधन में निदेशक, एम्स पटना ने कहा कि एम्स जैसे संस्थान जनता के हैं और समाज की सेवा के लिए समर्पित हैं. उन्होंने बच्चों को मेहनत, अनुशासन और जिम्मेदार नागरिक बनने का संदेश देते हुए अपनी क्षमताओं पर विश्वास रखने के लिए प्रेरित किया. वहीं मंथन एनजीओ के निदेशक फादर डॉ. टी. निशांत एस.जे. ने कहा कि इस तरह के शैक्षणिक और प्रेरणादायी भ्रमण वंचित वर्गों के बच्चों में आत्मविश्वास पैदा करते हैं. उन्होंने बताया कि ऐसे कार्यक्रम बच्चों को शिक्षा और जागरूकता के माध्यम से बेहतर भविष्य की दिशा में सोचने और आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हैं.

## एसएच-1 गौरीचक बाजार में नाला निर्माण में व्यापक अनियमितता का आरोप, जांच की मांग

दोनों ओर चौड़ा डबल बॉक्स नाला, बीच में आधी चौड़ाई का सिंगल नाला बना रहा संवेदक

**फुलवारीशरीफ/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पथ निर्माण विभाग, पटना सिटी प्रमंडल द्वारा बड़ी पहाड़ी से बेलदारीचक तक फोरलेन सड़क निर्माण कार्य कई वर्षों से मंथर गति से चल रहा है. इसी क्रम में गौरीचक बाजार में सड़क के दोनों किनारों पर डबल बॉक्स नाले का निर्माण अधूरा और अनियमित ढंग से किए जाने का आरोप सामने आया है. स्थानीय लोगों के अनुसार गौरीचक बाजार स्थित सत्यम कॉन्वेंट स्कूल के पास जुझारपुर जाने वाली सड़क के किनारे जहां पहले से दोनों तरफ चौड़ा डबल बॉक्स नाला है, वहां संवेदक द्वारा नियमों को



दरकिनार कर बीच में आधी चौड़ाई का सिंगल और संकरा नाला बनाया जा रहा है. स्थानीय जनता के विरोध के बावजूद संवेदक द्वारा मनमाने तरीके से जबरन निर्माण कार्य कराया जा रहा है. बताया गया कि वर्षों पूर्व गौरीचक बाजार में डबल बॉक्स नाला का निर्माण कराया गया था, लेकिन जुझारपुर ब्रांच रोड के सामने करीब 15 फीट हिस्सा उस समय छोड़ दिया गया था. बीते वर्षा ऋतु में इसी कारण पूरे बाजार का पानी जुझारपुर रोड में भर गया था, जिससे करीब चार फीट तक जलजमाव हो गया और ग्रामीणों का आवागमन पूरी तरह बाधित हो गया था. स्थानीय लोगों का कहना है कि शिकायतों के बाद दोनों ओर बने पुराने डबल बॉक्स नाले को जोड़ने का कार्य शुरू किया गया, लेकिन बीच में मानक के विपरीत सिंगल नाला बनाया जा रहा है, जिससे भविष्य में फिर जलजमाव की आशंका बनी रहेगी. आरोप है कि निर्माण स्थल पर न तो कनीय अभियंता और न ही सहायक अभियंता निरीक्षण के लिए पहुंचे हैं. इस संबंध में स्थानीय समाजसेवी संजीव शरद उर्फ गुड्डू सिंह ने पथ निर्माण विभाग, पटना सिटी प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता, अधीक्षण अभियंता, अभियंता प्रमुख एवं पथ निर्माण मंत्री से मामले की जांच कराकर जनहित में यथोचित कार्रवाई करने की मांग की है.

CMYK

## संक्षिप्त समाचार

### 36 किलो गांजा बरामद



**बनकटवा (पूर्वी चम्पारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** एसएसबी बरहरवा और जितना पुलिस की संयुक्त करवाई मे शुक्रवार की मध्य रात्रि मे गुप्त सुचना के आधर पर गस्त के दौरान धेनुखी बलुआ से पश्चिमी सैनिक रोड के सरेह से 36 किलो प्रतिबंधित पदार्थ गांजा को बरामद कर लिया गया वही कोहरा और अंधेरा का लाभ उठाकर गांजा तस्कर नेपाल भागने मे सफल रहा वही गांजा को कागजी प्रकिर्या पूरा कर पुलिस को सुपुर्द कर दिया गया जानकारी जितना थाना अध्यक्ष सुधीर कुमार ने दी।

### 360 बोतल नेपाली शराब के साथ दो कारोबारी गिरफ्तार



**बनकटवा (पूर्वी चम्पारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जितना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर गस्त के दौरान धेनुखी बलुआ सैनिक रोड के पास से 360 बोतल नेपाली कस्तूरी शराब के साथ दो तस्कर को दबोच लिया गया उक्त तस्कर की पहचान लखौरा थाना क्षेत्र के सेमरी गाँव निवासी रावण कुमार पिता राजेंद्र राय, गोलू कुमार पिता ललन राय के रूप मे किया गया हैं. जानकारी जितना थाना अध्यक्ष सुधीर कुमार ने दी।

### श्री हनुमत पूजनोत्सव का वार्षिक समारोह शुरू

**मशरक (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मशरक के पुराने रेलवे स्टेशन परिसर में पांच दिवसीय हनुमत पूजनोत्सव का वार्षिक समारोह हनुमत लला की भव्य मूर्ति पूजन के साथ आरंभ हुआ। आचार्य सुरेन्द्र उपाध्याय, नंद कुमार तिवारी और यजमान समिति के कोषाध्यक्ष विनोद कुमार गुप्ता ने विधिवत पूजा संपन्न कराई। मौके पर पूजा समिति के अध्यक्ष मुन्ना प्रसाद, सचिव बसंत कुमार, विजय प्रसाद, अरुण कुमार रस्तोगी, नारायण दास, प्राण सेठ, अनिल कुमार रस्तोगी, शंभू सिंह, शिवशंकर प्रसाद, दीपक कुमार दीपू सहित अन्य लोग उपस्थित थे। पूजा समिति के सचिव ने बताया कि प्रतिदिन सुंदरकांड पाठ, सायंकालीन प्रवचन और अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। साथ ही 12 दिसंबर को पुरुष एवं महिला कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा।

### फाइलेरिया उन्मूलन अभियान के तहत प्रखंड में होगा नाइट ब्लड सर्वे

**मशरक (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** फाइलेरिया उन्मूलन अभियान की सफलता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में बीडीओ पंकज कुमार की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. चंद्रशेखर सिंह ने बताया कि 17 से 20 दिसंबर तक नाइट ब्लड सर्वे टास्क फोर्स अभियान चलाया जाएगा। इसके लिए प्रखंड के दो-दो क्षेत्रों का चयन किया गया है, जहां रात्रि में लोगों के रक्त का नमूना लिया जाएगा। 17 दिसंबर को गंगौली गढ़ मंदिर परिसर और उपस्वास्थ्य केंद्र सिकटी भिखम में नाइट सर्वे किया जाएगा। बैठक में सीडीपीओ राहुल शंकर, डॉ. ललिता कुमारी, बीवीडी पर्यवेक्षक निसाब आलम, स्वास्थ्य प्रबंधक अमित कुमार, डब्ल्यूएचओ प्रतिनिधि, बीसीएम मैनेजर लवकुश सहित अन्य स्वास्थ्यकर्मी उपस्थित रहे।

### रेलवे स्टेशन पर शराब के साथ धंधेबाज गिरफ्तार

**मशरक (सारण)नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** छपरा-थावे रेलखंड के राजा पट्टी रेलवे स्टेशन के सकुर्लेटिंग एरिया से पकड़ने एक शराब धंधेबाज को भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब के साथ गिरफ्तार किया। आरपीएफ इंस्पेक्टर शहनवाज हुसैन ने बताया कि एएसआई रमेश केरकेट्टा, एएसआई मनोज कुमार सिंह, हेड कांस्टेबल राम उजागिर और मोहम्मद खुर्शीद आलम की संयुक्त टीम ने पदमौल गांव निवासी अंकित कुमार को 12 लीटर अंग्रेजी शराब के साथ पकड़ा। शराब बैग में छिपाकर रखी गई थी, जिसकी कीमत लगभग 10,690 रुपये बताई गई।

### सरपंच की दादी का निधन, शोक सभा आयोजित

**मशरक (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** खजुरी पंचायत के सरपंच सुबोध कुमार तिवारी की दादी कुसुम कुंवर का 90 वर्ष की आयु में निधन हो गया। वे कुछ दिनों से बीमार चल रही थीं। निधन की खबर से क्षेत्र में शोक की लहर फैल गई। खजुरी आवास पर आयोजित शोक सभा में सरपंच संघ अध्यक्ष अजय सिंह, बिनोद प्रसाद, राम बाबू सिंह, हरेश्वर सिंह सहित अन्य लोगों ने श्रद्धांजलि दी। साथ ही महाराजगंज सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल, प्रखंड मुखिया संघ अध्यक्ष अजीत सिंह और प्रखंड प्रमुख रवि प्रकाश सिंह मंटू ने भी शोक संवेदना व्यक्त की।

### मशरक इंस्पेक्टर व थानाध्यक्ष उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित

**मशरक (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिहार विधानसभा चुनाव के दौरान उत्कृष्ट कार्य के लिए मशरक अंचल के इंस्पेक्टर इंद्रजीत महंतों और थानाध्यक्ष रंजीत कुमार पासवान को सम्मानित किया गया। वरीय एसपी डॉ. कुमार आशीष ने दोनों अधिकारियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया। वरीय एसपी ने बताया कि चुनाव अवधि में बेहतर विधि-व्यवस्था संधारण, संवेदनशील क्षेत्रों में गश्ती, मतदान केंद्रों की सुरक्षा तथा असामाजिक तत्वों पर निगरानी जैसे कार्यों में दोनों अधिकारियों ने उल्लेखनीय भूमिका निभाई। इसी कारण मतदाता निर्भय होकर मतदान कर सके और चुनाव शांति से संपन्न हुआ।

### होली कॉन्वेंट रेसिडेंशियल पब्लिक स्कूल में प्रशिक्षण शिविर शुरू

**छपरा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** गड़खा स्थित होली कॉन्वेंट रेसिडेंशियल पब्लिक स्कूल में समग्र शिक्षा के निर्देश के आलोक में प्रथम सोपान स्काउट-गाइड प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ उत्साह के साथ किया गया। विद्यालय के प्राचार्य रंजीत सिंह और निदेशक प्रमोद कुमार ने प्रशिक्षण को विद्यार्थियों के व्यक्तित्व निर्माण की दिशा में महत्वपूर्ण पहल बताया। नोडल शिक्षक रौशन कुमार और सचिन कुमार के नेतृत्व में स्काउट गतिविधियाँ तथा नोडल शिक्षिका तनु कुमारी के निर्देशन में गाइड रेंज के प्रशिक्षण आयोजित किए जा रहे हैं। शिविर में गांठें, झंडा शिष्टाचार, प्राथमिक उपचार, अनुशासन, पथ संकेत, टीम वर्क सहित कई विषयों पर प्रशिक्षण दिया जाएगा। विद्यालय प्रशासन का मानना है कि यह शिविर विद्यार्थियों में नेतृत्व, सेवा भाव और स्वावलंबन की भावना को मजबूत करेगा।

### परीक्षा कदाचरमुक्त एवं शांतिपूर्ण रूप से सम्पन्न

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बी.आर.ए बिहार विश्वविद्यालय, मुजफ्फरपुर के तत्वावधान में स्नातक (सी.बी.सी.एस) चतुर्थ सेमेस्टर, सत्र -2023-27 की परीक्षा 11/12/2025 से प्रारंभ है। मुंशी सिंह महाविद्यालय, मोतिहारी को पंडित उगम पांडेय कॉलेज, मोतिहारी और एस.एन. एस. कॉलेज, मोतिहारी के विद्यार्थियों के लिए परीक्षा केंद्र बनाया गया है। 13/12/2025 को परीक्षा के तीसरे दिन मुंशी सिंह महाविद्यालय, मोतिहारी परीक्षा केंद्र पर प्रथम पाली में मेजर ग्रुप- सी विषयों की परीक्षा हुई। प्रथम पाली में उपस्थित परीक्षार्थियों की संख्या 1129 रही। वहीं दूसरी पाली में मेजर ग्रुप-डी विषयों की परीक्षा हुई। दूसरी पाली में उपस्थित परीक्षार्थियों की संख्या 1107 रही। परीक्षा कदाचार मुक्त एवं शांतिपूर्ण रूप से सम्पन्न हुई। यह जानकारी मुंशी सिंह महाविद्यालय, मोतिहारी के परीक्षा नियंत्रक डॉ. मशहूर अहमद के हवाले से मुंशी सिंह महाविद्यालय के मीडिया प्रभारी डॉ. गौरव भारती ने दी है।

### मझौलिया थाना परिसर में एसपी का जनता दरबार, बड़ी संख्या में पहुंचे फरियादी

**मझौलिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** थाना परिसर में शनिवार को पुलिस कप्तान डॉ. शौर्य सुमन की अध्यक्षता में जनता दरबार का आयोजन किया गया। इस दौरान थाना क्षेत्र की विभिन्न पंचायतों से बड़ी संख्या में फरियादी अपनी समस्याओं के समाधान के लिए पहुंचे। अधिकांश आवेदनों में मारपीट, भूमि विवाद और अन्य फौजदारी मामले थे। एसपी ने बताया कि बिहार पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर जनता दरबार नियमित रूप से आयोजित किया जा रहा है ताकि लोगों की समस्याओं का त्वरित और निष्पक्ष समाधान किया जा सके। कई मामलों का मौके पर समाधान किया गया, जबकि शेष मामलों के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए। जनता दरबार में जनप्रतिनिधियों ने भी समस्याएं रखीं और कानून व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग का भरोसा दिलाया। इस दौरान थानाध्यक्ष और पुलिस अधिकारी भी मौजूद थे।



# योजनाओं के क्रियान्वयन को लेकर डीएम ने चकिया अनुमंडल में की समीक्षा बैठक



**मोतिहारी/चकिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अनुमंडल सभागार में जिलाधिकारी, पूर्वी चम्पारण, सौरभ जोरवाल के द्वारा राज्य सरकार द्वारा प्रखंड/अंचल स्तर पर संचालित विभिन्न विभागों- ग्रामीण विकास विभाग, पंचायती राज विभाग, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग की योजनाओं के क्रियान्वयन एवं प्रगति की समीक्षात्मक बैठक की गई। बैठक में अपर समाहर्ता मुकेश कुमार सिंहा एवं उप विकास आयुक्त डॉ प्रदीप कुमार भी उपस्थित थे। बैठक में ग्रामीण विकास विभाग अंतर्गत प्रधानमंत्री आवास योजना, ग्रामीण वित्तीय वर्ष 2024-25, 2025-26 की आवास स्वीकृति, आवास पूर्णता, एड्उ, मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना एवं मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास सहायता योजना में लंबित आवास पूर्णता की समीक्षा की गई। साथ ही कार्यों में एक सप्ताह में प्रगति लाने हेतु निर्देशित किया गया। आवास प्लस, 2024 के माध्यम से सर्वेक्षित नए लाभुकों का सत्यापन कराने हेतु प्रखंड विकास पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया। लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान अंतर्गत IHHL, अपशिष्ट प्रसंस्करण इकाई के निर्माण, व्यक्तिगत / सामुदायिक शौचालय का निर्माण, SLWM संबंधी उपयोगिता प्रमाण पत्र उपलब्ध कराने, ODF प्लस मॉडल एवं मॉडल गांव का सत्यापन करने के संदर्भ में प्रखंडवार समीक्षा की गई। समीक्षा के क्रम में सभी कार्यों में अपेक्षित प्रगति लाने एवं ससमय कार्य कराने हेतु प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं प्रखंड समन्वयक को निदेशित किया गया। मनरेगा अंतर्गत लाभुकों की समीक्षा के क्रम में कार्यक्रम पदाधिकारियों को कार्य में तेजी लाने का निदेश दिया गया। आवास सहायकों/पंचायत रोजगार सेवक द्वारा किए गए कार्यों की दैनिक समीक्षा करने हेतु कहा गया साथ ही उक्त कार्य में लापरवाही बरतने वाले कर्मियों के विरुद्ध कार्रवाई करने हेतु चेतावनी दी गई। मनरेगा अंतर्गत वृक्षारोपण, खेल मैदान, मानव दिवस सृजन, भुगतान, जियो टैगिंग, एरिया ऑफिसर ऐप के माध्यम से निरीक्षण आदि कार्यों की प्रखंडवार समीक्षा की गई तथा अपेक्षित प्रगति लाने हेतु निदेशित किया गया। पंचायती राज योजना अंतर्गत मुख्यमंत्री सोलर लाइट स्ट्रीट योजना के क्रियान्वयन एवं सोलर लाइट संबंधी भुगतान की समीक्षा की गई। पंचायत सरकार भवन के निर्माण एवं लंबित सरकार भवन के संदर्भ में समीक्षा क्रम में प्रखंड विकास पदाधिकारी को अंचल अधिकारी से समन्वय स्थापित कर भूमि की उपलब्धता सुनिश्चित करने एवं सरकार भवन की भूमि पर अवैध अतिक्रमण को खाली करते हुए भवन निर्माण करने हेतु निर्देशित किया गया। इसके साथ ही पंचायत स्तर पर षष्ठम वित्त आयोग एवं 15वां वित्त आयोग मद में व्यय किए गए राशि की समीक्षा की गई। राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग अंतर्गत दाखिल खारिज, भूमि विवाद, अभियान बसेरा, भू मापी, आधार सीडिंग एवं लंबित एलपीसी की समीक्षा की गई। समीक्षा के क्रम में अंचलाधिकारियों को लंबित मामलों को शीघ्र निष्पादन करने हेतु निर्देशित किया गया तथा साप्ताहिक रूप से हल्का वार इसकी समीक्षा करने का निदेश अंचलाधिकारियों को दिया गया। बैठक में अनुमंडल पदाधिकारी चकिया, निदेशक, जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, अनुमंडल के सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, सभी अंचलाधिकारी, सभी प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी, सभी कार्यक्रम पदाधिकारी मनरेगा एवं प्रखंड / अंचल स्तरीय अन्य कर्मी उपस्थित थे।

## संदिग्ध परिस्थिति में महिला की मौत

**ससुराल वाले मौके से भागे, शव जलाने की कोशिश का आरोप**

**बनकटवा (पूर्वी चम्पारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** लखौरा थाना क्षेत्र अंतर्गत गोलपकड़िया गांव में 40 साल की सोनम देवी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतका के बड़े बेटे उज्जवल कुमार ने गंभीर आरोप लगाते हुए कहा, "पापा हमेशा मम्मी के साथ मारपीट करते थे। रोज दोनों के बीच गाली-गलौज होती थी।" उज्जवल ने बताया कि उन्हें मां की मौत की जानकारी मौसी ने फोन कर दी थी।मृतका के भाई विद्या भूषण पांडेय ने बताया कि उन्होंने वर्ष 2008 में अपनी बहन सोनम की शादी नवीन मिश्रा से की थी। शादी के शुरूआती दौर में सब कुछ सामान्य था, लेकिन कुछ समय बाद ससुराल पक्ष द्वारा पैसों की मांग शुरू हो गई। हाल ही में ससुराल वालों ने दस लाख रुपए की मांग की। परिजनों द्वारा इतनी बड़ी रकम देने में असमर्थता जताने पर, आरोप है कि ससुराल पक्ष ने सोनम को प्रताड़ित करने की धमकी दी थी।

**बहनोई ने फोन कर बताया- फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली**

विद्या भूषण पांडेय के अनुसार, बुधवार शाम उनकी बहन ने अपनी मां से फोन पर बात की थी और उस समय सब कुछ सामान्य प्रतीत हो रहा था। शाम करीब छह बजे उन्हें मृतका के ससुर का फोन आया, जिन्होंने बताया कि सोनम की मौत हार्ट अटैक से हुई है। हालांकि, कुछ देर बाद उनके बहनोई ने फोन कर बताया कि सोनम देवी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है, जिससे मौत को लेकर संदेह गहरा गया।

## सोशल मीडिया पर भ्रामक खबर फैलाने वाले को चिन्हित कर करें कार्रवाई : विद्युत कार्यपालक अभियंता

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** विद्युत आपूर्ति प्रमण्डल के प्रांगण में सैकड़ों लोगों की अप्रत्याशित भीड़ जमा हो गयी। जिसके कारण कार्यालय में अफरातफरी का महौल बन गया। पूछने पर पता चला कि सोशल मिडिया में बिजली बिल माफ होने संबंधी कुछ फर्जी एवं भ्रामक रील्स देखकर लोग बिजली बिल माफ कराने हेतु इकट्ठा हुए है। इस संबंध में विभागीय अधिकारी द्वारा बताया गया कि जो भी 125 यूनिट घरेलू उपभोक्ता को मुक्त बिजली का लाभ दिया जा रहा है, वह लगातार चालू है एवं पूराना एरियर का बकाया एक मुश्त या किश्तवार जो भी जमा कराना चाहते है, वह विभागीय काउंटर पर जमा कर सकते है। इसके अलावा माफी की कोई नयी योजना नहीं आया है।

## आत्मनिर्भर भारत अभियान को लेकर की गई समीक्षात्मक बैठक

**16 से 29 दिसंबर तक आत्मनिर्भर भारत की जागरूकता के लिए चलाए जाएंगे विशेष अभियान**



**मोतिहारी (पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यालय चंद्रहीया में शनिवार को मोतिहारी विधानसभा के सभी मंडल प्रभारियों एवं संयोजकों की बैठक आयोजित किया गया। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष पवन राज द्वारा किया गया। बैठक में आत्मनिर्भर भारत अभियान की समीक्षा की गई। उक्त अवसर पर सांसद पूर्व केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री राधा मोहन सिंह ने कहा कि 14 एवं 15 दिसंबर को जिला में आत्मनिर्भर भारत अभियान को मंडल स्तर पर सार्वजनिक स्थानों एवं बाजारों में स्टॉल लगा कर स्वदेशी का संकल्प पत्र भरवाना है। श्री सिंह ने कहा कि 16 से 29 दिसंबर 09 दिनों तक विशेष अभियान चला कर प्रति विधानसभा सौ बूथों के माध्यम से हर घर संपर्क कर आत्मनिर्भर भारत का साहित्य वितरण करना है, स्वदेशी का संकल्प-पत्र भरवाना और "हर घर स्वदेशी-घर घर स्वदेशी" का स्टिकर लगाना है। इस बीच स्थानीय कारीगरों का सामूहिक रूप से सम्मान भी करना है। बैठक में उप महापौर डॉ० लालबाबू प्रसाद, एनडीए के संयोजक प्रकाश अस्थाना,जिला मीडिया प्रभारी गुलरेज शहजाद सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## किसान-मजदूर के सवाल पर संघर्ष जारी रखेगी माकपा: सत्येंद्र कुमार मिश्रा




**मोतिहारी/सुगौली/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सुगौली विधानसभा क्षेत्र के किसान मजदूर के सवाल पर भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी)हमेशा संघर्षरत रही है एवं संघर्ष जारी रखेगी। उक्त बातें भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) के जिला मंत्री सत्येंद्र कुमार मिश्रा ने सुगौली लोकल कमिटी के बैठक को संबोधित करते हुए कहीं।श्री मिश्र ने गन्ना किसानों के सवाल पर विस्तार से चर्चा करते हुए चीनी मिल प्रबंधन एवं सरकार से घटतौली पर रोक लगाने एवं किसानों का गन्ना सही बिना विलंब किए लेने एवं पूर्व के जैसे किसानों के गन्ना बुवाई, सिंचाई हेतु खाद बीज उपलब्ध कराने की मांग की। बैठक को संबोधित करते हुए पार्टी लोकल कमिटी के मंत्री धनंजय पुरी ने गरीबों को बसेरा योजना के तहत भूमि उपलब्ध कराने एवं बगैर वैकल्पिक व्यवस्था के सरकारी जमीन में बसे भूमिहीनों को उजड़ने पर रोक लगाने की मांग सरकार से की। बैठक को शंभू शरण यादव, राकेश कुमार झा, सुरेंद्र महतो शंभू सिंह कुशवाहा, अनूठा शर्मा, मोहम्मद एजाज उल हक, ललन कुमार चौधरी, शिवमंगल शाह ,अर्जुन पुरी, सुमंत कुमार, सरजू राम, रमेश सिंह सहित अन्य लोगों ने संबोधित किया ।बैठक का अध्यक्षता एजाजुल हक एवं संचालन धनंजय पुरी ने की।

## पीएसबी निर्माण में अनियमितता का आरोप

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड के कुकुरा पंचायत में पंचायत सरकार भवन के निर्माण में अनियमितता को लेकर ग्रामीणों ने आरोप लगाए हैं। पंचायत के सरपंच प्रदीप पटेल और अन्य स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि प्रशासन और विभाग की मिलीभगत से संवेदक घटिया सामग्री का इस्तेमाल कर निर्माण कार्य करवा रहा है। उनका आरोप है कि भवन की ढलाई में मिट्टी युक्त पत्थर, घटिया बालू और कम मात्रा में सीमेंट का इस्तेमाल किया गया है।ग्रामीणों का कहना है कि कई बार इस अनियमितता के बारे में प्रखंड और जिला प्रशासन को शिकायत दी गई, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। भवन निर्माण पर करीब दो करोड़ 86 लाख रुपये खर्च किए जा रहे हैं, लेकिन विभाग के जेई और एसडीओ का कार्यस्थल पर कोई निरीक्षण नहीं हुआ।

## एकमा में आयोजित डाक मेला में तीन हजार नये खाते खुले

**उत्कृष्ट कार्य वाले कर्मियों को किया गया सम्मानित**







**एकमा (सारण) /नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** एकमा स्थित मुख्य डाक घर परिसर में शुक्रवार को भारतीय डाक विभाग, पश्चिमी अनुमंडल एकमा के तत्वावधान में आयोजित डाक मेला उत्साहपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ। मेले का शुभारंभ विभाग के वरीय अधिकारी पंकज कुमार मिश्रा, निदेशक रास बिहारी राम व नगर पंचायत एकमा बाजार की मुख्य पार्षद श्वेता रानी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। मेले में आम लोगों को डाक विभाग की विभिन्न सेवाओं, जैसे - डाकघर बचत बैंक, डाक जीवन बीमा, स्पीड पोस्ट, आईपीपीबी सेवाएं, आधार अपडेट आदि के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम के दौरान करीब तीन हजार नए बचत खाते खोले गए, जबकि 50 लोगों ने आधार संबंधी सेवाओं का लाभ उठाया। आईपीपीबी के कई नए खाते भी खोले गए। वहीं वित्तीय वर्ष 2025-26 में नवंबर तक उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले डाककर्मियों, ग्रामीण डाक सेवकों व नए योगदान देने वाले युवा कार्मिकों को प्रथम, द्वितीय व तृतीय पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। यह सम्मान उनकी सेवाओं में दक्षता व बेहतर कार्य प्रदर्शन को देखते हुए प्रदान किया गया।

**स्टॉल व प्रदर्शनी बने आकर्षण का केंद्रः**

मेला परिसर में आकर्षक डाक टिकटों और विविध ग्रीटिंग कार्डो की प्रदर्शनी लगाई गई, जिसने लोगों का खासा ध्यान खींचा। इसके अतिरिक्त एसबी, आरडी, एमआईएस, टीडी और सुकन्या समृद्धि योजना सहित विभिन्न लघु बचत योजनाओं की जानकारी भी लोगों को दी गई। डाक मेला कार्यक्रम में रजनीश कुमार, डाक निरीक्षक लाल बाबू साह, प्रभाकर सिंह, देवेंद्र ओझा, राधेश्याम मिश्रा, नंद किशोर सिंह, शैलेन्द्र सिंह, डाक अभिकर्ता योगेंद्र सिंह, कमलदेव सिंह, लाल बाबू सिंह सहित कई विभागीय कर्मी मौजूद रहे।

## भोजपुरिया कला हाट में संस्कृति और परिवार के महत्व पर जोर



**बेतिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सुबे के आपदा प्रबंधन मंत्री नारायण प्रसाद ने कहा है कि बिहार की माटी में भोजपुरी का अपना अलग महत्व है। देश के किसी भी कोने में जाईए भोजपुरिया समाज सभी जगह मिल जाता है। भोजपुरी हमारे संस्कृति की विरासत है। इसे संजो कर रखना सबकी जिम्मेवारी है। वे शनिवार को स्थानीय ऑडिटोरियम में संस्कार भारती की ओर से आयोजित दो दिवसीय भोजपुरिया कला हाट के उदघाटन समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश आगे बढ़ रहा है। संस्कार भारती भी अपने दायित्वों को बखुबी निभा रहा है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत प्रचारक रविशंकर ने कहा कि मनुष्य हैं तो उसके भीतर खूबियां और कमियां होंगी ही। लेकिन उन कमियों के भीतर उसकी ताकत छिपी होती है। आज लोग चुनौतियों की चर्चा करने में ज्यादा ध्यान देते हैं पर चुनौतियों पर चर्चा करने से ज्यादा अच्छा है कि हम समाधान करने की दिशा में बढ़ें। समस्याएं हम सबको पता है लेकिन समाधान क्या है यह हमको सोचने और करने की आवश्यकता है। इस क्रम में कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अखिल भारतीय मंत्री डॉ संजय चौधरी ने परिवार के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जो परिवार की संकल्पना भारत में है वह भारतीय संस्कृति को बचाने के लिए आवश्यक है। परिवार व्यवस्था का हमारे संस्कारों को रक्षित करने में बड़ा महत्व है। आज हम चांद सितारे तक तो पहुंच गए, लेकिन अपने परिवार से दूर हो गए हैं यह बहुत दुखद है। परिवार में रहना, अपने बच्चों को अपनी परंपराओं से अवगत कराना, अपनी पूजा पद्धति से अवगत कराना यह बहुत आवश्यक है। वरना हमारे बच्चे उस पौधे की तरह हो जाएंगे जो जरा सी चांदनी में भी कुम्हला जाते हैं। बता दें कि स्थानीय ऑडिटोरियम में संस्कार भारती द्वारा दो दिवसीय भोजपुरिया कला हाट का आयोजन किया गया है। इस मौके पर संस्कार भारती के प्रांत कार्यकारी अध्यक्ष डॉ दिवाकर राय, प्रांत महामंत्री सुरभीत दत्त, जिला अध्यक्ष ज्ञानेंद्र शरण, संघ के विभाग प्रचारक नीतीश कश्यप, महामंत्री चंदन झा, सुरेन्द्र राम, सत्यम मिश्र, कुमारी सीमा, डॉ जगमोहन, कृष्णमोहन हिंदू, राकेश कुमार, रविराज गौतम, शबा खानम, सत्येंद्र शरण आदि उपस्थित रहे।

## 71 वीं वाहिनी एसएसबी ने बॉर्डर यूनिटी रन का किया गया आयोजन



**बनकटवा (पूर्वी चम्पारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** शनिवार को 71 वीं वाहिनी एसएसबी, मोतिहारी के द्वारा बॉर्डर यूनिटी रन का भव्य आयोजन किया गया । बॉर्डर यूनिटी रन के तहत वाहिनी के कार्य क्षेत्र में 05 स्थानों पर तीन-तीन किलोमीटर तथा एक स्थान पर मेगा इवेंट के रूप में 5 किलोमीटर के दौड़ का आयोजन किया गया साथ ही इस अवसर पर वृक्षारोपण भी किया गया। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य सीमा क्षेत्रों में राष्ट्रीय एकता को सुदृढ़ करना, स्थानीय समुदायों में जागरूकता बढ़ाना तथा युवाओं में देशभक्ति एवं शारीरिक फिटनेस को बढ़ावा देना था । आयोजन में मुख्य अतिथि नरकटिया विधायक विशाल कुमार 71 वीं वाहिनी एसएसबी के कमांडेंट श्री प्रफुल्ल कुमार व नेपाल एपीएफ के पुलिस अधीक्षक श्री खुम बहादुर के.सी., स्थानीय जनप्रतिनिधियों में से श्री गणमान्य व्यक्तियों में से चंद्रमोहन यादव मुखिया कोरैया पंचायत कुमदन कुमार सरपंच ग्राम बेलवा ,मदन साह, मुखिया, बेलवा पंचायत, प्रमोद कुमार, सरपंच, बेलवा पंचायत, गोपाल राय, मुखिया नागेंद्र प्रसाद यादव, मुखिया, झंझरा पंचायत एवं अन्य गणमान्य अतिथिगण सीमावर्ती ग्रामीण, एसएसबी कार्मिक, और स्कूल कॉलेज के विद्यार्थियों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि को शॉल तथा स्मृति चिह्न दे कर वाहिनी कमांडेंट महोदय द्वारा सम्मानित किया गया कइस दौड़ का मेगा इवेंट 47 वी वाहिनी रक्सौल में आयोजित किया गया जहां मुख्य अतिथि के रूप में गृहराज्य मंत्री श्री नित्यानंद राय उपस्थित रहे कसशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) की स्थापना के 62 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित 'बॉडर यूनिटी रन' (सीमा एकता दौड) के अवसर पर मुख्य अतिथि विशाल कुमार, विधायक नरकटिया विधान सभा ने कहा की यह कार्यक्रम केवल एक खेल आयोजन नहीं, बल्कि हमारे सुरक्षा बलों की समर्पण भावना, शारीरिक सुदृढ़ता, सेवा-भाव और राष्ट्र एकता के प्रति अटूट निष्ठा का प्रतीक है। मुख्य अतिथि महोदय ने स्थानीय नागरिकों को जागरूक रहने, एकजुट रहने और राष्ट्रहित में सदैव तत्पर रहने की सलाह दी । 71वीं वाहिनी के कमांडेंट श्री प्रफुल्ल कुमार ने सशस्त्र सीमा बल के 62 वर्ष के गौरवशाली इतिहास का जिक्र करते हुए बताया की सन् 1963 में 'स्पेशल सर्विस ब्यूरो' के रूप में इस बल की स्थापना की गई थी जिसका मुख्य उद्देश्य सीमा पर रहने वाले लोगों को संगठित करना, उन्हें आत्मरक्षा और बुनियादी सैन्य प्रशिक्षण देना तथा किसी भी आपात स्थिति में तैयार रखना था। 1999 में कारगिल युद्ध के बाद 2001 में एसएसबी गृह मंत्रालय के अधीन आया तथा इसे भारत-नेपाल और भारत-भूटान की सीमाओं की सुरक्षा का दायित्व सौंपा गया तथा इसका नाम बदलकर 'सशस्त्र सीमा बल' कर दिया गया ककमांडेंट महोदय ने आगे बताया की यह दौड़ एक संदेश देती है कि चाहे परिस्थितियाँ कितनी भी कठिन क्यों न हों, हम एक साथ हैं, हम मजबूत हैं, और हम राष्ट्र की एकता के प्रहरी हैं। आज की यह सीमा एकता दौड़ इसी जन-सहभागिता और सुरक्षा बल नागरिक एकता का सशक्त उदाहरण है। बॉर्डर यूनिटी रन के प्रतिभागियों को उचित पुरस्कार तथा भागीदारी प्रमाण-पत्र से भी सम्मानित किया गया क कार्यक्रम में लगभग 1100 (एक हजार एक सौ) ग्रामीण युवक-युवतियों ने तथा एसएसबी के 300 जवानों ने भाग लिया क हम सबको विदित हैं की वृक्ष ही जीवन हैं और इस सन्दर्भ में एसएसबी द्वारा आज किया गया वृक्षारोपण का कार्यक्रम भी पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक उत्कृष्ट कदम हैं।

# राष्ट्रीय लोक अदालत में निपटाए गए 808 मामले



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जहानाबाद।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार के निर्देशानुसार जहानाबाद व्यवहार न्यायालय परिसर में वर्ष का चौथा एवं अंतिम राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष, ब्रजेश कुमार के द्वारा की गई, जिसका उद्घाटन जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष ब्रजेश कुमार के तथा जिलाधिकारी अलंकृता पाण्डेय द्वारा किया गया। राष्ट्रीय एवं बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वाधान में सुलहनीय आपराधिक मामले, बिजली के मामले, बैंक संबंधी मामले, पारिवारिक मामले, चेक बाउंस मामले व अन्य मामलों के निस्तारण हेतु राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया था, जिसमें कुल 808 मामलों का निपटारा किया गया, जबकि 2 करोड़ 52 लाख 95 हजार 87 रुपया समझौता राशि तय की गई। बताते चले की राष्ट्रीय लोक अदालत में बैंक लोन से संबंधित 1700 मामलों को निपटारे के लिए चिन्हित किया गया था, जिसमें से कुल 539 मामलों का निपटारा हुआ, जिसमें दो करोड़ 52 लाख 13930 रूपये समझौता राशि तय की गई। वहीं बीएसएनएल से संबंधित 175 मामलों के निपटारे का लक्ष्य रखा गया था, जिसमें 12 मामलों का निपटारा किया गया और समझौता राशि 66157 रुपए तय की गई इस दौरान सुलहनीय आपराधिक मामलों के 1994 मामलों को निपटारे के लिए चिन्हित किया गया था, लेकिन 257 मामलों का निपटारा हो सका, जिसमें 15 हजार समझौता राशि तय की गई, जबकि दांपत्य विवाद से संबंधित 16 मामलों को निपटारे के लिए रखा गया था,जिसमें एक भी मामले का निपटारा नहीं हो सका।

प्रधान जिला जज ब्रजेश कुमार ने व्यवहार न्यायालय जहानाबाद एवं व्यवहार न्यायालय अरवल में न्यायपीठ का निरीक्षण किया एवं पक्षकारों को अधिक से अधिक सहूलियत प्रदान करने का निर्देश संबंधितो को भी दिया। जहानाबाद व्यवहार न्यायालय में अरुण कुमार शर्मा, डी एंड ए एस जे प्रथम कौशलेंद्र कुमार शुक्ला, मुख्य न्यायिक अधिकारी अदिति कुमारी अवर न्यायाधीश अनीश कुमार एसडीजेएम, आरव जैन, कुमारी डिंपी, कुमारी प्रेरणा सिंह न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी एवं पैनल अधिवक्ताओं ने लंबित मामलों के निपटारे में सहयोग किया। इधर अरवल व्यवहार न्यायालय में पीठासीन पदाधिकारी राजेश कुमार वर्मा डी एंड ए एस जे 2, मनीष कुमार पांडे मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी, आलोक कुमार एसडीजेएम एवं दीपक कुमार न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी के अलावा पैनल अधिवक्ताओं ने लंबित मामलों के निपटारा में सहयोग किया। इस अवसर पर जहानाबाद एवं अरवल न्यायालय के न्यायालय कर्मी एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकार के कर्मी तथा काफी काफी संख्या में पक्षकार उपस्थित थे।

# घर लौट रही छात्रा के साथ ऑटो चालक ने किया दुष्कर्म, आरोपित गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जहानाबाद।** जहानाबाद जिले के मखदुमपुर थाना क्षेत्र में शुक्रवार शाम एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई। परीक्षा देकर ट्रेन से लौटी एक छात्रा के साथ ऑटो चालक द्वारा दुष्कर्म किए जाने का मामला उजागर हुआ है। घटना के बाद पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, शुक्रवार की शाम करीब 7 बजे छात्रा मखदुमपुर स्टेशन पर ट्रेन से उतरी। वहां से अपने घर जाने के लिए वह ऑटो की तलाश कर रही थी। इसी दौरान एक ऑटो चालक ने रिजर्व में चलने की बात कही। घर लौटने का कोई अन्य साधन न होने के कारण छात्रा ऑटो से जाने को तैयार हो गई। रास्ते में ऑटो चालक ने सुनसान स्थान पर वाहन रोककर छात्रा के साथ दुष्कर्म किया। इसके बाद आरोपी उसे मखदुमपुर बाइपास के समीप उतारकर फरार हो गया। हिम्मत और सूझबूझ का परिचय देते हुए पीड़िता ने ऑटो की तस्वीर अपने मोबाइल में खींच ली और सीधे मखदुमपुर थाना पहुंचकर पुलिस को पूरी घटना की जानकारी दी। सूचना मिलते ही पुलिस सक्रिय हुई और मोबाइल में मौजूद तस्वीर व ऑटो नंबर के आधार पर आरोपी की पहचान कर उसे गिरफ्तार कर लिया। आरोपी की पहचान भीमपुरा गांव निवासी ब्रज कुमार उर्फ छोटू के रूप में हुई है, जो वर्तमान में मखदुमपुर बाजार में रह रहा था। मामले की पुष्टि करते हुए घोसी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (एसडीपीओ-2) संजीव कुमार ने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है तथा मामले की गहन जांच जारी है। घटना के बाद मखदुमपुर बाजार और आसपास के इलाकों में लोगों के बीच आक्रोश का माहौल है। स्थानीय लोगों ने आरोपी को कड़ी सजा दिलाने के लिए स्पीडी ट्रायल की मांग की है।

## जिलाधिकारी ने विद्यालयों में औचक निरीक्षण कर अधिकारियों को दिए आवश्यक निर्देश

**मखदुमपुर (जहानाबाद)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता ।** शनिवार को जिलाधिकारी अलंकृता पांडे ने जहानाबाद जिले के मखदुमपुर प्रखंड के धराउत पंचायत स्थित दो महत्वपूर्ण शैक्षणिक संस्थानों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने डॉ. भीमराव अंबेडकर आवासीय विद्यालय के कैंपस का निरीक्षण किया तथा इसके साथ ही उत्क्रमित माध्यमिक विद्यालय 10+2 धराउत का भी जायजा लिया। निरीक्षण के क्रम में जिला पदाधिकारी ने विद्यालय परिसर में चल रहे कार्यों की समीक्षा की और उपस्थित अधिकारियों को कई आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने डॉ. भीमराव अंबेडकर आवासीय विद्यालय में चाहरदीवारी निर्माण कार्य को शीघ्र पूर्ण कराने का निर्देश कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग को दिया। साथ ही पूरे विद्यालय परिसर के सौंदर्यीकरण एवं साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया। इसके अतिरिक्त विद्युत कनेक्शन से संबंधित कार्यों में तेजी लाने का भी निर्देश दिया गया, ताकि विद्यालय की शैक्षणिक गतिविधियों में कोई बाधा न आए। वहीं जिला पदाधिकारी ने उत्क्रमित माध्यमिक विद्यालय 10+2 धराउत में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं से बातचीत कर उनकी पढ़ाई, सुविधाओं एवं समस्याओं की जानकारी ली।

## लोक कल्याणकारी योजनाओं के संचालन में कोताही स्वीकार्य नहीं : जिलाधिकारी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**जहानाबाद।** जिला पदाधिकारी के निदेशो के आलोक में 10 दिसंबर 2025 को सभी पंचायतो एवं नगर निकाय क्षेत्रों में आने वाले जन वितरण प्रणाली के तहत संचालित 498 दुकानों का निरीक्षण किया गया था। निरीक्षण के पश्चात प्राप्त प्रतिवेदनो का संकलन एवं समीक्षा लगातार की जा रही है। अब तक 253 जांच प्रतिवेदनों की समीक्षा की जा चुकी है। समीक्षा प्राप्त 98 जन वितरण प्रणाली के तहत संचालित दुकाने ऐसे हैं ,जिनपर कार्यवाई की अनुशंसा की गई है। इनमें से 32 मामलों में संबंधित जन वितरण प्रणाली के दुकानों के विक्रेताओं को अनुमंडल पदाधिकारी जहानाबाद राजीव रंजन सिंहा के द्वारा स्पष्टीकरण किया गया है।

विगत निरीक्षण में जन वितरण प्रणाली के तहत संचालित कई दुकान मानक के अनुरूप संचालित नहीं पाए गए थे। अतः उन पर कार्यवाही हुई है एवं दोषियों पर आगे भी कार्यवाई करने के लिए जिला प्रशासन प्रतिबद्ध है। जांच के क्रम में जिस तरह की कमियां पाई गई थी। सूचना पट्ट का प्रकाशक नहीं किया गया था। कहीं कहीं मूल्य तालिका प्रदर्शित नहीं थी। कुछ दुकानें बंद पाई गई। ई पोश मशीन एवं भौतिक रूप से उपलब्ध स्टॉक में भिन्नता पाई गई थी। प्राप्त जांच प्रतिवेदनों के आधार पर आगे भी कमियां दृष्टिगोचर होने पर संबंधितों पर कार्रवाई करने का निर्देश जिला पदाधिकारी के द्वारा दिया गया है।

## मारपीट के दो आरोपितों को भेजा जेल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मखदुमपुर (जहानाबाद)।** जहानाबाद जिले के विशुनगंज थाने की पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर हडैल गांव में छापेमारी कर दो लोगों को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि फरार चल रहे दो आरोपी राकेश कुमार और उसके पिता नवल दास शामिल हैं। बताया गया कि गिरफ्तार लोगो पर गांव में ही मारपीट करने का आरोप था, जिसमें प्राथमिकी दर्ज की गई थी। गिरफ्तारी के बाद दोनों लोगो को चिकित्सीय जांच के बाद पुलिस ने जेल भेज दिया गया है।

## सात बीघा का धान जलकर बर्बाद, तीन लाख का नुकसान

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** रफीगंज प्रखंड के कासमा थाना क्षेत्र के गाजी कर्मा गांव में शुक्रवार की रात्रि अचानक लगी आग से किसान विजय यादव का भारी नुकसान हो गया। किसान विजय यादव ने बताया कि बीते रात गांव के उत्तर दिशा स्थित खलिहान में आग लग गई, जिससे लगभग सात बीघा धान की फसल जलकर पूरी तरह राख हो गई। इस घटना में लगभग 3,00,000 से अधिक का नुकसान होने का अनुमान है। ग्रामीण अरुण सिंह ने बताया कि आग लगने का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है, लेकिन घटना के बाद किसानों में चिंता का माहौल बना हुआ है। सूचना पाकर फायर ब्रिगेड टीम मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों के साथ मिलकर आग पर काबू पाने की कोशिश की, हालांकि तब तक ज्यादातर धान जल चुका था।



## वाणावर महोत्सव पर प्रखंड स्तरीय क्विज प्रतियोगिता आयोजित



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जहानाबाद।** जहानाबाद जिले के घोसी प्रखंड के आदर्श मध्य विद्यालय घोसी के प्रांगण में वाणावर महोत्सव के अवसर पर प्रखंड स्तरीय क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। बताया गया कि जिला कार्यक्रम पदाधिकारी सर्व शिक्षा अभियान के निर्देश के आलोक में वाणावर महोत्सव के पूर्व प्रखंड स्तर पर दो वर्गों में क्विज प्रतियोगिता के आयोजन करने का निर्देश प्राप्त हुआ था जिसमें कक्षा 6 से 8 एवं कक्षा 9 से 12 के छात्र - छात्राओं के बीच इतिहास एवं भूगोल से सम्बंधित क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। तदोपरांत इतिहास एवं भूगोल विषय में प्रखंड स्तर पर दोनों वर्गों में चयनित प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्रा का चयन किया गया। जिसमें 6 से 8 वर्ग में प्रथम स्थान लक्की कुमार और मनीष कुमार मध्य विद्यालय शाहपुर, द्वितीय स्थान सन्नी कुमार मध्य विद्यालय घोसी,गौरव कुमार कन्या मध्य विद्यालय घोसी, तृतीय स्थान प्रियांशु कुमार एवं अमित कुमार को प्राप्त हुआ। वहीं दूसरे वर्ग में कक्षा 9 से 12 के लिए प्रथम स्थान राधा कुमारी, रितेश कुमार द्वितीय स्थान कौशल कुमार, राहुल कुमार एवं तृतीय स्थान गौतम कुमार तथा रोहित कुमार को प्राप्त हुआ। बताया गया कि प्रखंड स्तर पर सभी चयनित छात्र 19 दिसंबर को होने वाले जिला स्तरीय प्रतियोगिता में गांधी स्मारक इंटर विद्यालय में शामिल होंगे। इस अवसर पर प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में प्रधानाध्यापक योगेंद्र शर्मा, मनोज कुमार, भूपेंद्र कुमार भूषण, अनुरंजन कुमार, धर्मेंद्र कुमार सहित शिक्षक राहुल कुमार, पंकज कुमार एवं नीतू ज्योति उपस्थित थे।

## अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष को दी गई श्रद्धांजलि

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जहानाबाद।** राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के जिला अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष मोहम्मद सहशयार खान उर्फ फतो खान के निधन पर शहर के कारगिल चौक स्थित राजद जिला कार्यालय में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पार्टी के वरिष्ठ नेताओं, जनप्रतिनिधियों एवं कार्यकर्ताओं ने शोक व्यक्त करते हुए दिवंगत नेता को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। श्रद्धांजलि सभा में सांसद सुरेंद्र प्रसाद यादव, राजद जिला अध्यक्ष सह सदर विधायक राहुल कुमार, मखदुमपुर विधायक सूबेदार दास, पूर्व विधायक सुदय यादव सहित बड़ी संख्या में पार्टी नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे। श्रद्धांजलि सभा में उपस्थित नेताओं ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत खान के आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। सभा को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक सुदय यादव भावुक हो गए। उन्होंने कहा कि मोहम्मद सहशयार खान पार्टी की स्थापना के समय से ही राजद के संगठन से जुड़े हुए थे, उन्होंने संगठन को मजबूत करने के लिए हमेशा समर्पित भाव से कार्य करते रहे। चुनाव के समय पार्टी की जीत को लेकर वे गंभीर विमर्श करते थे और सही निर्णय देने का प्रयास करते थे। उन्होंने कहा कि फतो खान का निधन न केवल राजद पार्टी के लिए बल्कि पूरे जहानाबाद जिले के लोगों के लिए अपूरणीय क्षति है।वहीं सांसद सुरेंद्र प्रसाद यादव ने दिवंगत नेता के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा कि फतो खान एक पुराने और दिग्गज नेता थे, जो जननायक कर्पूरी ठाकुर के विचारों से प्रेरित होकर राजनीति में सक्रिय रहे। वे गरीब किसान परिवार से थे और समाज में व्याप्त ऊँच-नीच व गरीबी को नजदीक से देखा था। यही कारण था कि वे हर वर्ग के लोगों से जुड़कर पार्टी को मजबूत करने का कार्य करते थे।

## रेफरल अस्पताल कुटुंबा में रक्तदान शिविर का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**अंबा (औरंगाबाद)।** मिशन जिंदगी के तहत शनिवार को रेफरल अस्पताल कुटुंबा में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसका उद्घाटन चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. संजय कुमार ने किया। इस दौरान ब्रज किशोर सिंह, अक्षय कुमार, अभय कुमार, राजीव कुमार, शाहिद अंसारी, पंकज कुमार, विवेक कुमार एवं साकेत कुमार ने रक्तदान किया। मौके पर अस्पताल प्रबंधक ब्रज किशोर सिंह, प्रखंड स्वास्थ्य प्रबंधक दीपक कुमार, प्रखंड सामुदायिक उत्प्रेरक अक्षय कुमार, लेखपाल विनोद कुमार, द्वारिका जायसवाल, अनुज कुमार, रोगी कल्याण समिति के सदस्य अभय पासवान अस्पताल के सभी पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

## 114 लीटर शराब जब्त अभियुक्त गिरफ्तार



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** प्रखंड के कासमा थानांतर्गत बलार पैक्स गोदाम के पास से कासमा थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए कुल 114 लीटर अवैध देशी महुआ शराब एवं एक मोटरसाइकिल के साथ एक अभियुक्त आमस गमहरियां निवासी कलेन्द्र कुमार को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अभियुक्त को आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। इस संबंध में कासमा थानाध्यक्ष अक्षयवर सिंह ने बताया कि अवैध शराब कारोबार के विरुद्ध लगातार सख्त अभियान चलाया जा रहा है। गुप्त सूचना के आधार पर की गई इस कार्रवाई में बड़ी मात्रा में देशी महुआ शराब बरामद की गई है। इस तरह के अवैध कार्यों में संलिप्त किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। थानाध्यक्ष ने आगे कहा कि क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने और शराब माफियाओं पर नकेल कसने के लिए पुलिस पूरी तरह प्रतिबद्ध है। आने वाले दिनों में भी ऐसे अभियान और तेज किए जाएंगे। कासमा थाना की इस त्वरित एवं सख्त कार्रवाई से क्षेत्र में अवैध शराब कारोबारियों में हड़कंप मच गया है।

## पुलिस व सेना में बदहाली का केंद्र बना मदनपुर खेल मैदान



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मदनपुर।** मदनपुर खेल मैदान में पुलिस दरोगा व सेना में भर्ती के लिए तैयारी के ट्रेनिंग का केन्द्र बन गया है। जहां युवक और युवतियां ट्रेनिंग लेकर प्रतियोगिता में सफलता प्राप्त कर रहे हैं। 2009-2010 में प्रियंका स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान और सीआरपीएफ के संयुक्त तत्वावधान में सेना भर्ती की तैयारी के लिए युवाओं को प्रशिक्षण का शुरुआत की गई थी। उस वक्त करीब तीन से चार सौ युवाओं को निःशल्क प्रशिक्षण दी गई थी ताकि गरीब मध्यम वर्गीय युवक प्रशिक्षण प्राप्त कर सेना व पुलिस प्रशासन में भर्ती हो सके। विधिवत प्रशिक्षण देने के लिए सीआरपीएफ के जवानों को लगाया गया। प्रशिक्षण में शारीरिक जांच, स्वास्थ्य जांच, लंबाई की विधिवत प्रशिक्षण की हर मानक और मापदंड के अनुसार दिया जाता था। जिस कारण जिले के रफीगंज, देव, गया जिले के आमस, गुरुआ, औरंगाबाद, ओबरा, अम्बा, सहित अन्य प्रखंडों से युवा यहां प्रशिक्षण लेने आते थे। प्रशिक्षण में सीआरपीएफ के सहायक कमांडेंट, कमांडेंट, आइजी, डीआइजी सहित जिले के अधिकारियों द्वारा प्रोत्साहित किया जाता था। यहां से प्रशिक्षण प्राप्त कर तीन सौ युवा पुलिस, सेना अन्य सरकारी सेवाओं में बहाल हुए हैं। इधर, करीब दो तीन वर्षों से प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाया गया है जिसमें काफी संख्या में युवक-युवतियां भाग ले रहे हैं। कई लोग अब व्यवसायिक रुप से प्रशिक्षण केन्द्र लोग खोले हुए है। प्रशिक्षण के रुप एक हजार से दो हजार रूपये शुल्क लिया जा रहा है। प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे अम्बा बंगरे की कोमल कुमारी, प्रिंस कुमार, संध्या कुमारी जलवन, प्रियंका कुमारी, अंशु कुमारी, स्वीटी कुमारी ने बताया कि पुलिस में भर्ती की तैयारी के लिए प्रशिक्षण ले रहे हैं। प्रशिक्षण आर्मी से सेवानिवृत्त पिंटू कुमार सिन्हा प्रशिक्षक के रूप में है। यहां दूर दूर से प्रशिक्षण लेने के आते हैं। मदनपुर में किराये की मकान लेकर रहते हैं और प्रशिक्षण लेते हैं। वर्तमान में तीन केन्द्र संचालित है।

## आग लगने से 200 धान का बोझा जलकर खाक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** रफीगंज प्रखंड क्षेत्र के शेरपुर गांव में शुक्रवार की रात्रि में अचानक 200 धान के बोझा में अचानक आग लग गई। तुरंत ग्रामीणों द्वारा घटनास्थल पर आकर आग बुझाने का कोशिश किया, लेकिन आग इतनी तेज थी कि देखते-देखते सारा धन का बोझा जलकर खाक हो गया। भिखनपुरा गांव निवासी साबिर मियां के खेत में शेरपुर गांव निवासी रामबली दास बटाइया किए थे, जिसमे 200 बोझा धान जलकर राख हो गया। इसकी मुआवजा को लेकर अंचलाधिकारी से गुहार लगाई हैं। अंचलाधिकारी ने बताया कि इसकी सूचना मिली है जो सरकारी प्रावधान के अनुसार मुआवजा की राशि दिया जाएगा।

## रबी महोत्सव सह किसान गोष्ठी का आयोजन



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रफीगंज (औरंगाबाद )।** रफीगंज प्रखंड परिसर में शनिवार को कृषि विभाग की ओर से रबी फसलों पर आधारित किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन औरंगाबाद बीज वैज्ञानिक डॉ आशुतोष कुमार, मौसम वैज्ञानिक अनूप चौबे, रॉकी रावत, प्रखंड कृषि पदाधिकारी अमृता कुमारी मौर्या, पशुपालन पदाधिकारी डॉक्टर मुकेश कुमार, उद्यान पदाधिकारी धर्मेंद्र कुमार, पंचायत समिति सदस्य उपेंद्र यादव, आत्मा सदस्य उपेंद्र साव ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम का संचालन प्रखंड तकनीकी प्रबंधक प्रेम रंजन एवं अध्यक्षता प्रखंड कृषि पदाधिकारी अमृता कुमारी मौर्या ने किया। रॉकी रावत ने उपस्थित किसानों को ड्रोन से संबंधित योजनाओं की जानकारी दी वही मौसम वैज्ञानिक अनूप चौबे ने रवि फसल में होने वाली बीमारी के उपचार के संबंध में जानकारी दिया। बीज वैज्ञानिक आशुतोष कुमार ने रवि फसल से संबंधित बीज एवं उन्नत बीज के उपचार से संबंधित जानकारी दी। पशुपालन पदाधिकारी मुकेश कुमार ने स्वरोजगार हेतु बकरी पालन पर प्रमुखता से चर्चा किया। उपस्थित पदाधिकारी ने किसानों से हो रही समस्याओं के बारे में रुबरू हुए और कहा की रवि फसल उत्पादन में किसी तरह की कठिनाई होने पर संबंधित कार्यालय में संपर्क करें अब तक चना 2262 किसान, सरसों 295, तीसी 112, मसूर 1530, मटर 807, गेहूं 2016, स्वीट कॉर्न आठ एवं बेबी कॉर्न 16 किसानों के बीच वितरण किया गया। कृषि समन्वयक सह नोडल पदाधिकारी राजेश कुमार ने बताया कि यह महोत्सव रवि और खरीफ फसल शुरुआत होने से पहले किया जाता है लेकिन चुनाव के कारण लेट हुआ है। किसानों को गेहूं, सरसों, मक्का, चना, मसूर बीज का वितरण बायोमैट्रिक के माध्यम से किया गया है। पहले आओ पहले पाओ को लेकर जागरूक किया साथ ही अगले साल ससमय आकर बीज ले जाने के लिए अपील किया। बहुत किसानों को पीएम किसान योजना का बहुत किसानों का पति पत्नी का लाभ दिया जा रहा है वैसे किसानों का लाभ बंद कर दिया गया है। एक परिवार में एक ही व्यक्ति का लाभ दिया जाएगा। इनकम टैक्स वाले किसानों के खाते का सीज कर खाते से पैसे काटे गए हैं और भी आगे किसानों के खाते से पैसे काटा जाएगा। पीएम किसान योजना के लाभान्वित किसानों का एफ आर करवाना जरूरी है। इस अवसर पर उपस्थित कृषि संवायक राजेश कुमार, उपेंद्र कुमार, अनिल कुमार, भूदेव, कृषि सलाहकार मनोज कुमार, प्रशांत कुमार, मनिंदर कुमार, अनिल कुमार एवं कृषी सखी रूपा, संगीता, स्नेह लता, पिंटू सहित पूरे प्रखंड के किसान उपस्थितर हे।

## विज्ञान प्रदर्शनी सह क्विज प्रतियोगिता का आयोजन



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हसपुरा (औरंगाबाद)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित बीआरसी के परिसर में राष्ट्रीय अविष्कार अभियान के तहत विज्ञान प्रदर्शनी सह क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन प्रखंड शिक्षा प्रदाधिकारी दीपक कुमार, हेडमास्टर शमशेर आलम शैलेश कुमार तनिश फातिमा, नागेन्द्र कुमार, सत्यजीत, सलामुल मुअज्जम खां, सत्यजीत प्रसाद ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। आगत अतिथियों को छात्राएं गीत से स्वागत किया। वर्ग 6 से 12वीं तक के दर्जनों छात्र-छात्राएं शामिल हुए। विभिन्न विद्यालयों से छात्र - छात्राओं द्वारा अविष्कार का साइंस मांडल लेकर आए प्रदर्शनी को घुम - घुम कर बीइओ दीपक कुमार ने देखा और छात्र - छात्राओं ने अपनी कलाकृतियों के बारे में जानकारी दिया। विज्ञान प्रदर्शनी में एक से बढ़कर एक मांडल को दिखाया। वही क्विज व लिखित प्रतियोगिता परीक्षा में अपना प्रतिभा को प्रदर्शित किया। बीईओ दीपक कुमार ने कहा चयनित अव्वल प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को जिला स्तरीय प्रतियोगिता में शामिल होगें। उन्होंने कहा आज सभी परीक्षाएं प्रतियोगी हो गया है। शिक्षा विभाग द्वारा इस तरह के कार्यक्रम से बच्चों के लिए बरदान साबित हो रहा है। इस अभियान में शिक्षक मुकेश कुमार, आशिफ इकबाल, अवधेश कुमार, वार्षिता कुमारी, अंकिता कुमारी, पूनम कुमारी, कंप्यूटर आंपरेटर प्रिंश कुमार ने अभियान को सफल बनाने में अहम भूमिका रहा।

## बिहार दर्शन को गये शिक्षण संस्थान के बच्चे



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हसपुरा (औरंगाबाद)।** छात्र-छात्राओं को कोर्स की किताब में ऐतिहासिक धरोहर के बारे में पढ़ने से जितनी जानकारी मिलती है उससे कहीं ज्यादा अपनी आंखों से ऐतिहासिक धरोहर को देखने से मिलता है। उक्त बातें जिला परिषद प्रतिनिधि मो.एकलाख खां व हसपुरा पंचायत मुखिया प्रतिनिधि राकेश सिंह ने शैक्षणिक परिभ्रमण पर जाने के क्रम में एनएसएसटी शिक्षण संस्थान कै बच्चों को हरी झंडी दिखाकर रवाना करने कै दौरान कही। कहा कि बच्चों को ऐतिहासिक धरोहर देखने सै उन्हें उसके बारे में अधिक जानकारी मिलेगी। बच्चे कल के भविष्य हैं। उनके अंदर राष्ट्र निर्माण का शिक्षा समाहित है। जहां बच्चे परिभ्रमण पर जा रहे हैं वह बिहार ही नहीं अपितु राजगीर व नालंदा देश कै ऐतिहासिक-पौराणिक धरोहर है। बच्चे जब राजगीर में जरासंध का अखाड़ा, बौद्ध स्तूप नालंदा का पौराणिक खंडहर अपनी आंखों से देखकर अवलोकन करेगें तो विश्वनियता बढ़ेगी। परिभ्रमण पर बच्चों कै साथ शिक्षण संस्थान कै निदेशक संतोष तिवारी व राजू पटेल सहित शिक्षक हौसला बढ़ाने कै लिए गए।

## शैक्षणिक परिभ्रमण हेतु छात्र राजगीर रवाना




नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** शनिवार को राजबाग़ीचा न्यू एरिया स्थित एआरसीसी कोचिंग संस्थान के द्वारा छात्र छात्राओं का क्षेत्र शैक्षणिक परिभ्रमण हेतु बस से राजगीर के लिए शिक्षक तबरेज आलम, इरफान आलम एवं परवेज आलम द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।

इस मौक पर इरफान आलम ने बताया कि प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी छात्राओं को परिभ्रमण हेतु राजगीर ले जाया जा रहा है, उन्होंने बताया कि बच्चों को अपने ऐतिहासिक एवं भौगोलिक के साथ सांस्कृतिक धरोहर नजदीक से देखने का मौका मिलता है जिससे बच्चों में बौद्धिक विकास होती है। बच्चे बड़े ही उल्लास एवं उत्साह के साथ शैक्षिक परिभ्रमण के लिए रवाना हुई। परवेज आलम ने बताया कि शैक्षिक परिभ्रमण से बच्चों में वास्तविक अनुभव के सीखने, एवं सीखने में रुचि बढ़ती है, सामाजिक एवं व्यवहारिक अनुशासन, आत्मविश्वास में वृद्धि, पर्यावरण एवं समाज की समझ, रचनात्मक कार्यों का विकास होता है। यदि संक्षिप्त में कहा जाए तो शैक्षिक परिभ्रमण बच्चों को जीवन कौशल, सामाजिक कौशल, विषय ज्ञान और आत्मविश्वास चारों का संतुलित विकास करता है या केवल मनोरंजन नहीं है बल्कि एक पूर्ण सीखने की प्रक्रिया है। इसमे मो इस्लाम, मुराद इस्लाम, फिरोज आलम, रंजीत कुमार सहित अन्य लोग शामिल हुए।

# चतुर्थ राष्ट्रीय नाट्य महोत्सव रंग उत्सव का शुभारंभ

## 16 दिसंबर तक आयोजित होगा कार्यक्रम, कलाकारों ने प्रस्तुत किया अभिनय

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**बेगूसराय।** शहर के दिनकर कला भवन में संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार के सहयोग से बेगूसराय की रंग संस्था द प्लेयर्स एक्ट द्वारा आयोजित चतुर्थ राष्ट्रीय नाट्य महोत्सव रंग उत्सव का भव्य शुभारंभ हुआ। 12 दिसम्बर से 16 दिसम्बर 2025 तक आयोजित होने वाले इस राष्ट्रीय नाट्य महोत्सव का विधिवत उद्घाटन महापौर नगर निगम पिंकी देवी, उप महापौर अनिता राय, शिक्षाविद् व दरभंगा स्नातक क्षेत्र के विधान पार्षद सर्वेश कुमार, निवर्तमान विधायक राजकुमार सिंह, नगर आयुक्त सोमेश बहादुर माथुर, पूर्व महापौर संजय कुमार, कृष्ण महिला महाविद्यालय की पूर्व प्राचार्य डा. स्वप्ना चौधरी, युवा कला एवं संसति पदाधिकारी श्याम कुमार साहनी, शिक्षाविद अशोक कुमार सिंह अमर, विश्व रंजन कुमार सिंह राजू, वरिष्ठ रंग निर्देशक अवधेश द्वारा सम्मिलित रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। आगत अतिथियों को संस्था के अध्यक्ष समीर शेखर, सचिव चंदन कुमार सोनू और कोषाध्यक्ष रमन चंद्र वर्मा द्वारा अंग वस्त्र, पुष्प गुच्छ एवं प्रतीक चिन्ह से सम्मानित किया गया। अतिथियों ने अपने उद्बोधन में संस्था के प्रयासों की सराहना करते हुए यह कहा कि इस तरह के उत्सव हमारी सांस्कृतिक जड़ों को मजबूत करने और स्थानीय प्रतिभाओं के साथ साथ देश के बेहतरीन रंगकर्मियों को मंच देने का एक महत्वपूर्ण प्रयास है। जहां एक दूसरे से कुछ नया सीखने और और अलग अलग जगहों की भाषा, कला और संस्कृतियों को समझने का अवसर मिलेगा। साथ ही यह कला साहित्य और रंगमंच प्रेमियों के लिए एक शानदार अवसर है। उद्घाटन के उपरांत पहले दिन द प्लेयर्स एक्ट की प्रस्तुति द मंकीज पॉ का मंचन हुआ। यह नाटक अंग्रेजी लेखक डब्लू डब्लू जैकब्स की एक डरावनी लघु कहानी पर आधारित है। जिसका रूपांतरण, परिकल्पना और निर्देशन रानावि से स्नातक युवा रंग निर्देशक कुंदन कुमार द्वारा किया गया। मंच पर अभी तक कर रहे कलाकारों ने रंग दर्शकों को एक शानदार और अविस्मरणीय नाट्य प्रस्तुति से रूबरू होने का अवसर प्रदान किया।कहानी में, डरावने माहौल, अपनी इच्छाओं के प्रति सावधान रहने के संदेश, भावनात्मक गहराई और एक अस्पष्ट, विचारोत्तेजक अंत नाटक को प्रभावशाली बनाते हैं। नाटक दर्शकों को शुरू से ही रोमांचित करती है और जीवन के कई पहलुओं पर सोचने को बाध्य करती है। नाटक के समाप्ति पर दर्शकों अपने तालिया की ध्वनि से पूरे सभागार नाट्यानुकुल मंच सज्जा रमन चंद्र वर्मा, प्रकाश संयोजन चंदन कुमार सोनू, पार्श्व संगीत कुन्दन कुमार के द्वारा किया गया। मंच पर अभिनय कर रहे मिस्टर व्हाइट की भूमिका में मनीष राज, मिसेज व्हाइट की भूमिका में सत्यकेती, सार्जेंट मेजर के किरदार में गुंजन कुमार सिन्हा, हावर्ट की भूमिका में अमन कुमार और सैंपसन के किरदार में कुन्दन कुमार के अभिनय कौशल को दर्शक मंत्रमुग्ध हो देखते रहे। पूरे कार्यक्रम का मंच संचालन युवा कवि और अभिनेता दीपक कुमार ने किया। नाट्य मंचन के उपरांत नाटक के निर्देशक कुंदन कुमार को उपमहापौर अनीता राय, कला एवं संसति पदाधिकारी श्याम कुमार साहनी, डा. स्वप्ना चौधरी और समाजसेवी विश्वरंजन कुमार सिंह राजू के द्वारा अंगवस्त्र, पुष्प गुच्छ और प्रतिक चिन्ह से सम्मानित किया गया।

# कृषि जन कल्याण चौपाल का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नावकोठी।** प्रखंड के डफरपुर तथा नावकोठी पंचायत में आत्मा के बैनर तले रबी फसल (वासंतिक) 2025-26 अभियान के तहत किसान जनकल्याण चौपाल का आयोजन शनिवार को किया गया। बीएओ रौशन कुमार ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में किसानों का आर्थिक आधार खेती ही है। इस सीजन में मुख्य रूप से गेहूं, मक्का, आलू, तिलहन तथा दलहन की खेती की जाती है। किसान बहुफसली खेती भी एक साथ करते हैं। इसके लिए फसल की सुरक्षा तथा अधिक उत्पादन हेतु खरपतवार नियंत्रण जरूरी है। खरपतवार नियंत्रण हेतु निकोनी करना सबसे कारगर उपाय है। किसान खरपतवार नियंत्रण हेतु रासायनिक पदार्थ का भी उपयोग करते हैं। रासायनिक पदार्थ उपयोग करने में रासायनिक पदार्थ की मात्रा, बरती जाने वाली सावधानियों की जानकारी दी। बीटीएम विवेकानंद सिंह ने आलू उत्पादन में किस्म का चयन, सिचाई, तैयार होने की अवधि, खुदाई, भंडारण, बिक्री आदि के व्यवसायिक रूप की चर्चा की। आत्मा द्वारा पीआरएल प्रशिक्षण, टूर, षि यांत्रिकरण, लाभ लेने के तरीके, संचालित योजनाओं के संबंध में भी जानकारी दी। कृषि समन्वयक प्रिंस कुमार ने खेतों से मिट्टी का नमूना एकत्र करने के तरीके को बताया। एकत्र मिट्टी नमूना की जांच कराने हेतु भेजने, मृदा स्वास्थ्य कार्ड के संबंध में जानकारी दी। किसान पौधे की पत्तियों के रंग को भी देखकर कमी पाये जाने वाले पोषक तत्वों की जानकारी प्राप्त करने के तरीके को समझाया। रासायनिक उर्वरक के स्थान पर वर्मी कम्पोस्ट के उपयोग से होने वाले फायदे को भी बताया। मौके पर एटीएम सोनल सिंह,किसान सलाहकार जयशंकर कुमार, श्रवण कुमार, किसान तरूण कुमार, सुखदेव मोची, सरोज कुमार, राजेश कुमार, हरिमोहन सिंह, राम इकबाल सिंह, राजकुमार सिंह, मंटून सिंह सहित कई अन्य ने हिस्सा लिया।

# बीआरसी में प्रधानाध्यापकों की कार्यशाला

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नावकोठी।** प्रखंड के बीआरसी में शनिवार को प्राथमिक, मध्य एवं प्लस टू विद्यालय के प्रधानाध्यापक की एकदिवसीय गृहवार और अनामांकित बच्चों के सर्वेक्षण हेतु प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। शिक्षक ट्रेनर किसलय कुमार एवं प्रीतम कुमार ने बताया की पोषक क्षेत्र में 6 से 14 वर्ष आयु वर्ग तथा 15 से 18 वर्ष आयु वर्ग के अनामांकित या छिजित बच्चों का गृहवार सर्वेक्षण करना है। इसमें प्रधानाध्यापक अपने पोषक क्षेत्र में गृहवार सर्वेक्षण करेंगे। इसके लिए सहायक शिक्षक, शिक्षा स्वयंसेवक, विद्यालय शिक्षा समिति के सदस्यों का सहयोग लेंगे। इसके तहत अनामांकित या छिजित बच्चों का सर्वेक्षण कर सत्र 2026-27 में उम्र सापेक्ष कक्षा में नामांकन करते हुए विशेष वर्ग संचालन होना है। सरकार को मध्य स्तर के पांच प्रतिशत बच्चे के ड्रप आउट होने का रिपोर्ट है। यह चिंता का सबब बना हुआ है। इसे शत प्रतिशत ड्रॉप आउट को खत्म करने के लिए गृहवार सर्वेक्षण कर उसे शिक्षा के मुख्य धारा से जोड़ना है। 15 से 18 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों को सर्वेक्षण उपरांत एनआईओएस या बी बस से परीक्षा दिलाने के लिए अभिप्रेरित करने की बात बतायी। सर्वेक्षण 22 दिसंबर से 25 दिसंबर तक करना आवश्यक है। इस अवसर पर प्रधानाध्यापक राजेश कुमार, विभाकर कुमार,प्रिया रंजन कुमार, शंभू महतो, मनटुन महतो, संजीत कुमार महतो, प्रेम कुमार, राजेश चौधरी, अभिषेक आनंद, अशोक शर्मा, दिनेश कुमार, ललन कुमार, राम सुदीन, सरोज महतो सहित अन्य प्रतिभागी प्रधानाध्यापक उपस्थित थे।

### असहायों के बीच बांटे गए कंबल

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** भाजपा नावकोठी मंडल की प्रखंड अध्यक्ष रानी गोस्वामी जी ने अपने जन्मदिन के अवसर पर असहायों के बीच कंबल वितरण किया गया। उन्होंने कहा कि केक काटने की बजाय गरीब असहाय लोगों को खाना खिलाने और गर्म कपड़े वितरण करने से उन्हें सुकून मिलता है। अभी भी मेरे मुल्क में गरीबों की कमी नहीं है जिसको दो वक्त की रोटी नसीब नहीं होती है। कोई अपने जन्मदिन पर लाखों रुपए उड़ा देते हैं। मौके पर बीजेपी नेता विश्वनाथ सिंह, भाजयुमो मंडल अध्यक्ष पंकज जयसवाल, पंसस गौतम गोस्वामी, मनीष पाठक, नीतिश जयसवाल आदि मौजूद थे।

# 2400 मामलों का हुआ निपटारा, 3.54 करोड़ पर समझौता

### राष्ट्रीय लोग अदालत में उमड़ा जनसैलाब

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**बेगूसराय।** जिला व्यवहार न्यायालय में शनिवार को आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में भारी जनसैलाब उमड़ा। जिला न्यायालय परिसर सहित सभी अनुमंडल न्यायालयों में एक साथ आयोजित लोक अदालत में कुल 2400 मामलों का निपटारा किया गया। विभिन्न मामलों में लगभग 3.54 करोड़ रुपये की राशि पर आपसी सहमति से समझौता हुआ। राष्ट्रीय लोक अदालत का विधिवत उद्घाटन प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ऋषिकांत एवं डीएलएसए सचिव करूणा निधि प्रसाद आर्य ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक मनीष, विशेष न्यायाधीश राज नारायण निगम, संजय कुमार, फैमिली कोर्ट जज विजेंद्र कुमार समेत अन्य न्यायिक पदाधिकारी उपस्थित रहे। मंच संचालन न्यायिक दंडाधिकारी कुमारी मिट्ठू रानी ने किया। राष्ट्रीय लोक अदालत के सुचारु संचालन के लिए कुल 14 पीठों का गठन किया गया था। जिला न्यायालय बेगूसराय में 9 पीठें, जबकि मंझौल, बखरी, बलिया, तेघरा एवं बरौनी रेलवे कोर्ट में एक-एक पीठ गठित की गई। लोक अदालत में बिजली विभाग, चेक बाउंस, परिवार न्यायालय, समझौता योग्य आपराधिक मामले, बैंक ऋण से संबंधित मामलों सहित अनेक प्रकरणों का निपटारा दोनों पक्षों की सहमति से किया गया। परिवहन विभाग के चालान मामलों का निपटारा प्रस्तावित था, किंतु कुछ कारणों से ये मामले निष्पादित नहीं हो सके।राष्ट्रीय लोक अदालत के लिए न्यायाधीश विजेंद्र कुमार, राज नारायण निगम, कविता कुमारी, सुशांत कुमार, आलोक कुमार, नैंसी कुमारी, कुमारी मिट्ठू रानी, कंचन रानी, रोहित, अवनेंद्र कुमार, विशाल सिंहा, रणधीर कुमार, शैलेंद्र कुमार एवं मिस लीला को पीठासीन पदाधिकारी बनाया गया था। डीएलएसए द्वारा एक हेल्प डेस्क भी स्थापित किया गया, जहां पीएलवी सुजीत कुमार, अतुल कुमार, विवेक कुमार, गौतम कुमार, गौरीश कुमार, शंभू कुमार, शैलेश कुमार, हरेराम दास, सुजीत कुमार, प्रभात कुमार सिन्हा एवं रंजीत कुमार बैठा की तैनाती की गई थी। इसके अतिरिक्त लोक अदालत कर्मी उदय कुमार, संगम मिश्रा, इंद्रसेन, आलोक कुमार, रवि कुमार तथा न्यायालय कर्मी विनय कुमार झा, मोहम्मद वसी अहमद एवं अरमान फैजी को भी जिम्मेदारी सौंपी गई। डीएलएसए सचिव करूणा निधि प्रसाद आर्य ने राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता के लिए सभी न्यायिक पदाधिकारियों, अधिवक्ताओं, न्यायालय कर्मियों एवं पक्षकारों के प्रति आभार व्यक्त किया। बैंकों से संबंधित 1109 मामलों का निपटारा, 3.50 करोड़ रुपये पर समझौता किया गया। आपराधिक मामलों के 1289 प्रकरण निष्पादित किये गए। जिसमे बरौनी रेलवे कोर्ट से 591 मामले, बिजली विभाग के 54 मामले, लगभग 21 लाख रुपये पर समझौता परिवार न्यायालय के 13 मामले, एसडीएम कोर्ट के 206 मामले, ग्राम कचहरी के 74 मामले, लेबर कोर्ट के 18 मामले, मंझौल कोर्ट 25, बखरी 27, बलिया 74, तेघरा 24 मामले है।

# जदयू की बैठक में अधिक से अधिक सदस्य बनाए जाने पर तैयार हुई रणनीति

नवबिहार टाइम्स संवाददाता




**अररिया।** जिला जनता दल यूनाइटेड अररिया की एक बैठक शनिवार को जिला कार्यालय में आयोजित की गई। बैठक में मुख्य रूप से सदस्यता अभियान पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष आशीष पटेल ने की जबकि मुख्य अतिथि के रूप में शिया वक्फ बोर्ड के प्रदेश अध्यक्ष व जद यू के वरीय नेता इरशाद अली आजाद शामिल हुए। वही जद यू के वरिष्ठ नेता जिला परिषद अध्यक्ष आफताब अज़ीम पप्पू और अररिया विधान सभा के जद यू प्रभारी प्रमोद राय शामिल हुए। विधान सभा चुनाव के बाद आयोजित इस जिला स्तरीय बैठक में मुख्य रूप से सदस्यता अभियान पर चर्चा हुई। बैठक में पूर्व मंत्री और जोकीहाट से रहे जद यू प्रत्यासी मंजर आलम, रानीगंज विधान सभा से विधायक प्रतिनिधि मनी सिंह, डॉक्टर एम आलम, रज़ी अहमद, उमेश राय, रेशम लाल पासवान, महिला जिलाध्यक्ष सुशीला साह, संचिता मंडल, प्रखंड अध्यक्ष कौसर आलम, शहबाज आलम, सुनील राय, मुन्ना खान वीरेंद्र राय, शाद अहमद, उपेंद्र मंडल के अलावा सभी प्रकोष्ठ के अध्यक्ष और प्रखंड अध्यक्ष शामिल हुए। मौके पर जहां तीनों सीट जद यू के हारने का गम है लेकिन वही बिहार में फिर से पूरी मजबूती के साथ पूर्ण बहुमत से एनडीए की सरकार बनने की खुशी है। नीतीश कुमार के विकास की जीत हुई है। उन्होंने कहा पार्टी नेता को अपने पूरे मनोबल के साथ आगे पार्टी के लिए काम करना है। उन्होंने बताया कि सदस्यता अभियान आज से पूरे बिहार में शुरू हो गया जो 15 जनवरी तक चलेगा इसलिए अधिक से अधिक कार्यकर्ता को पार्टी का सदस्य बनाना हमारा लक्ष्य है। इस मौके पर अररिया से जद यू की प्रत्यासी रही शगुफ्ता अज़ीम बैठक में किसी निजी कार्यों में व्यस्तता के कारण शामिल नहीं हो सकी। वहीं उनके पति और जद यू के वरिष्ठ नेता और जिला परिषद अध्यक्ष आफताब अज़ीम ने कहा कि विकास पुरुष नीतीश कुमार के विकास कार्यों का ये असर रहा कि पुनः नीतीश कुमार बीस सालों से मजबूती के साथ मुख्यमंत्री बने हैं। पप्पू अज़ीम ने कहा कि मैं काफी दिनों से जद यू से जुड़ा हुआ हूं और कई जिला मैं पार्टी का प्रभारी रह चुका हूं। वहीं जिलाध्यक्ष आशीष पटेल ने तमाम पुरानी बातों को भूला कर फिर नई ऊर्ज़ा और उमंग के साथ पार्टी को मजबूत करने में अपनी अहम भूमिका निभाएंगे।

### जदयू ने की सदस्यता अभियान की शुरूआत

**भगवानपुर (नबिटा संवाददाता)।** जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के राज्यव्यापी सदस्यता अभियान की औपचारिक शुरूआत प्रखंड स्तर पर की गई। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में पार्टी के कई प्रमुख साथी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व प्रखंड अध्यक्ष सह वरिष्ठ जदयू नेता विश्वानाथ महतो ने की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने सदस्यता अभियान को पार्टी को और अधिक मजबूत बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया। उन्होंने अधिक से अधिक लोगों को जदयू से जोड़ने और सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को आम जनता तक पहुंचाने पर जोर दिया। श्री महतो ने कहा कि यह अभियान संगठन को जमीनी स्तर पर सशक्त करेगा और आने वाले समय में पार्टी की भूमिका को और मजबूत बनाएगा। कार्यक्रम में उपस्थित कार्यकर्ताओं ने पूरे उत्साह के साथ सदस्यता अभियान को सफल बनाने का संकल्प लिया।

# जदयू जिलाध्यक्ष ने की सदस्यता अभियान की शुरूआत

### तेघड़ा के रातगंव पंचायत में भी शुरू हुआ सदस्यता अभियान

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**बेगूसराय।** जिला जदयू जिलाध्यक्ष भूमिपाल राय ने शनिवार को पार्टी सदस्यता अभियान की शुरआत की। सर्वप्रथम पूर्व विधायक राजकुमार सिंह की उपस्थिति में होटल केड़ीएम के सभागार में मटिहानी विधानसभा क्षेत्र और बेगूसराय विधानसभा क्षेत्र का शुभारंभ किया गया। इस सदस्यता अभियान में मुख्य रूप से जिला संगठन प्रभारी शिवनंदन सिंह, जिला कार्यकारी अध्यक्ष भूमिपाल राय, मटिहानी विधानसभा प्रभारी, पशुराम पारस, तेघड़ा विधानसभा प्रभारी अरूण सहनी, बेगूसराय विधानसभा प्रभारी उमेश पटेल, महानगर अध्यक्ष पंकज कुमार के साथ साथ जदयू नेता नंदलाल राय, अरूण कुमार महतो, रामविनय सिंह, अरूण कुमार राय, अनिल चौधर, पांडव कुमार, युवा अध्यक्ष पंकज राय, कुंदन कुमार पिंटू, अजय पासवान, युवा महानगर अध्यक्ष राज कुमार गुप्ता, महेंद्र दास, सिकन्दर महतो, राजेन्द्र महतो, घनश्याम महतो, अर्चना कुमारी सहित सैकड़ो जदयू के नेता कार्यकर्ता शामिल रहे। इधर तेघरा के रातगंव पंचायत से सदस्यता अभियान की शुरूआत किया गया। इस अवसर पर प्रदेश सचिव रीना चौधरी मुख्य रूप से उपस्थित थे।

# गृहवार सर्वेक्षण को लेकर कार्यशाला

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**भगवानपुर।** प्रखंड क्षेत्र में विद्यालय से बाहर के 6 से 14 एवं 15 से 19 आयुवर्ग के बच्चों की पहचान हेतु गृहवार सर्वेक्षण होगा। इसको लेकर बाईट भवन में प्रधान की कार्यशाला आयोजित की गई। मास्टर ट्रेनर ने बताया कि आंकड़ा एकत्रित किए जाने के लिए घर-घर जाने से पूर्व प्रत्येक सरकारी व सरकारी सहायता प्राप्त विद्यालय में एक हेल्प डेस्क बनाया जाएगा। विद्यालय से बाहर के बच्चों के संबंध में एकत्रित आंकड़ों की प्रविष्टि प्रबंध पोर्टल पर की जाएगी। सर्वेक्षण का उद्देश्य विद्यालय से बाहर के सभी बच्चों की पहचान कर उसका नामांकन उम्र सापेक्ष कक्षा में कराकर उपचारात्मक शिक्षा प्रदान कर उनमें वर्ग सापेक्ष दक्षता विकसित करना है।सर्वेक्षण हेतु हेल्प डेस्क का गठन विद्यालय के प्रधानाध्यापक द्वारा विद्यालयस्तर पर हेल्प डेस्क का गठन किया जाएगा। इसके लिए सबसे योग्य शिक्षक को नोडल के रूप में नामित किया जाएगा। नोडल शिक्षक संबंधित बीएलओ से मतदाता सूची लेकर घरों को चिन्हित करेंगे। इस हेतु संबंधित विद्यालय के शिक्षकों, टोला सेवकों, आंगनबाड़ी सेविकाओं, विद्यालय शिक्षा समिति के सदस्यों के साथ बैठक कर रणनीति तैयार की जाएगी। शिक्षक ऐसे बच्चों की भी खोज करेंगे जो लगातार 30 दिनों से स्कूल नहीं आ रहे हैं। 30 दिन तक लगातार स्कूल नहीं आने वाले बच्चों को क्षीजित माना जाएगा। केवल स्कूल ही नहीं, बल्कि शहरी क्षेत्र में स्टेशन, बस स्टैंड, मंदिर-मस्जिद के पास के बच्चे भी चिन्हित होंगे। सभी जिलों में 20 नवंबर से 20 जनवरी तक यह प्रक्रिया चलाई जाएगी। 24 बिंदुओं पर बच्चे की भरी जाएगी जानकारी - स्कूल से बाहर के चिन्हित बच्चों की 24 बिंदुओं पर विस्तृत जानकारी भरी जाएगी। इसके लिए विभाग द्वारा फार्मेट जारी किया गया है। आमसभा द्वारा बच्चों की सूची की संपुष्टि की जाएगी। संपुष्टि के उपरांत नामांकन व विशेष प्रशिक्षण से संबंधित कार्य किया जाएगा। गृहवार सर्वेक्षण हेतु समय सारणी का निर्धारण किया गया है। प्रखंड व स्कूल स्तर पर कोर कमेटी का गठन 20 से 25 नवंबर के बीच, हेल्प डेस्क का गठन 26 से 28 नवंबर के बीच, जिला समन्वयकों का प्रशिक्षण 1 दिसंबर 2025, प्रखंड के दो विशेषज्ञ का प्रशिक्षण 3 से 8 दिसंबर, विद्यालय के प्रधानाध्यापक का प्रशिक्षण 9 से 15 दिसंबर, हेल्प डेस्क के माध्यम से आंकड़ों का संग्रह्ला 16 से 19 दिसंबर, गृहवार सर्वेक्षण 22 से 29 दिसंबर, आमसभा की बैठक में आंकड़ों की संपुष्टि 30 से 31 दिसंबर,सर्वेक्षण में विद्यालय से बाहर पाये गए बच्चे के पूर्व ज्ञान की जांच एवं नामांकन 2 से 6 जनवरी 2026, भरे गए प्रपत्र के अनुसार प्रबंधन पोर्टल पर आंकड़ों की प्रविष्टि 13 से 20 जनवरी तक निर्धारित की गई है।

# रोसड़ा इंस्पेक्टर ने किया शिवाजीनगर थाना का निरीक्षण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**शिवाजीनगर।** रोसड़ा इंस्पेक्टर मनोज कुमार ने शनिवार को शिवाजीनगर थाना का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने थाना परिसर, कार्यालय कक्ष, हाजत, मालखाना, अभिलेख पंजी सहित विभिन्न बिंदुओं की बारीकी से जांच की और थाना में संचालित कार्यप्रणाली का जायजा लिया। निरीक्षण के क्रम में इंस्पेक्टर मनोज कुमार ने लंबित कांडों की समीक्षा करते हुए उनके त्वरित निष्पादन का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि कांडों के अनुसंधान में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। साथ ही फरार अभियुक्तों की शीघ्र गिरफ्तारी, नियमित गश्ती, वाहन जांच को और प्रभावी बनाने तथा क्षेत्र में शांति-व्यवस्था बनाए रखने पर विशेष जोर दिया उन्होंने थाना क्षेत्र में अपराध नियंत्रण के लिए सूचना तंत्र को मजबूत करने, आमजन से बेहतर संवाद बनाए रखने और संवेदनशील स्थानों पर विशेष निगरानी रखने का निर्देश दिया। इसके अलावा महिला एवं कमजोर वर्ग से जुड़े मामलों में त्वरित कार्रवाई करने, पीड़ितों के साथ संवेदनशील व्यवहार अपनाने तथा विधि-व्यवस्था संधारण में पूरी तत्परता बरतने की बात कही मौके पर अपर थानाध्यक्ष प्रवीण कुमार, एसआई अनिल कुमार सहित थाना के सभी पुलिस पदाधिकारी एवं कर्मी मौजूद रहे। निरीक्षण के अंत में इंस्पेक्टर मनोज कुमार ने पुलिसकर्मियों से कर्तव्यनिष्ठा, अनुशासन और जनहित में कार्य करने का आह्वान किया।

# श्रमिक कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नावकोठी।** ई किसान भवन नावकोठी में निर्माण श्रमिक कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरूआत शनिवार को हुई। प्रशिक्षक अजीत कुमार ने बताया कि भवन निर्माण में नये तकनीक के संबंध में एक पखबाडा का प्रशिक्षण है। इस अवधि में लेबर कार्ड से आच्छादित राजमिस्त्री एवं मजदूरों को भवन निर्माण में अपनाने योग्य नये तकनीक की जानकारी देकर दक्ष बनाना मुख्य उद्देश्य है। प्रशिक्षण के उपरांत प्रमाण पत्र भी दिया जाएगा। जिससे ये कुशल श्रमिक की श्रेणी में आ जाएगें। प्रथम दिन के प्रशिक्षण के क्रम में उन्होंने दीवार की चिनाई करते समय दीवार में वीप होल छोड़ने के संबंध में जानकारी दी। इस कार्य में दीवार की पिटाई की जाती है ताकि इसकी मजबूती का पता चल सकें। दीवार चिनाई में प्रयुक्त होने वाले मिश्रण तैयार करने की विधि विस्तार से बताया। इसमें बालू, सीमेंट तथा पानी की मात्रा को बताया। बालू में सीमेंट मिलाते समय ध्यान में रखने योग्य बातों की भी चर्चा की।

# पल्स पोलियो अभियान को लेकर निकली जागरूकता रैली

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नावकोठी।** प्रखण्ड में 16 दिसंबर से होने वाले पांच दिवसीय पल्स पोलियो अभियान की सफलता हेतु जागरूकता रैली निकाली गई। रैली की अगुआई बीएमसी गोपाल शर्मा ने की। पीएचसी परिसर से रैली प्रारंभ हुआ। दो बूंद दवा पोलियो हवा, पोलियो को जड़ से मिटाना है, पांच वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की दवा पिलाना है आदि स्लोगन के साथ थाना चौक, प्रखंड परिसर आदि में भ्रमण कर लोगों को जागरूक किया। श्री शर्मा ने बताया कि लंबे अंतराल के बाद पल्स पोलियो अभियान कार्यक्रम संचालित हो रहा है। इसकी सफलता हेतु आम लोगों का सहयोग तथा जागरूक होना जरूरी है। जागरूकता रैली का मुख्य उद्देश्य कार्यक्रम के संबंध में लोगों को जानकारी देने के साथ साथ जागरूक करना है। रैली में बीसीएम उषा कुमारी, संदीप चंद्र, राजीव कुमार, फेसिलेटर संगीता कुमारी, कंचन कुमारी, अंजू कुमारी, लक्ष्मी देवी, रूक्मिणी देवी आशा रोबिदा खातुन, वसंती, डेजी, बबीता, रेणु, सावित्री, वसंती, रीता, सुनीता, रौशन, मुन्नी, मुनचुन, धर्मशीला आदि थे।

# संकुलस्तरीय टीएलएम मेला आयोजित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**भगवानपुर।** सीआरसी रघुनाथ उच्च माध्यमिक विद्यालय दहिया में शनिवार को शिक्षकों की प्रतिभा और नवाचार को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से शिक्षा विभाग के निर्देश पर संकुल स्तरीय निपुण टीएलएम मेला आयोजित किया गया। मेला में कन्या मिडिल स्कूल दहिया, मिडिल स्कूल प्रखंड कालोनी भगवानपुर, उत्क्रमित मिडिल स्कूल औगान के शिक्षक शिक्षिकाओं ने अपने-अपने टीएलएम का प्रदर्शन किया। शिक्षक-शिक्षिकाओं ने अपने-अपने टीएलएम के बारे में विस्तार से जानकारी दी। निर्णायक मंडल में अशोक कुमार सिंह, कमलेश कुमार व अमित कुमार ठाकुर शामिल थे।टीएलएम मेला में गणित विषय में औगान की सोनी कुमारी ने प्रथम और प्रखंड कालोनी के रिपु कुमार में द्वितीय स्थान हासिल किया। हिंदी में प्रखंड कालोनी भगवानपुर की श्वेता कुमारी ने प्रथम की औगान के अमित कुमार ने द्वितीय, पर्यावरण में प्रखंड कलोनी भगवानपुर की अन्नू कुमारी ने प्रथम व कन्या मिडिल स्कूल दहिया के आशीष कुमार ने द्वितीय स्थान हासिल की। अंग्रेजी में प्रखंड कलोनी भगवानपुर की अदिति ने प्रथम स्थान पाया। चयनित शिक्षकों को मेडल व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। मौके पर संचालक संजीव कुमार, समन्वयक मो रईस उद्दीन, शिक्षक मनोज कुमार, कुमार उज्ज्वल, संजीव कुमार यादव, आदि मौजूद थे।

### जनता दरबार मामलों की हुई सुनवाई

**नावकोठी।** अंचल क्षेत्र के विभिन्न राजस्व ग्रामों में उत्पन्न भूमि विवाद के निबटारे को लेकर शनिवार को अंचल कार्यालय में जनता दरबार का आयोजन किया गया। इसमें एक नये मामले सुनवाई हेतु दर्ज किये गए। पूर्व से लंबित एक भी मामले का निष्पादन नहीं किया गया। दर्ज मामले में करैयटार निवासी ष्णदेव गोस्वामी पेसर रामनिरोह गोस्वामी बनाम द्वितीय पक्ष रामदनेश एवं शंभू महतो दोनों पिता मेंहीलाल महतो के बीच का है। द्वितीय पक्ष के द्वारा प्रथम पक्ष का जमीन जबरन दखल करने का मामला है। जनता दरबार में कुल अब 10 मामले लंबित है। सभी लंबित मामले के फरियादी को सुनवाई के लिए अगली तारीख निर्धारित की गयी।

# राष्ट्रीय लोक अदालत में 183 मामलों का हुआ निपटारा

## चार बेंचों का किया गया था गठन



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** ना कोई वकील ना कोई अपील और ना ही कोर्ट फीस फैसला ऑन द स्पॉट, शनिवार को सिविल कोर्ट मसौढ़ी में राष्ट्रीय लोक अदालत कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जहां चार बेंच का गठन किया गया, जिसमें प्रमथ बेंच पर शुभम त्रिपाठी एसडीजेएम, सत्य प्रकाश, नवीन गौतम जेएमआईसी,और नवीन कुमार मुंशीफ, के अलावा पंकज कुमार शामिल रहे रहे। इस पूरे राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल 183 मामलों का निपटारा किया गया। जिसमें कंपाउंडेबल केश की संख्या 127, बिजली मामलों की संख्या 56, इसके अलावा 14 बैंक सेटेलमेंट किए गए। एसडीजेएम शुभम त्रिपाठी ने बताया कि 1 साल में 4 बार राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन होता है। यह इस साल का अंतिम लोक अदालत का आयोजन होने जा रहा है। इस अदालत में लोगों को बिना किसी खर्च के और बिना लंबी कानूनी लड़ाई के त्वरित न्याय मिलता है। इस राष्ट्रीय लोक अदालत में सुलहनीय वाद, मोटर वाहन दुर्घटना, भरण पोषण, वन विभाग, उत्पाद विभाग, वैवाहिक विवाद, बैंक वसूली मामले, बिजली-पानी के बिल संबंधी विवाद, पारिवारिक विवाद, श्रम और भूमि अधिग्रहण, दीवानी मुकदमे आदि जैसे मामलों का त्वरित निस्तारण किया जाता है। लोक अदालत से कई लाभ है जहां कोई कोर्ट फीस नहीं होती है। विवादों का सरल और शीघ्र निपटारा। लोक अदालत के ऑर्डर की अपील नहीं होती और निर्णय अंतिम होता है।

## लैंगिक समानता को लेकर जेंडर फोरम की बैठक

**मसौढ़ी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** लैंगिक समानता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से पंचायत स्तर पर जेंडर फोरम की बैठक धनरूआ में आयोजित की गई। बैठक का मुख्य उद्देश्य महिलाओं और पुरुषों के बीच समानता सुनिश्चित करना, महिलाओं के अधिकारों के प्रति जागरूकता फैलाना और उन्हें स्थानीय निर्णय लेने की प्रक्रियाओं में सक्रिय रूप से शामिल करना है। दरअसल धनरूआ पंचायत में पंचायत स्तरीय जेंडर फोरम बैठक का आयोजन मुखिया रानी कुमारी की अध्यक्षता में की गई जिसमें लैंगिक समानता बाल विवाह सरकार के द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के बारे में पंचायत के महिलाओं को बताया गया। मुखिया रानी कुमारी ने बताया की महिलाओं के सामने आने वाली स्थानीय चुनौतियों और समस्याओं, जैसे घरेलू हिंसा, शिक्षा तक पहुंच की कमी और स्वास्थ्य सेवाओं की अनुपलब्धता, पर चर्चा करना और उनके समाधान खोजना है।

## पालीगंज व्यवहार न्यायालय में कई मामलों का हुआ निष्पादन



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पालीगंज।** शनिवार को पालीगंज व्यवहार न्यायालय परिसर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। इस लोक अदालत में न्यायिक अधिकारी पवन कुमार चौधरी, गैर न्यायिक अधिकारी अरुण कुमार उपाध्याय सहित न्यायालय के कर्मचारी उपस्थित रहे। मौके पर बैंक कर्मी, बिजली विभाग तथा बीएसएनएल के प्रतिनिधि भी मौजूद थे। लोक अदालत में पंजाब नेशनल बैंक, दक्षिण बिहार ग्रामीण बैंक, भारतीय स्टेट बैंक और बीएसएनएल से जुड़े कुल 147 मामलों की सुनवाई की गई। इन मामलों में 95 लाख 86 हजार 694 रुपये की समझौता राशि निर्धारित की गई, जिसमें से 26 लाख 60 हजार 095 रुपये की वसूली की गई। इसके अलावा बिजली विभाग के दो मामलों में से एक मामले का निष्पादन किया गया। वहीं एक आपराधिक मामले का भी आपसी समझौते के आधार पर निपटारा हुआ। इस अवसर पर उपस्थित अधिकारियों ने लोगों को लोक अदालत के माध्यम से अपने विवादों का त्वरित और सरल समाधान कराने के लिए जागरूक होकर आगे आने का निर्देश दिया।

## पास्को एक्ट के तहत नियामतपुर गांव से अभियुक्त गिरफ्तार

**मसौढ़ी।** पॉस्को एक्ट के तहत लहसुना पुलिस ने नियामतपुर गांव से शनिवार को आरोपी को उसके घर से गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार युवक का नाम दयानंद कुमार उम्र- करीब 26 वर्ष पिता- विनय पासवान ग्राम-नियामतपुर का है। लहसुन थानाध्यक्ष खुशबू खातून ने बताया किया घटना बीते 8 दिसंबर की है जहां पर एक 17 वर्ष की लड़की जो खलिहान में धान का बोझा ढो रही थी, उसी के साथ जोर जबरदस्ती करने की कोशिश की थी। इस मामले में नामजद प्राथमिकी अभियुक्त बनाया गया था जिसकी गिरफ्तारी को लेकर छापेमारी की जा रही थी और आज सूचना का सत्यापन करते हुए उसे घर से गिरफ्तार कर अग्रेतर कार्रवाई की जा रही है।

# द्वितीय उत्तराखंडी फिल्म अवार्ड 2025 में मिला श्रेष्ठ कलाकारों और फिल्मों को सम्मान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** वेब मल्टीमीडिया द्वारा आयोजित द्वितीय उत्तराखंडी फिल्म अवार्ड 2025 का भव्य आयोजन 6 दिसंबर को हिमालयन कल्चरल सेंटर, गढ़ी कैंट में संपन्न हुआ। लगभग पाँच सौ फ़िल्मी हस्तियों एवं उत्तराखंड के प्रतिष्ठित व्यक्तियों की उपस्थिति में आयोजित इस समारोह का उद्घाटन मुख्य अतिथि एवं पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमेश पोखरियाल 'निशंक' ने किया। अवार्ड के संस्थापक अध्यक्ष विनोद गुप्ता, अभिनेता हेमंत पांडे, निर्माता महेश राजपूत, शो के निर्देशक प्रमोद शास्त्री, नृत्य निर्देशक संजय कोर्वे सहित अन्य गणमान्यों ने आयोजन की सफलता पर बधाई दी। निशंक ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम उत्तराखंडी भाषाओं– गढ़वाली, जौनसारी और कुमाऊनी–में बनने वाली फिल्मों को नई ऊर्जा, पहचान और प्रोत्साहन देते हैं। इस वर्ष 14 फीचर फ़िल्में 26 कैटेगरी में चयनित की गई थीं। समारोह में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली फिल्मों और कलाकारों को सम्मानित किया गया। इस दौरान संस्थापक अध्यक्ष विनोद कुमार गुप्ता ने सभी अतिथियों, फिल्म विकास परिषद उत्तराखंड और विशेष रूप से अभिनेता रमेश नौटियाल का आभार व्यक्त किया। सहीद,सर्वश्रेष्ठ फिल्म - देबू रावत, बेस्ट डेब्यू फीमेल-पूनम लखेरा, सर्वश्रेष्ठ कहानी - देबू रावत, सर्वश्रेष्ठ प्रचार डिज़ाइन- अनुज रावत, सर्वश्रेष्ठ अभिनेता पुरुष-संजू सिलोदी, मीठी मां कु आशीर्वाद सर्वश्रेष्ठ कला निर्देशन-राजेश नोगेन, सर्वश्रेष्ठ कोरियोग्राफर-अनूप परमार, लोकप्रिय फ़िल्म-वैभव गोयल पोथली सर्वश्रेष्ठ ऑडियोग्राफी- आशीष पंत, सर्वश्रेष्ठ गीत-जीतेन्द्र पवार, सर्वश्रेष्ठ संगीत निर्देशक- अमित वी. कपूर मेरे गांव की बात सर्वश्रेष्ठ छायांकन-हरीश नेगी, स्पेशल जूरी मेंशन - अभिनव सिंह चौहान/आयुष गोयल, संस्कार सर्वश्रेष्ठ एक्शन निर्देशक-सुरेंद्र शर्मा, सर्वश्रेष्ठ पटकथा-पदम गोसाईं, पहाड़ी रतन श्रीदेव सुमन, सर्वश्रेष्ठ संवाद-देवी प्रसाद सेमवाल, पधानी जी सर्वश्रेष्ठ गायिका महिला-मीना राणा, सर्वश्रेष्ठ अभिनेता (कॉमेडी)-घन्ना भाई जय मां धारी देवी सर्वश्रेष्ठ गायक पुरुष - लेख राज भंडारी, सर्वश्रेष्ठ सहायक पुरुष- राजेश मालगुडी।

# तारेगना रेलवे चार्ट में बने अवैध दुकानों को हटाया

## बनेगा आरपीएफ का दस बेड का पुलिस बैरक



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** पटना गया रेलखंड के तारेगना रेल थाना मे अब आरपीएफ का अपना पुलिस बैरक बनेगा। ऐसे में रेलवे स्टेशन के पास रेलवे लाइन के रेलवे चार्ट में बसे तकरीबन तीन दर्जन से अधिक अवैध दुकानों पर शनिवार को बुलडोजर चलाया गया। इस अतिक्रमण हटाओ अभियान के दौरान तकरीबन 30 से अधिक दुकानों को ध्वस्त करते हुए हटा दिया गय है। इस दौरान जीआरपी थाना के प्रभारी पदाधिकारी ने बताया कि उक्त जमीन पर आरपीएफ पुलिस बैरक बनाया जाएगा। जिसको लेकर दो दिन पहले ही भूमि पूजन कर दी गई है। उसी को लेकर शनिवार को वरीय पुलिस पदाधिकारी के निर्देशन में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाकर सभी अवैध दुकानों को तोड़कर हटा दिया गया है। कई दिन पहले ही सभी दुकानदारों को नोटिस देकर चेतावनी दी गई थी लेकिन कई दुकान अपनी दुकान में सजा कर रख रहे थे। ऐसे में पुलिस बल के सहयोग से सभी दुकानों को तोड़कर हटा दिया गया है। केंद्र सरकार द्वारा प्रायोजित इस योजना के तहत 10 बेड का 2800 वर्ग स्कायर फीट चयनित जमीन पर निर्माण कार्य होना है। निर्माण कार्य में लगे संवेदक ने बताया की कल से काम विधिवत रूप से शुरू कर दिया जाएगा जो तकरीबन 6 महीने के समय अंतराल में यह पुलिस बैरक को बनाना है।

# उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय बैरांव में टीएलएम मेला का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अंबा (औरंगाबाद)।** संकुल संसाधन केंद्र उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय बैरांव में टीएलएम मेला का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता प्रधानाध्यापक विनय कुमार गुप्ता ने की। चार विषयों पर आधारित मेला में सभी प्रतिभागियों ने अत्यंत प्रेरणादायक और उपयोगी प्रस्तुति दी जो बच्चों के लिए काफी ज्ञानवर्धक रहीं। प्राथमिक विद्यालय पंडरिया की रीना गुप्ता ने हिंदी विषय में प्रथम स्थान, मध्य विद्यालय हीरा बीघा की पुष्पा कुमारी ने द्वितीय तथा मध्य विद्यालय बैरांव के रामपति रविदास ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं अंग्रेजी विषय में मध्य विद्यालय हीरा बीघा प्रीति कुमारी ने प्रथम, प्राथमिक विद्यालय देवी नेउरा के नितेश कुमार ने द्वितीय, एनपीएस सूरजमल की वंदना कुमारी ने तृतीय, गणित विषय में एनपीएस सूरजमल की वंदना कुमारी ने प्रथम, मध्य विद्यालय बहादुरपुर के सुनील कुमार ने द्वितीय, मध्य विद्यालय हठील परसावां के अभयानंद कुमार ने तृतीय तथा पर्यावरण विज्ञान में प्राथमिक विद्यालय देवी नेउरा के नितेश कुमार ने प्रथम, मध्य विद्यालय बभंडीह के मो. अजहर ने द्वितीय, प्राथमिक विद्यालय चिल्हियावां के नागेंद्र कुमार ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। पीएलएम मेला के मूल्यांकन हेतु जजों का एक पैनल बनाया गया था। जिसमें जज के रूप में अतुल अनुराग, सुनीता कुमारी द्वितीय, गुप्तेश्वर कुमार, विवेक कुमार और प्रीति ऊषा ने अहम् भूमिका निभाई। मेला में संकुलाधीन सभी विधालय के शिक्षकों ने बड़े उत्साह के साथ भाग लिया।

## अग्निवीर से ट्रेनिंग कर लौटे जवान को एसएमडी कॉलेज में किया गया स्वागत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** अग्निवीर से ट्रेनिंग कर लौटने के बाद अपने स्कूल में सबसे पहले वह जवान पहुंचा, जहां उसका स्कूल प्रशासन की ओर भव्य स्वागत किया गया। दरअसल एसएमडी कॉलेज पुनपुन के 2022 बैच के कैडेट्स ऋषि राज जो अग्निविर ट्रेनिंग करने के बाद महाविद्यालय में आगमन हुआ। अग्निवीर ऋषि राज ने पूरे एनसीसी कैडेट्स को मेहनत के साथ में एनसीसी जुड़ी सारी बातों को साझा किया। एनसीसी पदाधिकारी लेफ्टिनेंट मुकेश कुमार के द्वारा कॉलेज में ट्रेनिंग और क्लास जो फायदा प्राप्त हुआ, मेहनत ही हमारे रंग लाया, ऋषि राज के द्वारा बोला गया कि सारे एनसीसी कैडेट्स को सर से मेहनत के साथ शिक्षा प्राप्त करें और भारतीय सेवा में जाने के लिए प्रेरित किया प्रधानाचार्य महोदय प्रो डॉ मधुरेंद्र और एनसीसी पदाधिकारी लेफ्टिनेंट मुकेश कुमार के द्वारा अग्निवीर ऋषि राज बधाई एवं शुभकामनाएं दिए एवं एक्स एनसीसी सीनियर मो मैराज हुसैन ने बधाई एवं शुभकामनाएं दिए ये महाविद्यालय के लिए और एनसीसी परिवार के लिए बहुत ही गर्व की बात है।

# डीएम ने सुनी 18 लोगों की फरियाद

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा ने अपने कार्यालय कक्ष में जनता दरबार लगा फरियादियों की समस्याएं सुनी। जनता दरबार में जिले के विभिन्न प्रखंडों से आए नागरिकों द्वारा अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए गए। आज के जनता दरबार में कुल 18 परिवादियों ने जनहित से जुड़ी विभिन्न समस्याएं रखीं, जिनमें बिजली बिल सुधार, भूमि विवाद, आपदा सहायता राशि भुगतान, विद्यालयों में लगे निर्षक्रिय ट्रांसफार्मर हटवाने, भूमि मुआवजा, परिमार्जन, अतिक्रमण तथा अन्य जनसुविधाओं से संबंधित विषय प्रमुख रूप से शामिल रहे। जनता दरबार में मदनपुर बाईपास निवासी सुभाष रंजन सिन्हा एवं अन्य द्वारा अवार्ड पारित होने के बावजूद मुआवजे की राशि का भुगतान नहीं होने के संबंध में आवेदन प्रस्तुत किया गया। मदनपुर निवासी विजय कुमार सिंह द्वारा मदनपुर बाईपास हेतु भूमि अधिग्रहण की भूमि पर अतिक्रमण किए जाने एवं रात्रि में पेड़ काटे जाने के संबंध में शिकायत दर्ज कराई गई। देव निवासी अमरेश कुमार सिंह एवं अन्य द्वारा देव सूर्यकुण्ड तालाब को अतिक्रमण मुक्त कराने के संबंध में आवेदन दिया गया। मदनपुर प्रखंड क्षेत्र के बेला निवासी अनिल कुमार द्वारा विद्युत कनेक्शन रद्द किए जाने के संबंध में अपनी समस्या रखी गई। नवीनगर अंचल के पड़रिया निवासी अरविंद कुमार सिंह द्वारा परिमार्जन कर खेसरा चढ़ाने के संबंध में आवेदन प्रस्तुत किया गया। नरारी कलां खुर्द थाना क्षेत्र के मेह भुईया टोली निवासी उषा देवी द्वारा आपदा सहायता राशि का भुगतान नहीं होने के संबंध में आवेदन दिया गया। देव प्रखंड क्षेत्र के केरका निवासी महेश चौहान द्वारा अंचल अधिकारी एवं राजस्व कर्मचारी द्वारा अवैध तरीके से डिमांड खोले जाने के संबंध में शिकायत की गई।

# धान खरीद में अनियमितता को लेकर सहकारिता मंत्री को सौंपा ज्ञापन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिले में पैक्सों एवं व्यापार मंडलों द्वारा धान खरीद में अनियमितता बरते जाने को लेकर पूर्व जिला प्रवक्ता आलोक कुमार सिंह ने सहकारिता विभाग के मंत्री डॉ. प्रमोद कुमार को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में बताया गया है कि इस वर्ष जिले में धान का अच्छा उत्पादन हुआ है। पिछले वर्ष पैक्सों और व्यापार मंडलों के माध्यम से दो लाख सैंतीस हजार मीट्रिक टन धान की खरीद हुई थी, जबकि सरकारी आंकड़ों के अनुसार कुल उत्पादन ग्यारह लाख साठ हजार मीट्रिक टन से अधिक था। इसके कारण किसानों को लगभग नौ लाख पचास हजार मीट्रिक टन धान कम कीमत पर बाजार में बेचने को मजबूर होना पड़ा। बताया गया है कि वर्तमान में बिहार में पैक्स और व्यापार मंडल सहित एक सौ चौरासी क्रय केंद्र कार्यरत हैं, जहां प्रति केंद्र केवल एक लॉट यानी चार सौ तेईस क्विंटल खरीद का लक्ष्य तय है। जबकि किसान पिछले पंद्रह दिनों से धान की कुटाई कर रहे हैं और भंडारण की समस्या झेल रहे हैं। मांग की गई है कि सभी क्रय केंद्रों पर कम से कम चार-चार लॉट निर्धारित कर सरकार द्वारा तय समर्थन मूल्य दो हजार तीन सौ उनहत्तर रुपये प्रति क्विंटल की दर से खरीद सुनिश्चित की जाए। ज्ञापन में देव नगर पैक्स का उदाहरण देते हुए बताया गया है कि सुदी बिगहा और सरब बिगहा के किसानों से दो हजार एक सौ रुपये प्रति क्विंटल की दर से धान खरीदने का दबाव बनाया गया, जबकि धान गुणवत्ता के मानकों पर खरा था। मोनो कुटाई मशीन से अड़सठ प्रतिशत चावल निकला और नमी केवल एक प्रतिशत पाई गई, फिर भी धान नहीं उतारा गया। अंत में मांग की गई है कि सभी पैक्सों और व्यापार मंडलों को सक्रिय कर मानक के अनुरूप धान खरीद सुनिश्चित की जाए, ताकि किसानों के हितों की रक्षा हो सके।

## सड़क हादसे में बाइक सवार दो युवक जख्मी

**मसौढ़ी।** पटना गया डोभी रोड में पुनपुन थाना क्षेत्र के सममनचक गांव के पास शनिवार की अलहे सुबह तकरीबन 3:00 बजे बाइक पर सवार दो युवक गंभीर रूप में जख्मी हो गए हैं जख्मी युवकों की पहचान अजय कुमार पिता शैलेश मांझी चिहूट थाना परसा बाजार जबकि दूसरा जख्मी गोलू कुमार पिता संजीवन मांझी चिहूट परसा बाजार का निवासी है। दोनों घायलों को पीएमसीएच भेजा गया है थानाध्यक्ष बेबी कुमारी ने बताया कि पुनपुन थाना के पेट्रोलिंग गाड़ी जब पटना गया रोड में सम्मनचक गांव के पास से गुजर रही थी तो दो व्यक्ति को पूरी तरह से जख्मी हालत में सड़क के किनारे दिखे एवं एक मोटरसाइकिल क्षतिग्रस्त अवस्था में देखा गया दोनों व्यक्ति की सांस चल रही थी, तो तत्काल पुलिस पदाधिकारी ने उसे इलाज हेतु अस्पताल पुनपुन लाया गया जिसे गंभीर स्थिति को देखते हुए पीएमसीएच पटना रेफर कर दिया गया पुलिस बल के साथ उसे पीएमसीएच पटना ले जाया गया।

# अखंड भारत की संस्कृति की रक्षा में अहिल्याबाई का अनमोल योगदान : हरेन्द्र



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**वाराणसी।** अखंड भारत में सनातन दर्शन को बचाने में जहां महाराणा प्रताप, गुरु गोविन्द सिंह जी महाराज और वीर शिवाजी का महान योगदान रहा है, वहीं भारत की संस्कृति तथा उसके चैतन्य को बचाने में अलग-अलग कालखंड में नारी शक्ति का भी महत्वपूर्ण योगदान रहा है और उनमें लोकमाता अहिल्याबाई का नाम प्रथम पंक्ति में शामिल है। उनसे पहले मीराबाई ने भारतीय संस्कृति और उनके बाद लक्ष्मीबाई ने भारतीय सुराज की पुर्नस्थापना में बहुमूल्य योगदान दिया। बहादुर शाह जफर के साथ बेगम जीनत महल ने भी भारत की अखंडता को अक्षुण्ण रखने में अविस्मरणीय योगदान दिया था। ये विचार विशिष्ट वक्ता हरेन्द्र प्रताप ने कल महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ के अंतर्गत महामना मदन मोहन मालवीय हिन्दी पत्रकारिता संस्थान एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय शोध पीठ के सौजन्य से शिक्षा संकाय में अहिल्याबाई पर आयोजित संगोष्ठी में व्यक्त किये। अन्य प्रमुख वक्ताओं में जयप्रकाश नारायण विश्वविद्यालय, छपरा के पूर्व कुलपति डॉ. हरिकेश सिंह, आगरा स्थित केंद्रीय हिंदी संस्थान के प्रोफ़ेसर डॉ. उमापति दीक्षित और महामना मदन मोहन मालवीय पत्रकारिता संस्थान के निदेशक डॉ. नागेन्द्र कुमार सिंह ने अहिल्याबाई होलकर के योगदान को अविस्मरणीय बताया तथा मंदिरों, घाटों तथा धर्मशालाओं के जीर्णोद्धार में उनके सहयोग को उस कालखंड की साहसिक घटना बताया। इस कार्यक्रम का आधार विंधेश्वरी ग्रामोत्थान संस्थान, अमेठी और भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय के सहयोग से तैयार किया गया था जिसमें समापन समारोह में जयप्रकाश नारायण विश्वविद्यालय, छपरा के पूर्व कुलपति डॉ. हरकेशर सिंह ने मुख्य अतिथि और भारत सरकार के एम एस एम ई मंत्रालय के पूर्व संयुक्त निदेशक तथा वरिष्ठ पत्रकार-लेखक हरेन्द्र प्रताप सिंह ने विशिष्ट अतिथि की भूमिका निभाई। मुख्य वक्ता के रूप में केंद्रीय हिन्दी संस्थान, आगरा के प्रोफ़ेसर डॉ. उमापति दीक्षित तथा बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय की प्रोफ़ेसर डॉ. अनुराधा सिंह ने अहिल्याबाई होलकर के जीवन और उनके चिरस्मरणीय योगदान पर प्रकाश डाला। मंच संचालन धैर्य जायसवाल ने किया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने अहिल्याबाई के जीवन पर एक प्रभावी नाटक का मंचन किया।

# अनाथालय पहुंच कर पेश की इंसानियत की मिसाल




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**प्रतापगढ़।** शुकुलपुर सदर स्थित बाबा राम उदित सेवा संस्थान द्वारा संचालित अनाथ/परित्यक्त बच्चों के लिए बनाए गए आश्रय स्थल (अनाथालय) में शनिवार को साहित्यकार अधिवक्ता एवं प्रबंधक अनिल प्रताप त्रिपाठी ने पहुंचकर मानवता की एक अनूठी मिसाल पेश की। संस्थान पहुँच कर त्रिपाठी ने बच्चों के लालन-पालन की व्यवस्थाओं को देखते हुए संस्थान द्वारा चलाए जा रहे इस नेक मुहिम की भूरि-भूरि प्रशंसा की। उन्होंने बच्चों के बेहतर भविष्य के लिए आवश्यक सामग्री प्रदान किया। अनिल प्रताप त्रिपाठी ने संस्थान को आश्वस्त करते हुए कहा कि आप अपने आपको अकेला न समझें आज से इस संस्थान में पलने वाला कोई भी बच्चा अनाथ नहीं रहेगा। इसमें हमसे जो भी सहयोग हो सकेगा हम वह निश्चित रूप से समय-समय पर करते रहेंगे। इस अवसर पर सांय 4 बजे शहर में स्थित होटल सिद्धार्थ में काव्य संध्या का भी आयोजन किया गया।

काव्य संध्या की शुरुआत कवियत्री मीरा तिवारी की वाणी वंदना से हुई। और उन्होंने पढ़ा ल्लसाथ जबसे मिला तुम्हारा है,हमने सबसे किया किनारा है ,वहीं गजेंद्र सिंह विकट ने पढ़ा मुबारक हो तुमको जनम दिन तुम्हारा सदा फूल सा मुस्कुराते रहो, युवा कवयित्री चाँदनी दुबे ने भी पढ़ा ल्लएक दिन कुछ यूँ तेरे दिल में उतर जाऊँगी मैं आईने की तरह टूटूँगी और बिखर जाऊँगी मैं और इसी क्रम में कार्यक्रम के संयोजक रहे नियाज़ हसन प्रतापगढ़ी ने भी पढ़ा, आप का जन्म दिन मनाने को, चाँद तारे फ़लक से आये हैं।

# छापेमारी में फरार वारंटी गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** मुफस्सिल थाना क्षेत्र के नेहुटा गांव से पुलिस ने लंबे समय से फरार एक वारंटी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार वारंटी की पहचान उस गांव निवासी मनोज सिंह के रूप में हुई है। थानाध्यक्ष अशोक कुमार ने बताया कि गिरफ्तार मनोज सिंह के खिलाफ न्यायालय से वारंट निर्गत था। वह काफी लंबे समय से फरार चल रहा था। सूचना पर उसके घर पर छापेमारी कर उसे गिरफ्तार किया गया। इसके बाद आवश्यक कार्रवाई के उपरांत न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

## सांख्यिकी पदाधिकारी को मिला शिक्षा पदाधिकारी का प्रभार

**मसौढ़ी।** मसौढ़ी में प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी के पद पर मसौढ़ी प्रखंड के सांख्यिकी पदाधिकारी श्री कुमार को प्रभार दिया गया है जो शनिवार को बीआरसी कार्यालय में पहुंचकर अपना पदभार संभाला है। दरअसल प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी का पद पिछले 10 दिनों से अधिक दिनों से रिक्त पड़ा हुआ था, जिसकी वजह से शिक्षा कार्यालय में कई तरह के कार्यों में बाधा पहुंच रहे थे, शिक्षकों की सेवा पुस्तिका से लेकर कई तरह के कार्यों में परेशानी हो रही थी, ऐसे में शनिवार को प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी के रूप में श्री कुमार ने अपना योगदान दिया है जिसे कार्यालय में सभी उपस्थित कर्मियों ने बुके और फूल देकर स्वागत किया। मौके पर लेखाकर्मी, प्रमोद कुमार, रंधीर कुमार, खुशबू कुमारी आदि उपस्थित थे।

# अंग्रेजी शराब के साथ दो सप्लायर गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** झारखंड से मसौढ़ी के आसपास के क्षेत्र में अंग्रेजी शराब लाकर सप्लाई करने की लगातार मिल रही इनपुट के आधार पर शनिवार को मसौढ़ी एक्साइज पुलिस ने घेर कर दो शराब सप्लायर को अंग्रेजी शराब के साथ दबोचा है। दरअसल शनिवार को पटना सिंगरौली ट्रेन से जैसे ही अंग्रेजी शराब लेकर सप्लायर ट्रेन से उतरा उसी वक्त एक्साइज पुलिस से उसे नदवा में रंगे हाथ दबोच लिया। गिरफ्तार युवक में दीपक कुमार पिता बबलू पासवान दोस्त मोहम्मदपुर धनरूआ का निवासी है, इसके पास से कुल 20 बोतल बियर शराब को जप्त की गई है। वहीं यह पूछताछ पर बताया कि वह परसा ले जाने की तैयारी में था, वही दूसरे बोगी से अरविंद चौधरी बडीहा धनरूआ का रहने वाला है जिसके पास से कल 18 पीस विभिन्न कंपनियों की अंग्रेजी शराब को जप्त किया गया है। एक्साईज सुपरिंटेंडेंट संजय कुमार चौधरी ने बताया कि लगातार ट्रेनों के जरिए झारखंड से अंग्रेजी शराब की सप्लाई की जा रही है। ज्यादातर मसौढ़ी धनरूआ एवं पुनपुन में अंग्रेजी की शराब की सप्लाई की जा रही है। सभी झारखंड से आने वाली ट्रेनों में लगातार पुलिस की जांच चल रही है ऐसे में शनिवार को दो शराब सप्लायर को कल 38 बोतल विभिन्न कंपनियों के बीयर और अंग्रेजी शराब को जब्त किया गया है।

## तोड़ी गई शराब की भठ्ठियां

**मसौढ़ी।** ऑपरेशन देसी शराब के खिलाफ चलाए जा रहे हैं। अभियान के दौरान शनिवार को लहसुना थाना क्षेत्र के बदरोई गांव में आहार पहन के किनारे बना रहे दो दर्जन से अधिक शराब की भठ्ठियों को ध्वस्त किया गया है। जहां तकरीबन 1000 जावा महुआ चुलाई शराब को नष्ट किया गया है। लहसुन्ना थानाध्यक्ष खुशबू खातून ने बताया कि लगातार बदरोई गांव से शराब बनाने की सूचना मिल रही थी हालांकि कई बार वहां पर ऑपरेशन देसी शराब चलकर भठ्ठियां तोड़ी गई थी।ऐसें में शनिवार को भी वृहद पैमाने पर शराब भठ्ठीयां को धवस्त करते हुए जावा महुआ को नष्ट किया गया है।

# लोक अदालत में 1581 वादों का निष्पादन, तीन करोड़ 56 लाख से अधिक का कराया समझौता

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिला मुख्यालय स्थित व्यवहार न्यायालय एवं दाउदनगर में शनिवार को आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में 1581 वादों का निष्पादन किया गया। इस क्रम में तीन करोड़ 56 लाख 95 हजार 504 रूपये का समझौता कराया गया। मोटर दुर्घटना से संबधित कुल 3 वादों में 26.25 लाख रूपये का समझौता कराया गया। परिवारिक मामले के 31, आपराधिक सुलहनीय मामले से संबधित 278 वाद, चेक बाउंस के एक मामले में 8 लाख 51 हज़ार का समझौता हुआ। इसके साथ-साथ अनुमंडल पदाधिकारी के न्यायालय से संबधित 594 वाद, टेलीफ़ोन 01 तथा बैंक ऋण से संबधित 673 मामलों का निस्तारण करते हुए कुल तीन करोड़ 22 लाख 17 हजार 154 रूपये पक्षकारों को राहत दिया गया। सर्वप्रथम लोक अदालत का शुभारंभ जिला जज राजकुमार, जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा एवं पुलिस अधीक्षक अम्बरीष राहुल, परिवार न्यायालय के न्यायाधीश अरूण कुमार, जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव तान्या पटेल, जिला विधि संघ के अध्यक्ष विजय कुमार पाण्डेय, अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष संजय कुमार सिंह अन्य न्यायाधीशों द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह जिला विधिक सेवा प्राधिकार के अध्यक्ष राज कुमार ने कहा कि प्राधिकार द्वारा किये जाने वाले सभी गतिविधियों में लोक अदालत का आयोजन महत्वपूर्ण स्थान रखता है। लोक अदालत का आयोजन न्यायालय में मनाया जाने वाला एक पर्व की अवसर की तरह होता है। जिला जज द्वारा लोक अदालत के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा गया कि वर्षों पुराने विवाद को आज के दिन दरकिनार करते हुए निस्तारण करने की जरूरत है। जिलाधिकारी सह प्राधिकार की उपाध्यक्ष अभिलाषा शर्मा ने कहा कि वैकल्पिक विवाद समाधान के लिए लोक अदालत बहुत ही अच्छी मुहिम है और न्यायिक प्रक्रिया के



लिए एक अच्छी पहल है। जैसा कि हम कहते हैं कि विलंब से मिला न्याय न्याय नहीं होता इसलिए लोक अदालत में तुरंत ही मामलों का निस्तारण हो जाता है। पुलिस अधीक्षक अम्बरीष राहुल ने कहा कि कई बार प्रशासन द्वारा किये गये कार्यों से एक पक्ष नाराज होता है। नाराजगी सहने का हमलोगों का स्वभाव बना गया है, फिर भी किस प्रकार से व्यवस्था कायम किया जाए इसपर प्रशासन जरूर ध्यान केन्द्रित करेगा। उन्होंने कहा कि पूरे शहर में सबसे अधिक जाम रमेश चैक और आस-पास के क्षेत्रों में लगता है और यत्र-तत्र बाइक लगाने से न सिर्फ न्यायिक कार्य प्रभावित होता है बल्कि औरंगाबाद के समस्त जनता को इससे परेशानी होती है। उन्होंने कहा कि जहां तक राष्ट्रीय लोक अदालत का सवाल है यह व्यवस्था काफी सफल रहा है और जितना ज्यादा लोक अदालत में वाद का निस्तारण होता है उतना ही न्यायालय और प्रशासन का बोझ कम होता है। कार्यक्रम में आगंतुकों का स्वागत अभिभाषण जिला विधिक सेवा प्राधिकार की सचिव तान्या पटेल द्वारा किया गया। अंत में धन्यवाद ज्ञापित करते हुए मुख्य न्यायिक दण्डधिकारी लाल बिहारी पासवान ने राष्ट्रीय लोक अदालत के आयोजन में अबतक किये सभी के सहयोग के लिए धन्यवाद दिया गया। इस राष्ट्रीय लोक अदालत में पारिवारिक मामलों के निस्तारण में इस जिला अपने ही पुराने रिकार्ड को तोड़ते हुए नया कीर्तिमान स्थापित किया है। लोक अदालत के दौरान स्वास्थ जांच शिविर का आयोजन विधिक सेवा सदन में किया गया था जिसमे सुगर, विपी, हिमोग्लोविन के साथ साथ चिकित्सीय जांच और दवा का वितरण किया गया। इस दौरान न्यायिक पदाधिकारीगण, अधिवक्तागण बैंक, बीमा के पदाधिकारीगण अन्य विभागों के पदाधिकारीगण तथा वादकारीगण उपस्थित रहें। लोक अदालत के आयोजन को सफल बनाने में प्राधिकार के उप प्रमुख विधिक रक्षा परामर्श प्रणाली अभिनन्दन कुमार, सहायक विधिक रक्षा प्रणाली अधिवक्ता रंधीर कुमार और चन्दन कुमार मिश्रा, कर्मी सुनील कुमार सिंह, संजय कुमार, टेक्निकल, अर्पणा सहाय, सुनील कुमार सिन्हा, सहयोगी नवरतन कुमार, बिरजा प्रजापति, मो अनजारुल हक, गीता कुमारी, कुंदन कुमार सहित सभी अर्धविधिक स्वयं सेवकों की भूमिका भी सराहनीय रही।

### जिलाधिकारी ने समाहरणालय की सभी शाखाओं का किया औचक निरीक्षण

# तत्परता व जवाबदेही के साथ करें कार्य : अभिलाषा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा द्वारा शनिवार को समाहरणालय केसभी शाखाओं का औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान उनके द्वारा जिला आपदा शाखा, जिला लोक शिकायत निवारण शाखा, जिला स्थापना शाखा, जिला भू अर्जन शाखा, जिला राजस्व शाखा, जिला सामान्य शाखा, जिला निर्वाचन शाखा, जिला आपूर्ति शाखा, जिला पंचायती राज शाखा, ग्रामीण विकास अभिकरण तथा अन्य कार्यालयों का क्रमशः निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने प्रत्येक शाखा के कर्मचारियों से परिचय प्राप्त किया और उनके कार्यालय संबंधित कार्यों की विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने कर्मचारियों को निर्देशित किया कि



सभी कार्यों को शीघ्र, प्रभावी और पारदर्शी ढंग से निष्पादित किया जाए और जनता को समयबद्ध सेवाएं प्रदान की जाएं। जिलाधिकारी ने कार्यालयों में कामकाज की गुणवत्ता, रिपोर्टिंग की सटीकता, आवश्यक दस्तावेजों के अद्यतन और शिकायत निवारण प्रक्रिया की प्रभावशीलता की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि समाहरणालय के प्रत्येक शाखा का उद्देश्य जनता को उत्कृष्ट सेवाएं प्रदान करना है और सभी कर्मचारी अपने-अपने कार्यों में तत्परता एवं जवाबदेही के साथ कार्य करें। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त अनन्या सिंह, अपर समाहर्ता अनुग्रह नारायण सिंह, अपर समाहर्ता (आपदा) उपेंद्र पंडित, अपर समाहर्ता (जिला लोक शिकायत निवारण) जयप्रकाश नारायण, अपर समाहर्ता (विशेष शाखा) तथा अन्य जिला स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# ग्राम सभा में स्वच्छताग्रही और चालक की बहाली पर चर्चा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** देव प्रखंड के ग्राम पंचायत हसौली में शनिवार को ग्राम सभा का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता मुखिया ललिता देवी ने की। ग्राम सभा में वर्ष 2024-25 की योजनाओं का अनुमोदन और वर्ष 2026-27 के लिए जीपीडीपी तैयार करने पर चर्चा की गई। वहीं पंचायत में स्वच्छताग्रही और चालक की बहाली करने का निर्णय लिया गया। ग्राम सभा में लोगों ने विविध मुद्दों पर बात की और पंचायत के विकास में हरसंभव सहयोग करने पर सहमति जताई। मौके पर मुखिया प्रतिनिधि वीरेंद्र यादव, पंचायत सचिव योगेन्द्र सिंह, किसान सलाहकार शैलेंद्र कुमार, स्वच्छताकर्मी संगीता देवी, अरुण कुमार यादव, वार्ड सदस्य प्रदीप कुमार रजक, ग्रामीण वीरेंद्र सिंह, लाखदेव वर्मा, जीतू मेहता, गोपाल यादव, बटुक मेहता, सुदामा ठाकुर, पर्यवेक्षक मनीष कुमार, रंजू कुमारी आदि मौजूद रहे।



# औरंगाबाद में दो लाख लोगों को बनाया जायेगा जदयू का सदस्य

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** औरंगाबाद जिले में जदयू दो लाख लोगों को पार्टी की सदस्यता ग्रहण कराएगी। इसकी शुरुआत शनिवार को शहर के सम्राट अशोक भवन से की गई। यहां जिले के दोनों जदयू विधायक रफीगंज से नवनिर्वाचित प्रमोद कुमार सिंह एवं नवीनगर से चेतन आनंद का अभिनंदन सह आभार कार्यक्रम आयोजित किया गया था। साथ ही सदस्यता अभियान (2025 से 2028) की शुरुआत की गई। विधायक प्रमोद कुमार सिंह ने कहा कि बिहार विधानसभा चुनाव जीतने के बाद जिले के सभी कार्यकर्ताओं की आज इस कार्यक्रम में उपस्थित दर्ज हुई है। इसमें सभी कार्यकर्ताओं को भी सम्मानित किया गया क्योंकि यह



जीत कार्यकर्ताओं की जीत है। विधायक ने कहा कि बिहार के विकास पुरुष मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को जनता ने इस बार भारी बहुमत से चुनाव जीताकर यह साबित कर दिया कि उन्हें केवल विकास करने वाला ही नेता चाहिए। वहीं विधायक चेतन आनंद ने कहा कि हर तीन साल पर पार्टी के द्वारा सदस्यता ग्रहण अभियान चलाया जाता है जिससे पार्टी को मजबूती मिलती है और सभी सक्रिय लोग इसमें शामिल होते हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष धर्मेन्द्र सिंह एवं मंच संचालन मुमताज अहमद जुगनू ने किया। मौके पर जदयू के प्रदेश सचिव विश्वनाथ सिंह आदि उपस्थित थे।

# एससी-एसटी एक्ट सहित अन्य मामलों में 31 लोग गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** पुलिस ने विशेष अभियान चलाकर पिछले 24 घंटों में अलग-अलग मामलों में 31 आरोपितों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक अम्बरीश राहुल के नेतृत्व में जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में की गई जिसमें आवश्यक कार्रवाई के उपरांत 15 अभियुक्तों को जेल भेज दिया गया। एससी-एसटी एक्ट में 2, हत्या के प्रयास में 2, शराब कांड में 7 एवं अन्य शीर्ष कांड में 20 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इस दौरान 384.30 लीटर देसी शराब, 9.50 लीटर विदेशी शराब, 4 बाइक, एक मोबाइल एवं साईबर पुलिस द्वारा 173884 रूपये नकद बरामद किया गया है। जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में 1130 वाहनों की जांच की गई जिसमें 69500 रूपये बरामद किया गया है। इसके अलावा 27 वारंट निष्पादन किया गया। 1 कुर्की वारंट निष्पादन किया गया है। पुलिस अधीक्षक अम्बरीष राहुल की माने तो जिले में शराब व खनन कारोबार के साथ-साथ अन्य अपराध पर लगाम लगाने में किसी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस जद में जो भी पकड़े जाएंगे, उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएंगी। उन्होंने लोगों से अपील की है कि किसी के पास भी नशा तस्करी से जुड़ी कोई भी सूचना हो तो पुलिस से साझा करें सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा।

# पंजीकृत राइस मिलों का होगा भौतिक सत्यापन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 अंतर्गत धान अधिप्राप्ति की जिला स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक समाहरणालय के सभाकक्ष में जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित की गयी। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा किसानों से अधिप्राप्त धान एवं किसानों के भुगतान की समीक्षा की गई एवं अधिक से अधिक निबंधन हेतु जिला कृषि पदाधिकारी संदीप राज एवं जिला सहकारिता पदाधिकारी को निदेशित किया गया। जिला में निबंधित राइस मिलों के भौतिक सत्यापन हेतु जांच दल के पदाधिकारियों को अविलम्ब जांच कार्य पूर्ण करने का निदेश दिया गया ताकि पैक्सों के साथ मिलों का

## जांच दल का किया गया गठन




सम्बद्धता की जा सके। सभी संबंधित को किसानों की समस्याओं का तत्काल समाधान हेतु सार्थक प्रयास करने एवं किसानों का धान क्रय करने हेतु निदेश दिये गये। जिलाधिकारी द्वारा स्पष्ट किया कि गत वर्ष जिन समितियों एवं राईस मिलों ने अच्छा कार्य किया है उन्हें प्रोत्साहित किया जाय। राज्य खाद्य निगम के कार्यो की समीक्षा के क्रम में निदेश दिया गया कि विभागीय मार्गदर्शन के आलोक में राईस मिलों की क्षमता को देखते हुए पैक्सों के साथ राईस मिलों की टैगिंग का प्रस्ताव तैयार करें। इस कार्य में जिला सहकारिता पदाधिकारी आवश्यक सहयोग प्रदान करेंगें। जिला पंचायती राज पदाधिकारी-सह-नोडल पदाधिकारी (अधिप्राप्ति) को अधिप्राप्ति संबंधित कार्यों का सतत अनुश्रवण हेतु निदेश दिया गया। बैठक में उप विकास आयुक्त अनन्या सिंह, जिला पंचायती राज पदाधिकारी इफ्तेखार अहमद, सदर अनुमण्डल पदाधिकारी संतन कुमार सिंह, दाउदनगर के अनुमंडल पदाधिकारी, जिला सहकारिता पदाधिकारी, जिला कृषि पदाधिकारी, जिला सांख्यकी पदाधिकारी, राज्य खाद्य निगम के जिला प्रबंधक एवं सहकारिता विभाग से संबंधित जिला सहकारिता बैंक के अध्यक्ष एवं सभी सभी सहकारिता प्रसार पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# अखिल भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा का आयोजन



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, औरंगाबाद में शनिवार को अखिल भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा (आचार्य हेतु) का सफल आयोजन किया गया। इस परीक्षा में विद्यालय के सभी वरिष्ठ आचार्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया, जो भारतीय संस्कृति के प्रति उनकी गहन निष्ठा को दर्शाता है। परीक्षा के विभिन्न स्तरों में प्रवेशिका में 15, मध्यमा में 19, उत्तमा में 32 कुल 66 आचार्य सम्मिलित हुए। सभी स्तर पर 100 प्रश्न पूछे गये थे। इस परीक्षा का उद्देश्य अपनी भारतीय परंपराओं, रीति-रिवाजों एवं सांस्कृतिक मूल्यों से बालक और समाज को अवगत कराना है।

# उत्साहपूर्ण माहौल में मनाया गया बिहार कारा दिवस

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** मंडल कारा, औरंगाबाद में शनिवार को बिहार कारा दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। उल्लेखनीय है कि बिहार जेल मैनुअल 2012, 12 दिसंबर 2012 को लागू हुआ था, इसी उपलक्ष्य में प्रतिवर्ष बिहार कारा दिवस मनाया जाता है। इस अवसर पर बंदियों के लिए विभिन्न खेलकूद एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत अधिकारियों द्वारा कारा दिवस के महत्व और जेल सुधार की अवधारणा पर प्रकाश डालते हुए की गई। इसके बाद वॉलीबॉल,




दौड़ प्रतियोगिता, चम्मच-बॉल रेस, अंताक्षरी तथा म्यूज़िकल चेयर जैसी प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं, जिनमें बंदियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिताओं के बाद विजेता प्रतिभागियों को मेडल और ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया गया। वहीं महिला बंदियों के बीच शॉल और स्कार्फ का वितरण किया गया जिससे कार्यक्रम में उल्लास का वातावरण देखने को मिला। इसअवसर पर बंदियों एवं कारा कर्मियों के लिए विशेष आहार की व्यवस्था भी की गई थी। कारा अधीक्षक डॉ दीपक कुमार ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम बंदियों के मानसिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक विकास में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं तथा उन्हें सकारात्मकता की ओर प्रेरित करते हैं। मंडल कारा प्रशासन द्वारा आयोजित यह कार्यक्रम अत्यंत सफल रहा और पूरे परिसर में उत्साह, सहभागिता और सौहार्दपूर्ण वातावरण बना रहा। कार्यक्रम में उपाधीक्षक सरोज कुमार, प्रोबेशन पदाधिकारी वंदना कुमारी एवं तृप्ती कुमारी, सहायक अधीक्षक भूषण कुमार तथा संजीव कुमार सहित अन्य कारा कर्मी उपस्थित रहे। उपाधीक्षक के धन्यवाद ज्ञापन के साथ समारोह का समापन हुआ।

# त्रिविक्रम नारायण सिंह ने किया हर घर स्वदेशी, घर-घर स्वदेशी अभियान का शुभारंभ

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** आत्मनिर्भर भारत अभियान के अंतर्गत हर घर स्वदेशी, घर-घर स्वदेशी अभियान का शुभारंभ औरंगाबाद सदर विधायक त्रिविक्रम नारायण सिंह द्वारा किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम संयोजक सुबोध कुमार सिंह और अशोक कुमार पांडे उपस्थित रहे। साथ ही औरंगाबाद विधानसभा क्षेत्र के सभी मंडल अध्यक्ष अनूप कुमार मिश्रा, मनोज कुमार सिंह, सुधीर कुमार, संजय गुप्ता, नीलम देवी, राजू विद्यार्थी, पिंटू साहिल और अमित गुप्ता सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता



मौजूद थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए त्रिविक्रम नारायण सिंह ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री ने देशवासियों से प्राकृतिक अनुकूल उत्पादों के उपयोग, देश के पर्यटन स्थलों को प्राथमिकता देने तथा युवाओं और बच्चों को स्वदेशी अपनाने के लिए प्रेरित करने का आह्वान किया है। इसी संकल्प के साथ भारतीय जनता पार्टी के सभी कार्यकर्ताओं ने स्वदेशी के महत्व को जन-जन तक पहुंचाने का निर्णय लिया है। इस अवसर पर सुजीत कुमार सिंह, उज्ज्वल कुमार सिंह, जिला प्रवक्ता एवं पूर्व युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष अभिषेक बसु, विवेक कुमार, रामरूप सिंह, सुनील कुमार सिंह और भरत सिंह ने भी स्वदेशी अपनाने और आत्मनिर्भर बनने का संकल्प लिया। वक्ताओं ने कहा कि सभी मंडलों में पदयात्रा के माध्यम से लोगों को जागरूक किया जाएगा और स्वदेशी उत्पादों को अपनाने के लिए प्रेरित किया जाएगा। कार्यक्रम में यह संदेश दिया गया कि स्वदेशी और आत्मनिर्भरता के संकल्प के साथ बिहार आगे बढ़ेगा और देश प्रगति करेगा।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा नवबिहार टाइम्स प्रिंटिंग प्रेस, ग्रोथ सेंटर, बियाडा, जसोइया, औरंगाबाद (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**

नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com

**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865

**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269

# लॉर्ड बुद्धा फाउंडेशन स्कूल में कार्यशाला का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिला मुख्यालय स्थित लॉर्ड बुद्धा फाउंडेशन स्कूल के प्रांगण में शनिवार को शिक्षकों के शैक्षणिक विकास हेतु एक दिवसीय कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य शिक्षण गुणवत्ता को और अधिक सुदृढ़ करना तथा शिक्षकों को आधुनिक, प्रभावी और विद्यार्थी केंद्रित शिक्षण पद्धतियों से अवगत कराना था। कार्यक्रम की शुरुआत लॉर्ड बुद्धा ग्रुप ऑफ स्कूल्स के चेयरमैन डॉ. धनंजय कुमार, निदेशक सर्वेश कुमार, विद्यालय के प्राचार्य अमित कुमार सोनी, कार्यशाला की रिसोर्स पर्सन डॉ. तान्या घोष, प्रबंधक राकेश कुमार तथा इंद्र कुमार द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर निदेशक सर्वेश कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि लॉर्ड बुद्धा फाउंडेशन स्कूल कभी भी अनुशासन, संस्कार और शिक्षा की गुणवत्ता से समझौता नहीं करता। उन्होंने कहा कि शिक्षक केवल विषय पढ़ाने वाले नहीं होते बल्कि वे बच्चों के लिए आदर्श होते हैं। बच्चे अपने शिक्षकों के आचरण, भाषा, सोच और व्यवहार से गहराई से प्रभावित होते हैं। इसलिए शिक्षकों का व्यक्तित्व, अनुशासन और सकारात्मक दृष्टिकोण बच्चों के सर्वांगीण




विकास में निर्णायक भूमिका निभाता है। उन्होंने इस बात पर विशेष बल दिया कि शिक्षक यदि स्वयं सीखने के लिए सदैव तत्पर रहें, समय के साथ स्वयं को अपडेट करें और बच्चों को प्रेम, धैर्य एवं समझदारी के साथ मार्गदर्शन दें तो शिक्षा के उत्कृष्ट परिणाम स्वतः सामने आते हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि आने वाले समय में संस्था बच्चों को और भी बेहतर, आधुनिक तथा मूल्यपरक शिक्षा प्रदान करेगी। वहीं चेयरमैन डॉ. धनंजय कुमार ने कहा कि आज की शिक्षा का उद्देश्य केवल पाठ्यक्रम पूरा करना नहीं बल्कि बच्चों के कोमल मन को उनकी भाषा, स्तर और रुचि के अनुसार समझाकर उन्हें सीखने के लिए प्रेरित करना है। उन्होंने कहा कि एक संवेदनशील और सजग शिक्षक ही बच्चों में आत्मविश्वास, नैतिकता और सकारात्मक सोच विकसित कर सकता है। लगभग चार घंटे तक चली इस कार्यशाला में रिसोर्स पर्सन डॉ. तान्या घोष ने शिक्षकों को बाल मनोविज्ञान, प्रभावी शिक्षण तकनीक, कक्षा प्रबंधन तथा सीखने को रुचिकर बनाने के व्यावहारिक तरीकों पर विस्तृत मार्गदर्शन दिया। उन्होंने बताया कि शिक्षक किस प्रकार विद्यार्थियों की रुचि और सीखने की शैली को ध्यान में रखते हुए पढ़ाई को सरल, रोचक और परिणामोन्मुख बना सकते हैं। कार्यक्रम में विद्यालय के लगभग 70 शिक्षक उपस्थित रहे। सभी शिक्षकों ने कार्यशाला को अत्यंत उपयोगी, ज्ञानवर्धक और प्रेरणादायक बताया। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के कोऑर्डिनेटर संजीत कुमार ने अत्यंत कुशलता एवं प्रभावशाली ढंग से किया। अंत में विद्यालय प्रबंधन की ओर से सभी अतिथियों, वक्ताओं एवं शिक्षकों के प्रति आभार व्यक्त किया गया। यह कार्यशाला शिक्षकों के व्यावसायिक विकास के साथ-साथ विद्यालय की शैक्षणिक गुणवत्ता को नई दिशा देने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल सिद्ध हुई।